# समृद्धि न्यूज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 23
लखनऊ, रविवार 21 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सीएम योगी का नाम सुनकर कांपते हैं अपराधी : ब्रजेश पाठक 03

मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति फेज-5 का किया वर्चुअल शुभारंभ 10


### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति-5.0 का किया शुभारंभ, एसओपी की पुस्तिकाओं का भी विमोचन

# नारी सम्मान को बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

**1647 थानों में मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** लखनऊ में शनिवार को लोक भवन सभागार में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति-5.0 का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर 1,647 थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन किया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और मंत्री बेबी रानी मौर्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नारी गरिमा और उसके सम्मान को आगे बढ़ाने के लिए पिछले 11 वर्षो में केन्द्र की मोदी सरकार कार्य कर रही है। उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी योजनाओं के केन्द्र में महिला हैं। पुलिस में महिलाओं की भर्ती की गयी है। 2017 से पहले की सरकारों में भेदभाव होता था। चेहरे देख कर योजनाओं का लाभ दिया जाता था। आज सरकार बिना भेदभाव के बेटियों के विवाह के लिए एक लाख रुपये की सहायता दे रही है। बैंकिंग करस्पांडेट सखी की योजना शुरू की गयी थी। उनके माध्यम से हजारों करोड़ का लेनदेन हो रहा है। वे खुद भी कमाई कर रही हैं। 17 के पहले पोषाहार की स्कीम के साथ शराब के ठेकेदार जुड़े थे। धांधली होती थी। टीएचआर प्लांट लगाया। नीयत ठीक तो योजनाएं खुद रास्ता निकाल लेती हैं। पहले महिलाओं की सुरक्षा का खतरा बना रहता था। बेसिक स्कूलों में पढ़ने वाली बच्चियों के पैर में न चप्पल थी और न सर्दी में पहनने को स्वेटर थे। एक बच्ची ने बताया कि उसके लिए जूते और स्वेटर नहीं है लेकिन उसके भाई के लिए अभिभावक ने सारी चीजें व्यवस्था की है। जब समाज समृद्ध होता है तो राष्ट्र को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता। आपने देखा होगा, महिला संबंधी अपराध में संलिप्त अपराधी बाहर से आया था। वह संभवतः मारीच की तरह घुसा था लेकिन जब यहां की पुलिस की गोली ने उसके शरीर को छलनी किया तो वह चिल्ला रहा था कि मैं गलती से उत्तर प्रदेश की सीमा में आ गया हूं, आगे से यूपी नही आऊंगा। यह हर उस अपराधी को करना पड़ेगा जो महिला सुरक्षा में सेंध लगाएगा। उनके सम्मान और उनके स्वावलंबन में बाधक बनेगा। इस मौके पर मंत्री बेबी रानी मौर्य, वरिष्ठ नेता महेन्द्र सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, लालजी प्रसाद निर्मल के साथ ही मुख्य सचिव दीपक कुमार, डीजीपी राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव गृह एवं सूचना संजय प्रसाद मौजूद रहे।

**अपराध करने वालों को मिलेगी कठोर सजा : केशव मौर्य**

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साढ़े आठ साल में यूपी की जनता के बीच यह भरोसा कायम हो गया है कि यदि कोई अपराध करेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होगी। प्रदेश की बहन बेटियों को भरोसा दिलाता हूं कि हमारी सरकार के प्रति बने उनके विश्वास को टूटने नहीं दिया जाएगा। आज हर थाने में महिला पुलिस मौजूद है। कोई रावण माता सीता का हरण करेगा तो लंका दहन हो जाएगा। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि पीएम मोदी की सोच को धरातल पर उतारने के लिए 2017 से उत्तर प्रदेश में कार्य किया जा रहा है। 2017 से पहले प्रदेश के हालात समान्य नहीं थे। हमें अच्छी तरह याद है कि शाम पांच बजे तक बेटी घर नहीं आती थी तो मां परेशान होती थी। तत्कालीन सरकार गुण्डों के साथ खड़ी थी। आज कानून व्यवस्था इतनी सख्त है कि अपराधी गले में तख्ती लेकर घूमते नजर आ रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने गोमती पुस्तक महोत्सव का भी किया उद्घाटन**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय मनीषा के ज्ञान की अवधारणा बहुत विराट है। भारतीय मनीषा ने शब्द को ब्रह्म माना है, ब्रह्म ही सत्य है। भारतीय ऋषि कहते हैं कि ब्रह्म से उत्पन्न विचार कभी समाप्त नहीं हो सकते हैं। अच्छी पुस्तकें हमारी सबसे अच्छी साथी हैं। अच्छी पुस्तक सदैव योग्य पथ-प्रदर्शक बनकर जीवन को आगे बढ़ाने में सहायक होती है। हमें सामूहिक रूप से पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। प्रदेश के युवा स्मार्टफोन पर समय देने के बजाय केवल 01 घण्टा रचनात्मक पुस्तकों को दें, तो उनका जीवन अधिक सकारात्मक और कल्याणकारी होगा। मुख्यमंत्री आज यहां लखनऊ विश्वविद्यालय में गोमती पुस्तक महोत्सव के चतुर्थ संस्करण का उद्घाटन करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक मेला 20 से 28 सितम्बर, 2025 तक लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। इसमें पुस्तक प्रेमियों के महाकुम्भ को देखने का अवसर प्राप्त होगा। इस अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को कम से कम एक पुस्तक अवश्य खरीदनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत की वैदिक परम्परा से जुड़े ऋषियों की अमरगाथा वेदों व उपनिषदों में मिलती है। वैदेह जनकराज की सभा के रत्नों में एक ब्रह्मवेत्ता ऋषि याज्ञवल्क्य थे। उनके ब्रह्म विचारों से राजा जनक अभिभूत थे। ऋषि याज्ञवल्क्य ने अपने आत्मज्ञान से समाज को भी लाभान्वित किया था। याज्ञवल्क्य ऋषि की दो पत्नियां मैत्रेयी और कात्यायनी थीं।

## अनेक चुनौतियों के बावजूद हमारा भारत अखंड, एकजुट और मजबूत

एजेंसी



**बीकानेर।** उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने शनिवार को बीकानेर में कहा कि आज हमारे प?ोसी देश घोर अस्थिरता के दौर से गुजर रहे हैं, लेकिन कई आंतरिक और बाह्य चुनौतियों के बावजूद हमारा भारत अखंड, एकजुट और मजबूत है। इसका श्रेय हमारे संविधान तथा संविधान निर्माताओं को जाता है, जिसमें बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण रही है।

सीजेआई गवई महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में आयोजित संविधान निर्माण के 75 वर्ष और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की भूमिका विषयक सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। मुख्य न्यायाधीश गवई ने कहा कि देश का संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। इसे लागू हुए हाल ही में 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं और हम संविधान का अमृत महोत्सव आयोजित कर रहे हैं। यह संविधान बनाने में बाबा साहेब की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण थी। उनके योगदान को इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के संविधान ने वन पर्सन, वन वोट, वन वेल्यू का अधिकार दिया। वे सामाजिक और आर्थिक समानता के पक्षधर थे। गवई ने कहा कि भारत का संविधान युद्ध और शांतिकाल में देश को एक सूत्र में बांधने वाला है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि 75 वर्ष का समय लम्बा नहीं होता, लेकिन फिर भी इस दौर में हमारे देश ने बहुत प्रगति की है। हमारी विधायिका, न्यायपालिका और कार्यपालिका ने बेहतर कार्य करते हुए राष्ट्र को और सशक्त किया है। आज देश के वंचित वर्ग के लोग आगे आए हैं। देश के सर्वोच्च पदों पर इस तबके के लोग और महिलाओं को बैठने का मौका हमारे संविधान ने दिया है। देश के हर कौने में सड़क, पानी, बिजली और शिक्षा जैसे सुविधाएं पहुंची हैं।

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,12,300/ |
| 22 कैरेट | = | 10,2950/ |
| 18 कैरेट | = | 84,260/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,35,000/ |



## खेलते समय तीन बहनों की डूबकर मौत

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** तीन चचेरी बहनों की शनिवार की शाम पानी भरे गड्ढे में डूबने से मौत हो गई। तीनों घर से खेलने के लिए निकली थीं। पुल को लेकर खोदे गए पानी से भरे गड्ढे में तीनों डूब गईं।

मामला कोतवाली इलाके का है। मसीहाबाद के कोड़री में सुरेश कुमार निषाद परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो भाई मायाराम और ननके हैं। सुरेश की बेटी प्रियांशी (7) अपने चाचा ननके की बेटी लक्ष्मी (7) और दिव्या मायाराम (7) के साथ शनिवार शाम पांच बजे घर के पास खेलने गई थी। खेलते-खेलते तीनों चित्तौरा में बन रहे पुल के लिए जेसीबी से खोदे गए गड्ढे के पास पहुंची। गड्ढे में पानी भरा था। अचानक तीनों गड्ढे में गिर गईं। आसपास काम कर रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया। तीनों बहनों को बचाने के लिए लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन पानी अधिक होने के चलते तीनों का कोई पता नहीं चला। देहात कोतवाली पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों को बाहर निकलवाया। सभी को मेडिकल कालेज भेजा गया। यहां उन्हें मृत घोषित कर दिया। बच्चियों के प्रियांशी के पिता सुरेश कुमार निषाद ने बताया- तीनों बच्चियां शाम को खेलने के लिए घर से निकली थीं। चितौरा के पास पुल बना रहा है। उसमें इस्तेमाल होने वाली मिट्टी के लिए जेसीबी से गड्ढे खोदे गए हैं। बारिश से उसमें पानी भरा हुआ है। उसी में बच्चियों डूब गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब एक दर्जन बच्चे गड्?ढे में नहा रहे थे। इस दौरान तीनों बच्चियां भी वहां पहुंच गईं और नहाने लगीं। अचानक वह डूबने लगीं। बच्चे शोर मचाते हुए बाहर भागे। परिजनों को सूचना दी। आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े। परिजन भी आ गए। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद तीनों बच्चियों को बाहर निकाला। एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

एक ही परिवार की तीन बच्चियों की मौत से गांव में कोहराम मच गया। सूचना पर सदर विधायक के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, एएसपी सिटी रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी पहुंप सिंह, एसडीएम सदर पूजा चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। एसडीएम पूजा चौधरी ने बताया कि तीन बच्चियों के डूबने की सूचना पर उन्हें अस्पताल लाया गया था। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों की आर्थिक मदद की जाएगी।

### पी.बी. बजनथ्री नियुक्त किए गए पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**पटना।** पटना उच्च न्यायालय को स्थायी मुख्य न्यायाधीश मिल गया हैं। केंद्र सरकार ने उच्चत्तम न्यायालय कालेजियम की अनुशंसा को मंजूरी देते हुए न्यायाधीश पी.बी. बजनथ्री को पटना उच्च न्यायालय का नियमित मुख्य न्यायाधीश नियुक्त कर दिया है। वे 27 अगस्त 2025 से कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के रूप में दायित्व संभाल रहे थे। इस नियुक्ति के बाद बजनथ्री पूर्णकालिक मुख्य न्यायाधीश के रूप में पटना उच्च न्यायालय के न्यायिक प्रशासन का नेतृत्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बिपुल एम. पंचोली के उच्चतम न्यायालय में पदोन्नत होने के बाद यह पद रिक्त हो गया था। इसके बाद से ही जस्टिस बजनथ्री कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश के तौर पर जिम्मेदारी निभा रहे थे। जस्टिस पी.बी. बजनथ्री का जन्म 23 अक्टूबर 1963 को कर्नाटक में हुआ।

## भाजपा विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर को छह माह का कारावास

**आचार संहिता व कोविड उल्लंघन में एमपी/एमएलए कोर्ट ने सुनाया फैसला**

समृद्धि न्यूज



विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर

**फर्रुखाबाद।** भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर को आचार संहिता के मामले में दोषी पाये जाने पर अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह ने छः माह का कारावास व तीन हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया व कोविड महामारी में एक माह का कारावास दो सौ रुपए का अर्थदंड से दंडित किया।

चौकी प्रभारी आनंद शर्मा ने 29 जनवरी 2022 को भाजपा के भोजपुर विधानसभा के विधायक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया गया मैं चौकी प्रभारी सि0ला0 कोतवाली फतेहगढ़ अपनी चौकी क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे, तभी समय करीब 1:45 बजे दोपहर में मैने देखा कि भारतीय जनता पार्टी के भोजपुर विधानसभा के प्रत्याशी नागेन्द्र सिंह राठौर अपने 8-10 समर्थकों के साथ 2 गाड़ियों में बैठकर आये। जिसमें एक गाडी पर विधायक लिखा था और उसमें पार्टी का झण्डा भी लगी हुआ था। एनआईसी गेट तक आ गये और नामांकन कक्ष गये, जबकि नियम ये है कि कोई भी प्रत्याशी नामांकन कक्ष से 200 मीटर तक कोई भी प्रत्याशी गाड़ी लेकर नहीं आयेगा, फिर भी उनके तथा उनके 8-10 अजात समर्थकों द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन व कोविड नियमों का उल्लंघन किया गया। पुलिस ने धारा 188, 169, 171(ग), महामारी अधिनियम की धारा 3 के तहत भोजपुर विधायक व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया था। एपीओ (अभियोजन) जितेंद्र सिंह की कुशल पैरवी के आधार अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एमपी/एमएलए न्यायाधीश ज्ञानेंद्र कुमार सिंह ने विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर को दोषी करार देते हुए धारा 269 में छह माह के साधारण कारावास व 3 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। वहीं महामारी की धारा 3 में दोषी करार देते हुए एक माह का कारावास व 200 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना अदा न करने पर एक माह के साधारण कारावास भोगना होगा। सभी सजाये एक साल चलेगी। जेल में बितायी गई अवधि को सजा में समायोजित की जायेगी। साथ ही धारा 171(ग) सहपठित की धारा 171(च) के आरोप से दोषमुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

**दिल्ली के कई स्कूलों को बम की धमकी, तलाशी अभियान जारी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के कई स्कूलों को शनिवार सुबह बम की धमकी मिली जिसके बाद पुलिस तथा बम निरोधक दस्तों ने स्कूल पहुंच कर तलाश अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्कूलों को धमकियां मिली उनमें द्वारका में स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), कृष्णा मॉडल पब्लिक स्कूल और सर्वोदय विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ते और पुलिस दल परिसरों में पहुंचे और एहतियात के तौर पर छात्रों व कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ''हम परिसरों की गहन जांच कर रहे हैं।

**पूर्व विधायक नवरंग सिंह जाखड़ का निधन**

**जयपुर ।** राजस्थान के झुंझुनूं जिले में नवलगढ़ विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक नवरंग सिंह जाखड़ का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। वह करीब 87 वर्ष के थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री जाखड़ की अचानक तबीयत खराब होने के बाद शुक्रवार देर रात निधन हो गया।

**ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए जूनियर हॉकी महिला टीम की घोषणा**

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को ज्योति सिंह की अगुवाई में आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 23 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा की। इस दौरे पर भारतीय जूनियर महिला टीम 26 सितंबर से दो अक्टूबर तक कैनबरा के राष्ट्रीय हॉकी केंद्र में कुल पांच मैच खेलेगी। पहले तीन मैच ऑस्ट्रेलिया जूनियर महिला टीम के खिलाफ तथा बाद के दो मैच ऑस्ट्रेलिया की हॉकी वन लीग की क्लब टीम कैनबरा चिल के साथ होंगे। यह श्रृंखला दिसंबर में चिली के सैंटियागो में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2025 से पहले भारतीय टीम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**'विकसित यूपी विजन-2047' पर कार्यशाला का शुभारंभ आज**

**गोरखपुर।** महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के तत्वावधान में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर के ऑडिटोरियम में रविवार (21 सितंबर) को 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश-2047' पर एक कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी करेंगे। अकादमिक और व्यावहारिक सत्र में विषय विशेषज्ञ के रूप में मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार डॉ. केवी राजू उपस्थित रहेंगे।

## लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में तैनात सात अफसरों के कार्यक्षेत्र बदले

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ में तैनात सात अपर पुलिस आयुक्त और सहायक पुलिस आयुक्तों को इधर से उधर किया है।

पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर ने ममता रानी चौधरी को अपर पुलिस उपायुक्त/पुलिस उपायुक्त मध्य को पुलिस उपायुक्त महिला अपराध, किरन यादव को अपर पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय से अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, गोपीनाथ सोनी को अपर पुलिस उपायुक्त लखनऊ को अपर पुलिस उपायुक्त अपराध, मुख्यालय बनाया गया है।

जितेंद्र कुमार दूबे को अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी से अपर पुलिस उपायुक्त मध्य भेजा गया है। डा. अमोल मुरकूट को सहायक पुलिस आयुक्त/अपर पुलिस उपायुक्त बीकेटी से अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी, अमित कुमावत को अपर पुलिस उपायुक्त अपराध से अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी और ज्ञानेंद्र सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात से सहायक पुलिस आयुक्त बीकेटी की जिम्मेदारी दी गई है।


### इस साल का आखिरी सूर्यग्रहण आज

**भोपाल।** आश्विन मास की अमावस्या पर रविवार 21 सितंबर को इस साल का दूसरा और आखिरी सूर्यग्रहण होने जा रहा है, लेकिन इस ग्रहण को पृथ्वी के सीमित जनसंख?या वाले स्थानों से ही देखा जा सकेगा। यह ग्रहण भारतीय समयानुसार रविवार देर रात 10 बजकर 59 मिनट 43 सेकेंड से आरंभ होगा और मध्यरात्रि के बाद 3 बजकर 23 मिनट 45 सेकंड पर समाप्त होगा। इस समय भारत में रात होगी, इसीलिए यह सूर्यग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा। इस ग्रहण को न्यूजीलैंड के साथ आस्ट्रेलिया के ईस्टर्न कोस्ट की एक पतली स्ट्रिप तथा अंटार्टिका के भागों में देखा जा सकेगा।

## छुट्टा जानवरों की समस्या नहीं दूर कर सकी भाजपा

**गौशाला का चारा बेचकर घोटाला कर रहे हैं भाजपा के लोग**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छुट्टा जानवर, अन्ना पशुओं की समस्या के समाधान के लिए योगी सरकार ने देश के प्रधानमंत्री से भी आश्वासन दिलवा दिया था, सोचिए डबल इंजन क्या कर रहा है। गौशाला में भी बड़े पैमाने पर गौमाता की जान जा रही है।

भाजपा के लोग गौशाला के लिए आने वाला चारा बेचकर घोटाला कर रहे हैं। उनका दूध और गोबर बेंच रहे हैं। जब गायों की मौत हो जाती है तो उन्हें वहीं गड्ढा खोदकर दफना दे रहे हैं। यह गंभीर आरोप समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने लगाए हैं। अखिलेश यादव शनिवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि जो हाल गायों का है वही नदियों का है। नदियों के लिए जारी होने वाला बजट साफ हो गया, नदियों की हालत वैसी ही है। बजट साफ हो गया लेकिन नदियां साफ नहीं हुई। हमारे आदिवासी भाइयों के अधिकारों की भी अनदेखी हो रही है। उन्होंने कहा कि हिमालय बचाने की बात समाजवादियों ने सबसे पहले की। हिमालयों को बचाया नहीं जा रहा, उनमें डायनामाइट लगाकर सड़कें बनाई जा रही है। जबसे भारतीय जनता पार्टी आई है, लखनऊ के सब तालाबों पर बिल्डिंग बन गई हैं। सपा अध्यक्ष ने जीरो टॉलरेंस को खोखला करार देते हुए कहा कि एनकाउंटर दिखावा है।

### रेलयात्रियों को अब 14 रुपए में मिलेगा एक लीटर 'रेल नीर'


**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे बोर्ड ने यात्रियों को राहत देते हुए बोतलबंद पेयजल 'रेल नीर' और अन्य शॉर्टलिस्टेड ब्रांडों की अधिकतम खुदरा कीमत घटाने का निर्णय लिया है। रेलवे मंत्रालय के शनिवार को जारी वाणिज्यिक परिपत्र के अनुसार, एक लीटर वाली पानी की बोतल की कीमत अब 15 से घटाकर 14 रुपये और आधा लीटर वाली बोतल की कीमत 10 रुपये से घटाकर 9 रुपये कर दी गई है। यह संशोधित दरें न केवल 'रेल नीर' पर बल्कि रेलवे स्टेशन परिसर और ट्रेनों में उपलब्ध अन्य शॉर्टलिस्टेड ब्रांडों की पैकेज्ड वाटर बोतलों पर भी लागू होंगी।

**सौगात**

**प्रधानमंत्री मोदी ने भावनगर में 34,200 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन**

## विश्व की शांति व स्थिरता के लिए भारत का आत्मनिर्भर होना जरूरी

एजेंसी



**भावनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि विश्व की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश भारत को आत्मनिर्भर बनना ही होगा। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आत्मनिर्भरता को सबसे बड़ा मंत्र मानना होगा।


प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के भावनगर में 'समुद्र से समृद्धि' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर 34,200 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल भावनगर का नहीं, बल्कि पूरे भारत की दिशा तय करने वाला है। मोदी ने कहा, 140 करोड़ देशवासियों का एक ही संकल्प होना चाहिए-चिप (सेमीकंडक्टर) हो या शिप (जहाज), हमें भारत में ही बनाने होंगे। आत्मनिर्भर होने के अलावा भारत के पास कोई विकल्प नहीं है। हम दूसरों पर आश्रित रहेंगे तो हमारा आत्मसम्मान भी चोटिल होगा। भावी पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। उन्होंने कहा कि आज भारत समुद्री क्षेत्र में भी नेक्स्ट जेनरेशन सुधारों की ओर बढ़ रहा है। सरकार ने बड़े जहाजों को आधारभूत संरचना का दर्जा देकर इस क्षेत्र को मजबूती देने का ऐतिहासिक कदम उठाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया में भारत का कोई बड़ा दुश्मन नहीं है। सच्चे अर्थों में अगर हमारा कोई दुश्मन है तो वह है दूसरे देशों पर हमारी निर्भरता। यही हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है और हमें मिलकर इसे खत्म करना होगा। जितनी ज्यादा विदेशी निर्भरता, उतनी ही ज्यादा देश की विफलता। 50 साल पहले तक हमारा 40 प्रतिशत व्यापार भारतीय जहाजों पर होता था, लेकिन कांग्रेस की गलत नीतियों से भारत का जहाज निर्माण उद्योग ध्वस्त हो गया। आज स्थिति यह है कि सिर्फ 5 प्रतिशत व्यापार ही भारतीय जहाजों पर होता है और बाकी 95 प्रतिशत के लिए हमें विदेशी जहाजों पर निर्भर रहना पड़ता है।

**सौ दुखों की एक ही दवाई है और वह है आत्मनिर्भर भारत**

मोदी ने जोर देकर कहा कि आत्मनिर्भर भारत ही सभी समस्याओं का समाधान है। उन्होंने कहा, सौ दुखों की एक ही दवाई है और वह है आत्मनिर्भर भारत। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कांग्रेस की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि भारत में सामर्थ्य की कभी कोई कमी नहीं रही, लेकिन कांग्रेस ने हमेशा देश के सामर्थ्य को नजरअंदाज किया। आजादी के छह-सात दशक बाद भी भारत वह सफलता हासिल नहीं कर पाया जिसका वह हकदार था। कांग्रेस ने लंबे समय तक देश को लाइसेंस राज में उलझाए रखा और वैश्विक बाजारों से अलग-थलग रखा। जब वैश्वीकरण का दौर शुरू हुआ तो उसने केवल आयात पर भरोसा किया और उसमें भी हजारों करोड़ रुपये के घोटाले किए। इन नीतियों ने हमारे युवाओं को नुकसान पहुंचाया। मोदी ने कहा कि भारत सदियों से विश्व की एक बड़ी समुद्री ताकत रहा है। भारतीय तटीय राज्यों में बने जहाज दुनिया भर के व्यापार को गति देते थे।

## भारत और अमेरिका हवाई टिकटों की कीमतों में हुआ भारी इजाफा

एजेंसी



**हैदराबाद/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वीज़ा शुल्क में वृद्धि और कंपनियों द्वारा 24 घंटे के भीतर अमेरिका में रहने की समय-सीमा तय करने से प्रवासी भारतीयों में हड़कंप मच गया। हैदराबाद, दिल्ली, बेंगलुरु और न्यूयॉर्क के हवाई टिकटों की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई हैं। ट्रंप की घोषणा के बारे में जानने के बाद जो लोग अमेरिका जा रहे थे, वे विमान से उतर गए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एच1बी वीज़ा शुल्क को एक लाख डॉलर तक बढ़ाने की घोषणा ने प्रवासी भारतीयों के जीवन को उथल-पुथल कर दिया। नए शुल्क 21 सितंबर से लागू होंगे। वहां की टेक कंपनियों ने विदेशी कर्मचारियों को साफ़ कर दिया है कि उन्हें तब तक अमेरिका पहुंच जाना चाहिए। इसी के साथ प्रवासी भारतीय समय सीमा से पहले अमेरिका जाने की जल्दी में हैं। नतीजतन, हवाई टिकटों की मांग अचानक बढ़ गई है। कीमतें दोगुनी हो गई हैं। राष्ट्रीय मीडिया में ऐसी खबरें हैं कि विदेश जाने के लिए अमेरिका से उड़ान भरने वाले कई प्रवासी भारतीय ट्रंप की घोषणा के बारे में जानने के बाद विमान से उतर गए हैं। ट्रंप की घोषणा के अनुसार प्रवासी भारतीयों को 21 सितंबर की रात 12.01 बजे तक अमेरिका पहुंचना होगा।

# पीस कमेटी बैठक सम्पन्न, नवरात्रि पर्व पर दिए गए विशेष दिशा-निर्देश

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

थाना खमरिया में शनिवार को आगामी नवरात्रि पर्व को लेकर शांति एवं सौहार्द नारी सुरक्षा और स्वावलंबन का नया अध्याय : मिशन शक्ति-5.0 का भव्य शुभारंभ हुआ।

पूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने की।




बैठक में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों, संभ्रांत नागरिकों व गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। इस अवसर पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना, शोभायात्रा तथा विसर्जन से संबंधित व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। थाना प्रभारी ने साफ तौर पर कहा कि सभी आयोजन परंपरा एवं मर्यादा के अनुरूप सम्पन्न होने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पर्व के दौरान किसी प्रकार की अफवाह, गलत गतिविधि या असामाजिक तत्वों को बढ़ावा न मिले। थाना प्रभारी निरीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मूर्ति स्थापना से लेकर विसर्जन तक पुलिस प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था रहेगी, परंतु स्थानीय लोगों का सहयोग भी उतना ही आवश्यक है।

बैठक में सावन माह के दौरान हुई कांवड़ यात्रा का विशेष उल्लेख हुआ। थाना प्रभारी ने कहा कि खमरिया क्षेत्र में सावन के आयोजन अनुशासन और भाईचारे की मिसाल बने। यहां की व्यवस्थाएं अन्य क्षेत्रों से बेहतर रहीं और पूरे माहौल में शांति व श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

ग्राम प्रधानों और उपस्थित संभ्रांत जनों ने भी अपने विचार रखे। सभी ने नवरात्रि जैसे बड़े पर्व पर पुलिस-प्रशासन को पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस दौरान लोगों ने थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय की निष्पक्षता और न्यायप्रियता की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली क्षेत्र में विश्वास और सौहार्द कायम रखने में सहायक है।

## भीरा में दुर्गा पूजा पर पुलिस सख्त

▸ करीब 55 गांवों में होगा नौ दिवसीय जागरण, अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी



बिजुआ खीरी। नवरात्र और दुर्गा पूजा को देखते हुए भीरा थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह ने की। थानाध्यक्ष ने कहा कि सभी लोग त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं। उन्होंने साफ किया कि मंदिरों व पूजा पंडालों में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे। मां की प्रतिमा पूर्व की भांति उन्हीं स्थानों पर स्थापित की जाएंगी। लाउडस्पीकर की आवाज निर्धारित सीमा में रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने या सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी। किसी भी समस्या पर तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की गई। बैठक में लाइट, पानी और साफ-सफाई जैसे इंतज़ामों पर भी चर्चा हुई। जानकारी के अनुसार इस वर्ष भीरा थाना क्षेत्र की करीब 55 ग्राम सभाओं में नौ दिवसीय जागरण का आयोजन होगा। बैठक में थाना स्टाफ, ग्राम पंचायतों के जागरण आयोजक व क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कक्षा आठ की टीम ने रोमांचक मुकाबले में तीन रन से दर्ज की जीत



मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज। रोहन लाल मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा 7 और 8 के छात्रों के बीच आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में कक्षा 8 की टीम ने रोमांचक जीत दर्ज की। मैच का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक दिनेश कुमार मास्टर ने किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कक्षा 8 की टीम ने निर्धारित 8 ओवरों में 57 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी कक्षा 7 की टीम 54 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और तीन रन से मुकाबला हार गई। मैन ऑफ द मैच का खिताब अमन राज को मिला, जिन्होंने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और बल्लेबाजी में 8 रन भी बनाए। मैच में अंपायर की भूमिका मितान राज और रामचंद्र राज ने निभाई। इस अवसर पर ग्राम प्रधान नीरज कश्यप ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिकेत कुमार, शिवम मिश्र और अमित कुमार भी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### बिना हेलमेट व ओवरलोड वाहनों पर चला अभियान, 20 से अधिक ई-चालान

**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।** नकहा चौकी प्रभारी गौरव कुमार ने शनिवार को यातायात नियम तोड़ने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। उच्च अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर विकासखंड नकहा ब्लॉक के सामने बैरिकेटिंग लगाकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बिना हेलमेट बाइक सवारों और ओवरलोड बस चालकों पर सख्ती बरतते हुए मौके पर 20 से अधिक ई-चालान किए गए। चौकी प्रभारी गौरव कुमार ने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। कार्यवाही में दीवान सुधीर कुमार, कांस्टेबल जितेंद्र यादव, कांस्टेबल नील कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

### डेढ़ साल बाद भी रहस्य बना अंशू हत्याकांड

**मितौली (खीरी), समृद्धि न्यूज।** थाना मितौली क्षेत्र के गांव पकरिया (जलालपुर) की मासूम अंशू की हत्या का राज आज तक नहीं सुलझ सका है। घटना को एक वर्ष छह माह बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस जांच अब भी अधूरी है। सवाल यह है कि आखिर मासूम की हत्या किसने और क्यों की थी। गौरतलब है कि 2 अप्रैल 2023 की शाम करीब चार बजे गांव निवासी अनूप कुमार भार्गव की छह वर्षीय पुत्री अंशू घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गई थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन बच्ची का कोई पता नहीं चला। अगले दिन 3 अप्रैल की शाम करीब सात बजे उसका शव गांव के किनारे झाड़ियों में बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बच्ची के शरीर पर चोटों के निशान पाए गए थे, जिससे साफ था कि उसकी हत्या की गई थी। मगर अब तक इस गुत्थी का कोई सुराग नहीं लग पाया है। इस घटना के खुलासे के प्रयास में पुलिस ने गांव के ही पड़ोसी आशाराम को थाने में पूछताछ के लिए बुलाया था। लेकिन थाने में ही उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप था कि पुलिस हिरासत में पिटाई से आशाराम की जान गई। इस घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने लखीमपुर-मैगलगंज मार्ग पर कई घंटे तक जाम लगाकर हंगामा किया था। काफी समझाने-बुझाने के बाद जाम खुला। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट न होने पर बिसरा सुरक्षित कर दिया गया था और आशाराम के पुत्र की तहरीर पर तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ अभियोग भी पंजीकृत किया गया था। इसके बावजूद अंशू की हत्या और आशाराम की मौत दोनों ही मामले आज भी रहस्य बने हुए हैं। न तो हत्यारे का खुलासा हो सका है और न ही पुलिस हिरासत में हुई मौत की गुत्थी सुलझ पाई है। जब इस मामले में क्षेत्राधिकारी मितौली जितेंद्र सिंह परिहार से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण की जांच अभी जारी है और अब तक कोई अभियुक्त प्रकाश में नहीं आया है। जांच पूरी होने के बाद शीघ्र ही खुलासा किया जाएगा।

### किसानों की भाषा में सूचना की मांग, अंग्रेजी गन्ना पर्ची से हो रही परेशानी

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गन्ना किसानों ने गन्ना पर्चियों और एसएमएस को लेकर महत्वपूर्ण मांग उठाई है। उनका कहना है कि मिल प्रबंधन और गन्ना विभाग द्वारा भेजी जाने वाली गन्ना पर्ची, एसएमएस और अन्य जरूरी सूचनाएँ अंग्रेजी में होती हैं। अधिकांश किसान अंग्रेजी पढ़ने-समझने में सक्षम नहीं हैं, जिससे गन्ना पर्ची लगाने और समय पर जानकारी प्राप्त करने में कठिनाई होती है। किसानों का कहना है कि यदि सभी सूचनाएँ हिंदी में उपलब्ध कराई जाएं तो वे बिना किसी परेशानी के समय पर जानकारी ले सकेंगे और अपने काम सही समय पर निपटा पाएंगे। सूर्यप्रसाद वर्मा सहित कई किसानों ने बताया कि वे और उनके जैसे हजारों किसान अंग्रेजी भाषा की वजह से असुविधा झेलते हैं। इसका असर न केवल जानकारी लेने में देरी पर पड़ता है बल्कि गन्ना पर्ची से जुड़े कामकाज में भी बाधा आती है। किसानों ने जिला गन्ना अधिकारी और बजाज हिन्दुस्तान शुगर मिल प्रबंधन से आग्रह किया है कि उनकी सुविधा को देखते हुए गन्ना पर्ची, एसएमएस और अन्य लेखा-जोखा अब हिंदी में उपलब्ध कराए जाएं। इस संबंध में उन्होंने जिला गन्ना अधिकारी/सचिव को प्रार्थना पत्र भी सौंपा है और जल्द कार्रवाई की उम्मीद जताई है। किसानों का कहना है – जब किसान हिंदी में आसानी से पढ़ सकते हैं, तो अंग्रेजी में पर्ची देने की क्या जरूरत है? सरकार और मिल प्रबंधन को किसानों की भाषा में ही सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए।

### फर्जी पैन कार्ड बनवाने की शिकायत, डीएम से की गई कार्रवाई की मांग

**गोला गोकर्णनाथ (खीरी), समृद्धि न्यूज।** ग्राम मगरा सलेमपुर देहात निवासी भोलाराम पुत्र पूर्व प्रसाद ने फर्जीवाड़े और मोबाइल नंबर के दुरुपयोग की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपा है। भोलाराम ने बताया कि गंगा धाव यादव निवासी गोपी पहलवान, आजादपुरा, अतितपुर ने उनके PAN नंबर BEKTPY468V1 का गलत इस्तेमाल कर पैन कार्ड बनवाया है। उन्हें इसकी जानकारी 13 सितंबर 2025 को सुबह 11 बजे मिली। इस संबंध में जब उन्होंने टॉल फ्री नंबर 1930 पर संपर्क किया तो उन्हें 7839864685 नंबर पर बात करने के लिए कहा गया। प्रार्थी ने आशंका जताई है कि उनके मोबाइल नंबर का दुरुपयोग कर धोखाधड़ी की जा सकती है। उन्होंने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। भोलाराम ने कहा कि मेरे मोबाइल नंबर का किसी भी तरह से दुरुपयोग न हो, इसके लिए प्रशासन तुरंत कदम उठाए।

# राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

▸ हिंदुत्व व संस्कृति की रक्षा के लिए कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला स्तरीय बैठक शनिवार को ग्राम सभा अयोध्यापुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश कनौजिया ने की। अपने संबोधन में जिला अध्यक्ष कनौजिया ने कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए सामाजिक समरसता जरूरी है। उन्होंने आह्वान किया कि जात-पात और ऊंच-नीच से ऊपर उठकर सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करना चाहिए। जब हम एक होंगे, तभी नेक रह पाएंगे, उन्होंने कहा। साथ ही धार्मिक आयोजनों में बाधा डालने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और संगठन की सक्रियता बढ़ाने की बात कही।

बैठक में संगठन विस्तार को लेकर नगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने कहा कि प्रत्येक



पदाधिकारी कम से कम पांच सदस्यों की समिति गठित करें, जिससे संगठन की जड़ें गांव-गांव तक मजबूत की जा सकें। जिला महामंत्री प्रदीप जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अनुज वर्मा, मंडल अध्यक्ष गोल्ड मिश्रा सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और गौ माता, मठ-मंदिरों की रक्षा को संगठन का परम कर्तव्य बताया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह चौहान, गौ रक्षक सोनू बजरंगी, विनोद कुमार, राजीव कुमार चौहान, विनय कुमार, अंकित सिंह, मिथुन, प्रदीप कुमार, धर्मेंद्र कुमार राज, मालता प्रसाद, उपेंद्र पटेल, देवेंद्र राज, अंकुल वर्मा, शिवम श्रीवास्तव, विशाल श्रीवास्तव, डॉक्टर विनोद कुमार यादव, करन सिंह, विक्रम सिंह, लोकराम, सर्वेश यादव समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्पंदन नर्सिंग होम में आज लगेगा निःशुल्क आईवीएफ शिविर

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

▸ गंगा लक्ष्मी आईबीएफ का प्रयास - लखीमपुर की निःसंतान दंपतियों को मिलेगा नया जीवन, अस्पताल ने बढ़ाया मदद का हाथ



निःसंतान दंपतियों के लिए उम्मीद की किरण लेकर स्पंदन नर्सिंग होम, डॉन बॉस्को कॉलेज के पास आज रविवार को निःशुल्क आईवीएफ शिविर आयोजित किया जा रहा है। यह पहल गंगा लक्ष्मी आईबीएफ की ओर से की गई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि यह शिविर न केवल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास है, बल्कि समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारी और सेवा भाव का प्रतीक भी है।

इस शिविर में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निश्शुल्क परामर्श, संतानहीनता संबंधी जाँच और निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान अनुभवी और भरोसेमंद आईवीएफ विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो दंपतियों को उचित मार्गदर्शन देंगे।

स्पंदन नर्सिंग होम लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम करता रहा है। इससे पहले भी अस्पताल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर और महिलाओं की जाँच संबंधी कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को लाभ पहुँचाया है। अब आईवीएफ जैसी आधुनिक तकनीक को निश्शुल्क परामर्श के ज़रिये उपलब्ध कराकर अस्पताल ने साबित कर दिया है कि वह समाज की ज़रूरतों के साथ हमेशा खड़ा है। गंगा लक्ष्मी आईबीएफ की विशेषज्ञ टीम का दावा है कि उनके पास अब तक 90 प्रतिशत तक सफलता दर रही है और हजारों दंपतियों को संतान सुख मिल चुका है। डॉ. अंजित सिंह ने बताया कि, इस शिविर का मुख्य उद्देश्य उन दंपतियों तक आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ पहुँचाना है, जो लंबे समय से संतान सुख से वंचित हैं। समाज में अभी भी कई परिवार संकोच या आर्थिक कारणों से इलाज नहीं करवा पाते। ऐसे शिविर उन्हें नई उम्मीद और संबल देते हैं। वहीं, डॉ. प्रिया सिंह ने कहा, महिलाओं में निःसंतानता की समस्या तेजी से बढ़ रही है। सही समय पर जाँच और इलाज शुरू किया जाए तो सफलता की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक दंपति इस शिविर का लाभ उठाएँ और अपने जीवन में खुशियों की नई शुरुआत करें।

कई दंपति बताते हैं कि वर्षों तक प्रयास करने के बावजूद संतान सुख न मिलने से वे टूट चुके थे। समाज की तानों और दबाव ने उनके जीवन को और कठिन बना दिया था। लेकिन गंगा लक्ष्मी आईबीएफ के विशेषज्ञों से इलाज करवाने के बाद उन्हें सफलता मिली और अब उनके घर में किलकारियाँ गूंज रही हैं। उनका कहना है कि यह सुविधा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है और उन्होंने नई जिंदगी की शुरुआत पाई है।


# चाकू की नोक पर लाखों की लूट, 16 वर्षीय किशोरी पर हमला

▸ गांव में दहशत का माहौल

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

सहादुल्लानगर चाकू की नोक पर लाखों की लूट, 16 वर्षीय किशोरी पर हमला, गांव में दहशत का माहौल।

थाना क्षेत्र के लालपुर भलुहिया गांव में शुक्रवार की रात नकाबपोश बदमाशों ने आतंक फैलाते हुए बड़ी लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाशों ने चंद्रप्रकाश गुप्ता के घर में धावा बोलकर परिवार को बंधक बना लिया और चाकू की नोक पर लाखों के जेवरात और करीब 80 हजार रुपये नकद लूट लिए। विरोध करने



पर बदमाशों ने घर की 16 वर्षीय पुत्री पर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और उसे बेहोश करने का प्रयास किया।

पीड़िता मंशा देवी ने बताया कि वारदात तड़के करीब तीन से चार बजे के बीच हुई। उनकी पुत्री मनी गुप्ता, जो पढ़ाई के लिए सुबह उठी थी, जैसे ही दरवाजा खोला, नकाबपोश बदमाश अंदर घुस आए। उन्होंने किशोरी पर चाकू से वार किया और कथित रूप से बेहोशी का स्प्रे सुंघाकर गिरा दिया। इसके बाद बदमाशों ने घर की अलमारी और संदूक तोड़कर नकदी, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान लूट लिया। घटना के बाद बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। घटना की भनक लगते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी भाग निकले थे। गांव में हुई इस वारदात से लोगों में दहशत फैल गई है।

ग्रामीणों जितेंद्र सोनी, महबूब अली और निजाम अली ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि रात्रिकालीन गश्त नाम मात्र की रह गई है। कभी-कभार गश्त होने पर भी पुलिस आम ग्रामीणों को संदेह के घेरे में लेकर परेशान करती है, जबकि असली अपराधी खुलेआम वारदात को अंजाम दे रहे हैं। सूचना पर सादुल्लाह नगर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ उतरौला राघवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। गांव में फैले भय को देखते हुए ग्रामीणों ने प्रशासन से प्रभावी कदम उठाने की मांग की है।

# लखीमपुर का बेटा स्पर्श अग्रवाल राष्ट्रीय योग्यता तक पहुंचे

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

▸ लगन व मेहनत से मिली राष्ट्रीय योग्यता, जीएनसी लाइव वेल बना सहारा



जिले के युवा स्पर्श अग्रवाल ने अपनी मेहनत और लगन के दम पर एक बार फिर लखीमपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में चयनित होने का गौरव प्राप्त किया है। स्पर्श अग्रवाल इससे पहले भी कई मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। रिजन लखीमपुर खीरी में तीसरा स्थान, रीजन 2022 लखनऊ में तीसरा स्थान और रीजन 2023 लखनऊ में चौथा स्थान उनके खाते में दर्ज है। लगातार सफलता के बाद अब वे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफर में जीएनसी लाइव वेल उनके लिए मार्गदर्शक और सहारा बनकर खड़ा रहा। वहीं, वाइल्ड वेव्स परिवार ने स्पर्श अग्रवाल को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह लखीमपुर के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

# पुलिस अधीक्षक ने शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिये निर्देश

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा आज दिनांक-19.09.2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में जनसुनवाई के दौरान जनपद के समस्त थाना क्षेत्र से शिकायतें/समस्याएं लेकर आये हुए शिकायतकर्ता/आम-जनों की समस्याओं का अवलोकन कर तत्काल सुनवाई की गई।

प्रत्येक प्रकरण में आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी



निराकरण हेतु निर्देशित किया गया तथा राजस्व सम्बन्धी शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस एवं राजस्व की टीमें गठित कर प्रकरण का स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण अविलम्ब निस्तारण हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## परिवार परामर्श केन्द्र में 11 बिखरते परिवार जुड़े



**लखीमपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।** परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी निरीक्षक सुनीता कुशवाहा व काउंसलरों की टीम ने 20 मामलों में सुलह का प्रयास किया। इसमें 11 दंपति आपसी सहमति से साथ रहने को तैयार होकर विदा हुए। शेष 9 मामलों में से 5 न्यायालय में विचाराधीन होने तथा 4 में मतभेद शेष रहने पर दो सप्ताह बाद पुनः काउंसलिंग हेतु बुलाया गया। परामर्श केन्द्र के माध्यम से पारिवारिक कलह, दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा से जुड़े विवादों को मुकदमों से पहले सुलझाने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# श्री दुःखहरण नाथ मंदिर में श्रीरामकथा शबरी प्रसंग से मिली निष्कपट भक्ति की प्रेरणा

उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।

श्री दुःखहरण नाथ मंदिर परिसर में आयोजित श्री रामकथा प्रवाचक संत सर्वेश जी महराज ने शबरी के प्रसंग पर प्रकाश डाला ।राम कथा में नवधा भक्ति का उपदेश दिया ।शबरी भगवान राम के प्रति अनन्य भक्ति तथा भक्ति के ऊंचे सोपान का प्रतीक है। जीवात्मा,परमात्मा के प्रति निष्ठा का प्रदर्शन करने की सीख,शबरी से मिलता है।राम कथा में प्रस्तुत भजन मेरे झोपडी के भाग्य खुल जायेंगे राम आयेंगे ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

प्रवाचक ने लोगों को भगवान राम के दिखाए गए रास्ते पर चलकर समाज में फैली कुरीतिया को समाप्त किया जा सकता है। राम कथा में शबरी के कुटिया में राम के आगमन पर उन्हें जूठे बेर अर्पण



करती है जिसे भगवान राम सहर्ष स्वीकार करते है। कथा के माध्यम से यह संदेश दिया किनिश्छल,सरलचित और निष्कपट व्यवहार साक्षात प्रभु को अपने पास बुलाने की क्षमता रखता है। संत सर्वेश जी महराज ने बताया कि संतों का सत्संग,कथा प्रसंग प्रेम, अभिमान रहित गुरु भक्ति,सरलता और सबके साथ कपट रहित बर्ताव और राम मंत्र का जाप सहित नवधा भक्ति के मार्ग है। इस अवसर पर चेयरमैन अनूप गुप्त, मनोज कसेरा, राजकुमार, ओम प्रकाश, महेश गुप्त, दीपक चौधरी, शुभम गुप्त और रवींद्र कमलापुरी सहित अन्य श्रद्धालू मौजूद रहे।

## सूचना

मेरा बचत खाता 59001951538 इंडियन बैंक शाखा बिजुआ जनपद खीरी जिसमें मेरा नाम नरेश अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड पर मेरा नाम रामनरेश अंकित है जो की सही है।

**रामनरेश पुत्र शारदा प्रसाद**
**निवासी बलदेव पुरवा मजरा व पोस्ट बिजुआ तहसील गोला जनपद खीरी उत्तर प्रदेश**

# 51 शक्ति पीठों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मठ देवीपाटन

बी पी त्रिपाठी

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के जनपद बलरामपुर के तुलसीपुर क्षेत्र में स्थित श्री देवीपाटन मंदिर न सिर्फ़ उत्तर भारत का एक प्रमुख शक्तिपीठ है, बल्कि हिंदू आस्था और आध्यात्मिक परंपरा का अनुपम प्रतीक भी है। हिमालय की तराई में नेपाल सीमा से सटे इस मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है। यह मंदिर पाटन देवी के नाम से भी प्रसिद्ध है और शारदीय एवं चैत्र नवरात्र में यहाँ देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन व पूजन के लिए पहुँचते हैं।

बताते चलें कि देवीपाटन मंदिर का उल्लेख स्कंद पुराण सहित कई प्राचीन ग्रंथों में मिलता है। मान्यता है कि जब भगवान शिव माता सती के शरीर को लेकर ब्रह्मांड में विचरण कर रहे थे, तब भगवान विष्णु ने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर के अंगों को विभक्त कर 51 शक्तिपीठों की स्थापना की। इसी क्रम में माता सती का दायां कंधा इस स्थान पर गिरा, जिससे यह स्थान शक्तिपीठ के रूप में विख्यात हुआ।

स्थानीय लोककथाओं में यह भी माना जाता है कि त्रेतायुग में भगवान राम के अनुज लक्ष्मण ने इस क्षेत्र में माता की साधना कर विजयश्री प्राप्त की थी। वर्षों से यह मंदिर तांत्रिक साधना, शक्ति उपासना और सनातन संस्कृति का केंद्र बना हुआ है।

देवीपाटन मंदिर का संबंध गोरक्षपीठ से विशेष रूप से जुड़ा है। गोरक्षनाथ परंपरा के संतों ने यहाँ न केवल साधना की, बल्कि



मंदिर की व्यवस्था और पुजारी परंपरा को संगठित किया। गोरक्षनाथ मठ गोरखपुर के महंत ही परंपरागत रूप से देवीपाटन शक्तिपीठ के संरक्षक और मुख्य पुजारी माने जाते हैं। इसी परंपरा के क्रम में वर्तमान में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, जो गोरक्षपीठाधीश्वर हैं, देवीपाटन मंदिर के आध्यात्मिक संरक्षक भी हैं। उनका समय-समय पर यहाँ आना और मंदिर के विकास कार्यों में सहयोग देना इस बात को और मजबूत करता है।

शारदीय नवरात्रि के दौरान देवीपाटन मंदिर का दृश्य अद्भुत होता है। सुबह से देर रात तक मंदिर परिसर में माँ की जयकारों, वैदिक मंत्रोच्चार और ढोल-नगाड़ों की गूंज रहती है। नवदुर्गा पूजन, कन्या भोज, हवन और भंडारे का आयोजन दस दिनों तक चलता है।

मान्यता है कि नवरात्र में यहाँ विधि-विधान से पूजन करने से माँ शक्ति प्रसन्न होकर भक्तों की सभी मनोकामनाएँ पूर्ण करती हैं। संतान प्राप्ति, धन-समृद्धि, रोग-निवारण और जीवन में स्थायी सुख की कामना लेकर आने वाले श्रद्धालु विशेष फल प्राप्त करते हैं। तंत्र साधकों के लिए भी यह शक्तिपीठ विशेष सिद्धि प्रदान करने वाला माना जाता है।

गोरक्षपीठाधीश्वर होने के नाते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का देवीपाटन मंदिर से गहरा आध्यात्मिक और प्रशासनिक रिश्ता है। गोरखपुर मठ की परंपरा के तहत वे इस मंदिर के संरक्षक हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे समय-समय पर यहाँ आकर पूजा-अर्चना करते हैं और विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं। उनके नेतृत्व में मंदिर परिसर में सुविधाओं का विस्तार, श्रद्धालुओं के लिए आवास, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्था में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

नेपाल और उत्तर प्रदेश की सीमा पर स्थित होने के कारण यहाँ भारत ही नहीं, नेपाल के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में आते हैं। नवरात्र के दिनों में तो यहाँ का माहौल भक्तिरस से सराबोर हो जाता है। बलरामपुर, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती सहित दूर-दराज़ के जिलों से आने वाले भक्त रात्रि जागरण, भजन-कीर्तन और अखंड ज्योति के दर्शन के लिए घंटों कतार में खड़े रहते हैं।

देवीपाटन मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि यह उत्तर भारत की सनातन परंपरा, आस्था और लोक संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। यहाँ की पावन धरा, प्राचीन कथाएँ, नवरात्रि का उल्लास और गोरक्षनाथ मठ से जुड़ी परंपरा इसे अद्वितीय बनाती है। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर यहाँ की पूजा-अर्चना से न केवल आत्मिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि भक्तों को माँ शक्ति का विशेष आशीर्वाद भी मिलता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सक्रिय जुड़ाव इस मंदिर को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के साथ-साथ इसकी ऐतिहासिक गरिमा को और प्रखर बना रहा है।

## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज,जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1010/ई.ई.-3/एल.जे.एस. दिनांक- 20.09.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 27.09.2025 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएं दिनांक 27.09.2025 को अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 27.09.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे अधिशासी अभियन्ता , जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्ण विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है। कार्यालय में अवकाश होने की दशा में निविदायें उसी क्रम में समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reboring of 1.5 HP Submersible pump 02 Nos near Shiv Mandir, Nandpuram Colony and near Sri Raju Panday's House Shyam Bihar Colony, Faizullganj II Ward, Lko. | 6600.00 | Rs. 350 | 07 दिवस |
| 2. | Laying & Interconnection of P.V.C. pipe line 90 mm Dia 200 mtr from H.No. 536/2/565 to H.No. 536/2/731 Suman Villa, Hanumant Nagar, Ayodhya das II Ward, Lko | 6900.00 | Rs. 350 | 07 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# दीपोत्सव-2025 की तैयारियां जोरों पर : जयवीर

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग अयोध्या में 18 से 20 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले दीपोत्सव-2025 को भव्य व आकर्षक बनाने की तैयारियों में जुटा है। दीपोत्सव में प्रतिदिन कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं शो आयोजित होंगे।

इस अवसर पर मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन व लेजर शो का भव्य प्रदर्शन होगा, जिसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक दीयों के साथ आधुनिक प्रकाश तकनीकों के संगम से मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य प्रस्तुत करना है। यह शो अयोध्या में सरयू नदी के घाटों पर आयोजित किया जाएगा। 100 से अधिक कलाकार भी लाइव परफॉर्मेंस देंगे। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि दीपोत्सव-2025 में भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन की झलक आधुनिक तकनीक के साथ साकार की जाएगी। पूरे नगर को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। सरयू घाटों पर 26 लाख से अधिक दीप जलाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी है। देश-विदेश से आए आगंतुक इस भव्य आयोजन के साक्षी बनेंगे। मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष अयोध्या में होने वाले दीपोत्सव-2025 में मल्टीमीडिया प्रोजेक्शन, लेजर शो और लाइव आर्टिस्ट परफॉर्मेंस के जरिए आयोजन को भव्यता प्रदान की जाएगी। यह शो परंपरा, तकनीक और कल्पना का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा। लगभग 45 मिनट के इस कार्यक्रम में प्रोजेक्शन, लेजर, लाइव परफॉर्मेंस और आतिशबाजी के माध्यम से भगवान श्रीराम की कथा को भव्य रूप से प्रदर्शित किया जाएगा। अयोध्या में इस बार दीपोत्सव-2025 पहले से कहीं अधिक भव्य और आकर्षक होने जा रहा है।

## 13 दिनों तक होगा राम लीला मंचन, ऐशबाग राम लीला समिति ने पूरी की तैयारियां

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को श्री रामलीला समिति ने ऐशबाग में होने वाले रामोत्सव 2025 के बारे में जानकारी दी। अध्यक्ष हरीश चंद्र अग्रवाल ने पीसी में बताया कि सोमवार 22 सितम्बर से 4 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों की तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया- इस वर्ष नवरात्र में चतुर्थी 2 दिन होने से आयोजन 13 दिन तक चलेगा। रामोत्सव की शुरुआत 22 सितम्बर को प्रातः गणेश पूजन और कलाकार पूजन से होगी। इसके बाद दोपहर 3 बजे से सुन्दरकांड पाठ होगा, जिसका समापन शाम 6 बजे किया जाएगा। शाम 7.30 बजे प्रतिदिन देवताओं का आह्वान और भजन-नृत्य प्रस्तुति होगी।

# एमएलसी की 11 सीटों पर चुनावी तैयारी तेज

▸ 30 सितम्बर से शुरू होगा मतदाता सूची में संशोधन

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों के लिए मतदाता सूचियों के संशोधन का काम 30 सितंबर से प्रारंभ होगा। इसमें नाम शामिल कराने की अर्हता तिथि 1 नवंबर 2025 निर्धारित की गई है। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 30 दिसंबर को होगा।

यूपी के सीईओ नवदीप रिणवा के मुताबिक 6 दिसंबर को विधान परिषद के स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की पांच सीटें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, इलाहाबाद-झांसी रिक्त होंगी। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की छह सीटें लखनऊ, वाराणसी, आगरा, मेरठ, बरेली-मुरादाबाद और गोरखपुर-फैजाबाद - भी रिक्त हो जाएंगी। मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए 30 सितंबर को सार्वजनिक नोटिस जारी किया जाएगा। 15 अक्टूबर को पहली बार और 25 अक्टूबर को दूसरी बार समाचार पत्रों में नोटिस का पुनर्प्रकाशन किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोग सूचित हो सकें।मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदन फर्म संख्या 18 या 19 में आवेदन कर सकेंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 6 नवंबर निर्धारित की गई है। पांडुलिपियों की तैयारी और निर्वाचन नामावलियों का मुद्रण 20 नवंबर को होगा। मतदाता सूचियों के मसौदे का प्रकाशन 25 नवंबर को किया जाएगा। मतदाता 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक इन सूचियों पर आपत्तियां दाखिल कर सकेंगे। 25 दिसंबर तक दावे-आपत्तियों का निस्तारण कर अनुपूरक सूची तैयार कर मुद्रित की जाएगी।

स्नातक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदक के पास अर्हता तिथि 1 नवंबर 2025 से कम से कम तीन वर्ष पूर्व स्नातक की डिग्री या इसके समकक्ष योग्यता होना आवश्यक है। शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए आवेदक को अर्हता तिथि 1 नवंबर 25 से पहले राज्य के माध्यमिक स्तर के शैक्षिक संस्थानों में कम से कम 6 वर्षों में 3 वर्ष का शिक्षण कार्य किया होना आवश्यक है। स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मंडलायुक्त होंगे। डीएम निर्वाचन क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त करेंगे। उन निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी भी अपने क्षेत्र के सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी होंगे।

# खबरें एक नजर में

## भारतीय शास्त्रीय गायन परीक्षा में सी.एम.एस. छात्र अव्वल



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के 8 प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज द्वारा आयोजित भारतीय शास्त्रीय गायन परीक्षा में विशेष योग्यता (डिस्टिंक्शन) के साथ प्रथम स्थान अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. छात्र वाची सिंह, अर्णव पाण्डेय, अभय सिंह, ऐजाह सैय्यद, आदित्य वर्धन, शिवांस सोनकर, नित्या सिंह एवं मणिका सिंह ने भारतीय शास्त्रीय संगीत में अपनी गायन प्रतिभा व संगीत ज्ञान का परचम लहराया है। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने सी.एम.एस. छात्रों की उपलब्धि पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। इस परीक्षा में सी.एम.एस. छात्रों ने अपनी संगीत प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन करते हुए प्रैक्टिकल एवं थ्योरी दोनों ही परीक्षाओं में डिस्टिंक्शन के साथ प्रथम स्थान अर्जित किया है एवं भारतीय शास्त्रीय संगीत में अपनी प्रतिभा व ज्ञान के दम पर आगे चलकर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का गौरव बढ़ाने का संकेत दिया है।

## प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं करने वाली कंपनी पर एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में एक प्रॉपर्टी कंपनी के खिलाफधोखाधड़ी का मामला सामने आया है। देवरिया के घनश्याम पांडेय ने डीसीपी दक्षिणी को शिकायत दी है। आरोप है कि लीड्स इन्फ्रा कंपनी ने उन्नाव के मकदूमपुर में 1500 वर्गफीट का प्लॉट बेचने का अनुबंध किया था। कंपनी की डायरेक्टर रोली चौहान से जून 2015 में 2.70 लाख रुपए में प्लॉट का सौदा हुआ था। पीड़ित ने सितंबर 2016 तक 2.54 लाख रुपए चेक से जमा कर दिए। बाकी 15,997 रुपए जमा करने पर कंपनी रजिस्ट्री के लिए टालती रही। परेशान होकर जब पीड़ित कानपुर रोड स्थित कंपनी के दफ्तर पहुंचे तो वहां ताला लटका मिला। कर्मचारियों से भी संपर्क नहीं हो सका। जांच में पता चला कि कंपनी अब पालम स्टेट के नाम से काम कर रही है। पीड़ित का आरोप है कि कंपनी निवेशकों को गुमराह करने के लिए समय-समय पर अपने डायरेक्टर बदलती रही। डीसीपी दक्षिणी के आदेश पर सरोजनी नगर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक घर से लाखों के जेवर चोरी, दूसरे घर में नाकाम

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के महिगवां थाना क्षेत्र में चोरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शनिवार रात चोरों ने गोरवामऊ गांव में दो घरों को निशाना बनाया। मुकेश मिश्रा के घर से चोर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवरात ले उड़े। चोरों ने मुकेश मिश्रा के घर से सोने का हार, मांग टीका, कान का झाला और मंगलसूत्र चुराया। इसके अलावा चांदी की दो जोड़ी पायजेब, दो सोने की अंगूठी और सोने की चौन भी ले गए। इसी रात चोर पड़ोस में रहने वाले अखिलेश मिश्रा के घर भी घुसे। छत पर लगा दरवाजा उखाड़कर घर में घुसे चोरों ने सो रहे परिजनों के कमरे को बाहर से ताला लगाकर बंद कर दिया। परिजनों की नींद खुली और उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर ग्रामीण जाग गए और चोर भाग निकले। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के ग्रामीण भयभीत हैं। पुलिस की गशत व्यवस्था भी सवालों के घेरे में है। चोरों पर अंकुश लगाने में पुलिस अब तक नाकाम साबित हुई है।

## विज्ञान नगरी के 36वें स्थापना दिवस कार्यक्रमों का समापन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के अलीगंज स्थित आंचलिक विज्ञान नगरी की स्थापना की 36वी वर्षगांठ विज्ञान नगरी में धूमधाम से मनायी गयी। सात सितम्बर से इक्कीस सितम्बर तक यह वर्षगांठ एक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। जिसमे आम जनमानस तथा स्कूली बच्चों के लिये विभिन्न कार्यक्रमों व जागरूकता कार्यक्रमों को आयोजित किया जाता है। इस अवधि में क्विज, पोस्टर, बेस्ट आफद वेस्ट, आकाश दर्शन, वैज्ञानिक लैक्चर, फिल्म शो सहित अनके कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की प्रतिभागिता रहती है। इस दौरान स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा हिन्दी पखवाड़ा जैसे कार्यक्रम भी कराये जाते है। विज्ञान नगरी के विज्ञान शिक्षा अधिकारी राम कुमार ने बताया कि 7 सितम्बर के दिन विज्ञान केन्द्र की स्थापना हुयी तथा 21 सितम्बर के दिन इस केन्द्र को विज्ञान नगरी के रूप में मान्यता मिली थी। समापन के दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के बच्चों को ट्राफी, प्रमाण-पत्र, मेडल तथा उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राजधानी के विभिन्न विद्यालयों के बच्चें उपथित थें।

## लुटेरों का स्कूटी से पीछा करने में डाले के नीचे आने से मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह लूट की वारदात ने एक व्यक्ति की जान ले ली। चेन छिनने के बाद वह लुटेरों का स्कूटी से पीछा करने लगे थे। 80 की स्पीड से स्कूटी चल रही थी। स्लिप हुई तो वह गिरकर डाले के नीचे चले गए और मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अतुल कुमार जैन के रूप में हुई है। वह जिम जाने के लिए निकले थे। इस घटना की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। हालांकि, उनकी स्कूटी के पीछे भी एक बाइक आती दिख रही है। बताया जा रहा है कि चेन छीनने के दौरान हुई धक्का-मुक्की में संतुलन खो गया और अतुल सड़क पर घिसटते हुए डाले से टकरा गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## पलासियो मॉल में गोली चली, महिला समेत चार गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सुशांत गोल्फसिटी स्थित पलासियो मॉल में शुक्रवार की रात गोली चल गई। बाउंसर से विवाद बढ़ने के बाद मारपीट की नौबत आ गई। यह घटना मॉल के अंदर एक क्लब में हुई। विवाद बढ़ते ही कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग कर दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हवाई फायरिंग करने वाली एक महिला के साथ 3 और लोगों को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस के अनुसार, बाउंसर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। टॉनिक क्लब में कार्यरत बाउंसर से मामूली कहासुनी हुई और बाहर आने पर मॉल के भी बाउंसर से आरोपियों ने मारपीट की थी। आरोपियों में हर्ष मिश्रा, प्रिंस वर्मा और एक महिला शामिल है। इनके अलावा संत कबीर नगर का रोहित पटेल नाम का व्यक्ति भी है। मारपीट में बाउंसर पुरुषोत्तम और अनुज चौधरी घायल हुए। दोनों की हालत खतरे से बाहर है।

## करंट लगने से मजदूर का पैर कटा, आठ माह बाद एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** चिनहट इलाके में एवन अर्थिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मचारी के 11000 वोल्ट की लाइन की चपेट में आने से दोनों पैर कट गए। कर्मचारी का आरोप है कि बिना शट डाउन लिए उससे काम करवाया गया। जिसकी वजह से हादसा हो गया। घटना के बाद कंपनी के मालिक ने इलाज और अन्य खर्चा देने की बात कहकर मुकदमा दर्ज कराने से मना किया था। इसके बाद कंपनी मालिक मुकर गया। पीड़ित ने चिनहट थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम कुनेहरा, लच्छीरामपुर अछरेहटा सीतापुर निवासी दिलीप कुमार ने बताया कि करीब दो साल से चिनहट स्थित दिनकर मौर्य की एवन अर्थिंग प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में काम कर रहे थे। 2 फरवरी 2025 को काम के दौरान उसे 11000 वोल्ट की लाइन से करंट लग गया, जिससे वह बेहोश हो गया। साथी कर्मचारियों ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया था। दिलीप का आरोप है कि हादसे से पहले उसने कंपनी मालिक दिनकर मौर्य से मशीन शटडाउन करने को कहा था। दिनकर ने कहा शटडाउन ले लिया है, बिना चिंता काम करो। जबकि दिनकर ने शटडाउन नहीं लिया था। दिनकर की बात पर भरोसा करके काम करते समय ही करंट लग गया। इलाज के दौरान दिलीप डॉक्टरों ने उसके दाहिना पैर को काट दिया। दिनकर ने इलाज और अन्य खर्चा देने का आश्वासन देकर कानूनी कार्रवाई करने से मना कर दिया।

### उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने समाजवादी पार्टी पर साधा निशाना

# सीएम का नाम सुनकर कांपते हैं अपराधी : ब्रजेश पाठक

समृद्धि न्यूज



**प्रधानमंत्री आवास भी बेटियों के नाम पर दिया जा रहा। पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सत्ता में भागीदारी दी। कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को फाड़ दिया था। भारत की बेटी संसद में बैठकर देश का कानून बनाएंगी।**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को कहा कि 2017 के बाद से मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभियान शुरू हुआ। आज आलम यह है कि अपराधी मुख्यमंत्री योगी का नाम सुनकर ही कांप जाते हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान है।

द्वापर और त्रेता युग में देवता भी देवियों की आराधना करते थे। घर में भी शिक्षा के लिए सरस्वती माता और धन के लिए मां लक्ष्मी की पूजा होती है। कष्ट में हम सनातन धर्म वाले मां काली को याद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले क्या हालात थे किसी से छुपे नहीं। हमारी बहनें 2017 से पहले प्रदेश की स्थिति को एक बार याद करें। 2017 से पहले बेटी 5 बजे घर नहीं आती थी तो परिवार घबराता था। नारा चलता था देख सपाई बिटिया घबराई। पाठक ने कहा कि आज अपराधी गले में तख्ती लटका कर कह रहे हैं अपराध नहीं करना है। आज अपराधी अपराध से तौबा तौबा चिल्ला रहे हैं। प्रदेश में 44177 बेटियों को पुलिस में भर्ती किया गया।

आज किसी रोमियो की ताकत नहीं है किसी बेटी पर फबती कस दे,यह वही पुलिस है जो पहले थी। डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि सपा के गुंडों ने सीओ को गाड़ी के बोनट पर लटका कर एसपी के घर में घुसेड़ दिया। पहले एसपी को भी सपा सरकार में थप्पड़ मार दिए जाते थे। आज पुलिस प्रशासन शक्ति के साथ काम कर रहा है। आज एनसीआरबी के आंकड़े अपराध की हालत बता रहे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए सजा हो रही है। प्रधानमंत्री आवास भी बेटियों के नाम पर दिया जा रहा। पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को सत्ता में भागीदारी दी। कांग्रेस ने महिला आरक्षण बिल को फाड़ दिया था। भारत की बेटी संसद में बैठकर देश का कानून बनाएंगी।

# पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख वित्त सलाहकार ने की मंडल के कार्यों की समीक्षा

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख वित्त सलाहकार अमरजीत गौतम ने अपने प्रथम लखनऊ दौरे के दौरान मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, लखनऊ में वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक के कार्यालय का निरीक्षण किया। साथ ही, उन्होंने ऐशबाग रेलवे स्टेशन पर रात्रिकालीन संरक्षा निरीक्षण भी किया।

श्री गौतम ने मंडल कार्यालय के बहुउद्देशीय हाल में मंडल के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और वित्तीय प्रगति का आकलन किया। लेखा विभाग द्वारा प्रस्तुत पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन में मंडल की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया, जिस पर श्री गौतम ने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्षमता बढ़ाने, प्रक्रियाओं में सुधार करने और बेहतर समन्वय के साथ अधिकारियों और कर्मचारियों को कार्य करने के निर्देश दिए। इससे पूर्व श्री गौतम ने ऐशबाग जं. रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक कार्यालय में पैनल रूम व सेफ्टी उपकरणों का निरीक्षण किया तथा संरक्षा उपायों, यात्री सुविधाओं और परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने संरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने पर जोर दिया।

# गार्ड से विवाद के बाद फायरिंग करने वाले चार लोग गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ में सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात को एक मॉल में गार्ड के साथ हुई कहासुनी के बाद हवाई फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी निपुण अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में पड़ने वाले एक मॉल में बीती देर रात को कुछ लोगों ने हवाई फायरिंग की थी। मॉल की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने लखनऊ के गोमतीनगर निवासी हर्ष मिश्रा, थाना सुशांत गोल्फ सिटी थाना के असंल निवासी प्रिंश वर्मा, रिशिता मैनहटन की रहने वाली स्वाती और संत कबीरनगर का रहने वाला रोहित पटेल को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल मैगजीन समेत पांच जिंदा कारतूस और एक खाली मैगजीन बरामद किया है। वे लोग 19 सितंबर की रात रोहित की कार में बैठकर सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र स्थित मॉल के बार में मौज मस्ती को गये थे। गार्ड ने उन्हें बाहर जाने को कहा, तो हम सबने उससे कहा कि थोड़ी देर चले जाएंगे? और फिर मस्ती करने लगे। इसी बीच रोहित और प्रिंश बाहर आ गए। थोड़ी देर बार फिर गार्डों ने हर्ष और स्वाती पर बाहर जाने का दबाव बनाया तो झगड़ा शुरू हो गया।

# विपक्षी दलों के षड्यंत्र को जनसंवाद से विफल करेंगे बीजेपी कार्यकर्ता

समृद्धि न्यूज



▸ 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर मनाएंगे दीनदयाल उपाध्याय जयंती

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न सेवा कार्यों तथा पं. दीनदयाल उपाध्याय जयन्ती पर 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से सम्पन्न करने के लिए निर्देश दिये। शक्ति केन्द्र संयोजको से संवाद करते हुए कहा कि संगठन की त्रिशक्ति रणनीति में शक्ति केन्द्र, बूथ तथा मंडल की मजबूत संरचना समाहित है। मंडल और बूथ के बीच शक्ति केन्द्र सेतु हैं।

शक्ति केन्द्र की सक्रियता से ही मंडल और बूथ सक्रिय होंगे। प्रत्येक बूथ पर प्रत्येक व्यक्ति से सम्पर्क व संवाद त्रिशक्ति रणनीति से प्रभावी होगें। त्रिशक्ति की मजबूत संरचना और जनसंवाद ही जीत की कुंजी है, जो आगामी पंचायत चुनाव, शिक्षक, स्नातक एमएलसी चुनाव तथा विधानसभा चुनाव 2027 में भाजपा की विजय का आधार बनेगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष के झूठ, भ्रम, अफवाह और फरेब के षड़यंत्र को जनता के बीच संवाद के माध्यम से विफल करना है।वे बाराबंकी में शक्ति केन्द्र संयोजक, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। धर्मपाल सिंह ने पूर्व एवं वर्तमान जनप्रतिनिधियों, पूर्व जिलाध्यक्षों के साथ ही पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक चर्चा की। धर्मपाल सिंह ने कहा कि शक्ति केन्द्र को मंडल और बूथ की धुरी के रूप में काम करना है। शक्ति केन्द्र संयोजकों को पार्टी का प्रत्येक संदेश बूथ के हर मतदाता तक पहुंचाने की व्यवस्था करना है।भारतीय संस्कृति की आभा से विश्व आलोकित हो रहा है। हमें सजगता से काम करना है। बूथ केन्द्रित रणनीति बनाकर सपा, कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी दलों के षड्यंत्र को जनसंवाद से विफल करना है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन से प्रारम्भ हुए सेवा पखवाड़ा के तहत सभी सेवा कार्यों एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से आयोजित करना है और बड़ी संख्या में लोगों को कार्यक्रमों से जोड़ना है। पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितम्बर को बूथ स्तर पर मनाना है। बूथ की ताकत पहचानने की आवश्यकता है और इसके लिए प्रत्येक बूथ के प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों से संवाद, सम्पर्क तथा उन्हें सक्रिय करने की आवश्यकता है। कार्यकर्ता निर्माण संगठन की सतत प्रक्रिया है। कार्यक्रमों, अभियानों में ऊर्जावान, परिश्रमी, अनुशाषित युवाओं को जिम्मेदारी देने से कार्यकर्ता निर्माण होता है।

# कार्रवाई : गंदगी पर 26 हजार का चालान काटा

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में सड़क पर दुकान लगाने वाले और अतिक्रमण करने वाले लोगों के खिलाफनगर निगम ने कार्रवाई की है। इस दौरान जोन 2 के अंबेडकर नगर मिल रोड पर गंदगी और अतिक्रमण फैलाने पर 26700 रूपए का चालान किया गया। प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने पर 18 चालान किए गए। इसके साथ ही प्लास्टिक भी जब्त किया गया। इस दौरान 23000 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि शहर में अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर एक्शन हो रहा है। नगर निगम लखनऊ शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अभियान के तहत शहर की प्रमुख सड़कों, सार्वजनिक स्थलों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्रवाई के दौरान सचिन सक्सेना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक के साथ-साथ जोन 2 के कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर निगम लखनऊ शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमें उम्मीद है कि शहर के नागरिक भी इस अभियान में शामिल होंगे।

## नगर निगम की बैठक में टैक्स कलेक्शन बढ़ाने के निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ में टैक्स कलेक्शन बढ़ाने को लेकर मेयर सुषमा खर्कवाल ने अधिकारियों के साथ में बैठक की है। इसमें टैक्स कलेक्शन की समीक्षा की गई। मेयर ने निर्देश दिया कि यदि टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य समय पर पूरा नहीं किया गया तो अधिकारियों के खिलाफकार्रवाई की जाएगी। उन्होंने हर सप्ताह अधिकारियों के साथ में बैठक करने के निर्देश दिए हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि लखनऊ में नए वित्त वर्ष को छह महीने हो गए हैं। हमें टैक्स कलेक्शन सुधारने की जरूरत है। क्यों कि नगर निगम का टैक्स कलेक्शन सीधे शहर के विकास से जुड़ा हुआ है। इस दौरान मेयर ने लाइसेंस बढ़ाए जाने का निर्देश भी दिया। वहीं, मेयर हर शनिवार को टैक्स कलेक्शन को लेकर बैठक करेंगी। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने बताया कि टैक्स कलेक्शन की समीक्षा की गई। लाइसेंस बढ़ाए जाने का निर्देश दिया गया। मेयर ने निर्देश दिया कि 30 सितंबर के बाद में हम रिव्यू करेंगे जो भी सबसे कम परफार्म करने वाले टैक्स इंस्पेक्टर होंगे। उनके खिलाफएडवर्स एंट्री की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर नगर आयुक्त ललित कुमार, नम्रता सिंह, अरुण गुप्ता, डॉक्टर अरविंद कुमार राव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय सहित अन्य जोनल अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे हैं।

## अखिलेश का सीएम योगी पर तंज, जाकर फिल्म देखिए वरना हो जाएगी फ्लॉप

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जीवन पर बनी फिल्म पर तंज कसते हुए शनिवार को पत्रकारों से कहा कि आप लोगों ने फिल्म नहीं देखी, जाकर देखिए, नहीं तो वह फ्लॉप हो जाएगी। सपा मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में यादव ने सवाल उठाया कि क्या फिल्म के संवाद असली हैं या संवाद बोलते समय बीप की आवाज आ रही। सपा प्रमुख ने योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बिना पूछा,'' क्या आपने नई फिल्म नहीं देखी? जाकर देखें, वरना फिल्म घाटे में रहेगी। यादव की यह टिप्पणी मुख्यमंत्री पर बनी फिल्म द अनटोल्ड स्टोरी आफ ए योगी के रिलीज होने के एक दिन बाद आई है।

# स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरुकता को बढ़ावा देने के लिए निकाली गई साइकिल रैली

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय रेलवे द्वारा 'स्वच्छ उत्सव' थीम के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 तक 'स्वच्छता ही सेवा-2025' पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में आज स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक श्री गौरव अग्रवाल की उपस्थिति में सुबह 9.00 बजे एन ई रेलवे ऑफिसर्स दिलकुशा क्लब, बंदरियाबाग, लखनऊ से हुआ। साइक्लोथॉन का मार्ग लखनऊ गोल्फ क्लब, कालिदास मार्ग से होकर पुनः दिलकुशा क्लब पर समाप्त हुआ। इस आयोजन में लखनऊ मंडल की महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रुति गुप्ता, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) नीतू व समस्त शाखा अधिकारियों और उनके परिजनों सहित 45 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने स्वस्थ जीवनशैली और नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साइक्लोथॉन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है, बल्कि सामुदायिक स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी फैलाता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करते हुए स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया।

## लखनऊ के नए मंडलायुक्त ने संभाली कुर्सी


लखनऊ। लखनऊ मंडल के नए आयुक्त विजय विश्वास पंत ने शनिवार को कुर्सी संभाल ली। पदभार ग्रहण करते ही उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाई। उन्होंने कहा शहर का ट्रैफिक मैनेजमेंट बेहतर करेंगे। इसके साथ ही जनता की सुनवाई को प्राथमिकता मिलेगी। पंत अब तक प्रयागराज के मंडलायुक्त थे। लखनऊ की कमिश्नर रहीं रोशन जैकब को अब खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। 2004 बैच के आईएएस अधिकारी विजय विश्वास पंत ने शनिवार को कार्यभार संभालते ही अपनी प्राथमिकताएं स्पष्ट कीं। शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि लखनऊ मंडल की प्रमुख समस्याओं को समझने के लिए वह सभी उच्च अधिकारियों से बैठक करेंगे।

भर्तियां

### न्यूनतम सैलरी तय, यूपी आउटसोर्स निगम के गठन का आदेश

# आउटसोर्सिंग भर्तियों में विधवा, तलाकशुदा, लोकल को मिलेगी वरीयता

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। आउटसोर्सिंग नौकरियों के लिए अब आवेदन करने वाले पात्र स्थानीय आवेदकों, विधवा, तलाकशुदा, महिलाओं को वरीयता मिलेगी। यूपी की योगी सरकार ने इसके लिए न्यूनतम सैलरी तय करने के साथ ही यूपी आउटसोर्स निगम के गठन का भी आदेश जारी कर दिया है। पद के लिए जरूरी योग्यता से अधिक की योग्यता है तो उसके चयन के अवसर बढ़ जाएंगे।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के वेतन हर माह की 1 से 5 तारीख के बीच मिल जाया करेगी। सचिवालय प्रशासन विभाग ने यूपी आउटसोर्स निगम के गठन का कार्यकारी आदेश जारी कर दिया। निगम के गठन को यूपी कैबिनेट ने 2 सितंबर को ही मंजूरी दे दी थी। निगम नियामक निकाय के तौर पर काम करेगा और आउटसोर्सिंग एजेंसियों की निगरानी करेगा ताकि कर्मचारियों के हित सुरक्षित रहें। निगम देखेगा, कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिले, उनका ईपीएफ खाता खुले और बीमा लाभ मिले। शासनादेश में तय हुआ कि किस सेवा के लिए संविदाकर्मी को कितना वेतन मिलेगा। न्यूनतम वेतन 20,000 रुपये प्रति माह तय किया गया है।

एजेंसियों का चयन जेम पोर्टल के जरिए होगा। एजेंसियों के मार्फत आए अभ्यर्थियों में से चयन के लिए मापदंड तय किए गए हैं। निर्धारित योग्यता से ज्यादा योग्यता रखने वाले को अधिकतम 25 अंक, विधवा, तलाकशुदा व परित्यक्ता को अधिकतम 10 अंक, लिखित परीक्षा में प्राप्तांक के लिए अधिकतम 50 अंक और स्थानीय निवासियों को अधिकतम 15 अंक दिए जाएंगे। इसके आधार पर चयन होगा। विधवा को पहली वरीयता, तलाकशुदा को दूसरी और परित्यक्ता को तीसरी वरीयता दी जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को निगम एक विशिष्ट कोड जारी करेगा। चयन मे आरक्षण नियमों का पालन होगा।

सनद रहे यूपी में इस समय करीब 5 लाख आउटसोर्स कर्मचारी है। आदेश में निगम का स्वरूप भी तय हो गया है। महानिदेशक इसके प्रशासनिक मुखिया होंगे। निदेशक मंडल का अध्यक्ष मुख्य सचिव को बनाया गया है, जबकि महानिदेशक सचिव होंगे।

निदेशक मंडल में सचिवालय प्रशासन, वित्त, कार्मिक, न्याय और श्रम विभाग के प्रशासनिक मुखिया शामिल किए गए हैं। इस प्रकार गठित होने वाले निगम में महानिदेशक समेत 12 पद होंगे। आउटसोर्सिंग वाले कर्मचारियों की मॉनिटरिंग के लिए शासन, मंडल, जिला और स्थानीय स्तर पर कमिटियां बनेगी। कर्मचारियों को चार श्रेणियों में बांटा गया है, जिनमें न्यूनतम वेतन 20 हजार जबकि अधिकतम वेतन 40 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाएगा। कर्मचारियों का अनुबंध तीन साल के लिए होगा।

# मां के सामने मासूम को उठा ले गया भेड़िया

## चिल्लाती रही महिला, मासूम को ढूंढ रहें ग्रामीण, मंझारा तौकली मे आदमखोर भेड़िया व तेंदुआ का आतंक जारी



समृद्धि न्यूज

**कैसरगंज,बहराइच।** जिले के कछार क्षेत्र में जंगली जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। शनिवार की सुबह एक भेड़िये ने मां की गोद से तीन साल के बच्चे को उठा लिया है, जिससे गांव में भय का माहौल कायम हो गया है। ग्रामीण बच्चे की खोज में जुटे हैं।

कैसरगंज तहसील के फखरपुर ब्लॉक के मंझारा तौकली ग्राम पंचायत के गंधु झाला मजरे के निवासी रक्षाराम यादव का तीन वर्षीय बेटा अंकेश अपनी मां सरला देवी की गोद में दूध पी रहा था तभी अचानक एक भेड़िया आ धमका। पलक झपकते ही भेड़िये ने बच्चे को मां की गोद से खींचकर खेतों की ओर भाग गया। मां की चीखें सुनकर आसपास के ग्रामीण दौड़े और उन्होंने लाठी-डंडे लेकर भेड़िये का पीछा किया, लेकिन तब तक वह ओझल हो गया। बच्चे की अभी तक खोज जारी है और उसका कोई पता नहीं चला है। सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान दीप नारायन यादव अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से बच्चे की तलाश शुरू की गई। वही घटना की सूचना पर डीएफओ राम सिंह यादव, रेंजर ओंकारनाथ यादव और पुलिस टीम मौके पर पहुंची हैं। बच्चे की तलाश के लिए ड्रोन के माध्यम से निगरानी भी की जा रही है। रेंजर ने बताया कि पगचिह्नों के आधार पर भेड़िये की लोकेशन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, और सर्च ऑपरेशन जारी है। वहीं, ग्रामीणों में वन विभाग की कार्रवाई को लेकर नाराजगी है। उनका आरोप है कि वन्यजीव से होने वाली घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। अधिकारी केवल ड्रोन का प्रयोग कर सीमित रह गए हैं, जबकि गांवों में लोगों का जीवन खतरे में है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। लोग अपने बच्चों को घरों में बंद कर अपने आप को सुरक्षित कर रहे हैं। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है, और ग्रामीण बच्चे की सुरक्षित बरामदगी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

**परिजनों से मिलने पहुंचे सपा विधायक**

कैसरगंज से समाजवादी पार्टी के विधायक आनंद यादव बच्चे के परिजनों से मिलने पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों व परिजनों से मुलाकात कर उन्हें जल्द कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पिता रक्षा राम घटना के बाद से बेसुध हैं। वो बार-बार बेहोश हो जा रहे हैं।

**भेड़िए के हमले में अब तक दो की मौत**

ग्रामीणों से मिली सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। लेकिन अभी तक बच्चे का कोई पता नहीं चल सका है। पिछले 10 दिनों से कैसरगंज तहसील और फखरपुर ब्लॉक में भेड़िए का आतंक है। भेड़िए के हमलों में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि पांच लोग घायल हैं।

# दुर्घटनाओं को दावत दे रहे खुले में घूम रहे गौवंश बड़े हादसे का सबब बन सकते हैं छुट्टा जानवर




समृद्धि न्यूज

**कैसरगंज,बहराइच।** नगर पंचायत कैसरगंज क्षेत्र में छुट्टा जानवरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। नवीन गल्ला मंडी मेन रोड एवं नेशनल हाईवे पर गोवंश और सांडों का जमावड़ा राहगीरों और वाहन चालकों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन एक्सीडेंट की घटनाएं सामने आ रही हैं। अक्सर सांडों की आपसी लड़ाई के कारण राहगीरों को जान बचाकर भागना पड़ता है, वहीं कई बार वाहन टकराकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

**कैसरगंज तहसील मुख्यालय पर छुट्टा जानवरों का भारी हुजूम**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पंचायत क्षेत्र में दो-दो गौशालाएं होने के बावजूद छुट्टा जानवरों को वहां नहीं भेजा जा रहा है। नगर पंचायत के पास छुट्टा जानवरों को पकड़ने वाली गाड़ी मौजूद है, लेकिन नगर पंचायत की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का आरोप है कि यह समस्या रोज की हो चुकी है और जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी कार्यवाही तक ही सीमित हैं। आमजन का कहना है कि यदि छुट्टा जानवरों को तत्काल प्रभाव से गौशालाओं में नहीं भेजा गया तो सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में तेज़ी से इज़ाफ़ा होना तय है। इससे किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है और जनहानि की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी शिवम् द्विवेदी ने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र से सूचना मिलते ही छुट्टा जानवरों को पकड़वाकर गौशालाओं में भेजा जाता है। हालांकि जनता का कहना है कि ज़मीनी स्तर पर कार्रवाई नहीं दिख रही है और समस्या जस की तस बनी हुई है।

## खबरें एक नजर में

### नवागंतुक बीईओ कमलेश कुमार मिश्र ने ग्रहण किया पदभार



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** शिक्षा में सुधार की दृष्टि से बीएसए आशीष कुमार सिंह ने 6 खंड शिक्षा अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।खंड शिक्षा अधिकारी विशेश्वरगंज कमलेश कुमार मिश्र का कैसरगंज के लिए तबादला हुआ है। शनिवार को बीआरसी कैसरगंज पहुंचकर बीईओ कमलेश कुमार मिश्र ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कैसरगंज के पदाधिकारियों ने माला पहनाकर, मीठा खिलाकर व उपहार देते हुए नवागंतुक बीईओ कमलेश कुमार मिश्र का जोरदार स्वागत किया। बीईओ ने कहा कि शिक्षा के उन्नयन और ब्लॉक को निपुण बनाने का प्रयास किया जाएगा। शिक्षक अपनी समस्याओं को बेझिझक कह सकता है। जिसका यथोचित पूर्ण समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर आरएसएम के अध्यक्ष उमेश कुमार सिंह, महामंत्री बृजेश प्रताप चौधरी, मंत्री अनिल कुमार, अरविंद शर्मा, अरविंद कुमार शुक्ला, राम गोविन्द यादव अध्यक्ष शिक्षामित्र संघ, वीरेंद्र कुमार सिंह, पवन सिंह, अजय श्रीवास्तव सहित अनेकों शिक्षक मौजूद रहे।

### विशेश्वरगंज में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारी का निरीक्षण

**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** दुर्गा पूजा के समापन और प्रतिमा विसर्जन को लेकर प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। क्षेत्राधिकारी पयागपुर, उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडे और थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने विशेश्वरगंज स्थित झूलाघाट का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने घाट की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के इंतजामों का जायजा लिया।उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार पांडे ने कहा कि विसर्जन के दौरान सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल, जल पुलिस और गोताखोरों की टीम तैनात की जाएगी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। थानाध्यक्ष राजकुमार पांडे ने स्थानीय लोगों और पूजा समितियों से अपील की कि वे विसर्जन प्रक्रिया में सहयोग करें और इसे शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में प्रशासन का साथ दें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि उनका लक्ष्य है कि इस पर्व का समापन सुरक्षित, सुचारू और हर नागरिक के लिए आनंदमय तरीके से हो।

### निबंध प्रतियोगिता से शुरू हुआ अग्रसेन जयंती समारोह



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम में आज शुक्रवार को कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें निबंध लेखन ,कुकिंग ,शतरंज ,एकल नृत्य और महिलाओं की नृत्य की प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ। निबंध प्रतियोगिता में वैभवी अग्रवाल, नैतिक अग्रवाल, कार्तिक अग्रवाल, कर्तव्या सिंघल ,कीर्ति सोमानी, अंशिका जैन, विदी तायल, आरना अग्रवाल , आर्ची अग्रवाल, सौम्या नेवटिया और श्रेया नेवटिया प्रतिभागी रही।और फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता में नेहा पचेरिया, मंजू अग्रवाल, कोमल, किरन सिंघल, स्वाती सिंघल प्रतिभागी रही। इसके अलावा अन्य कार्यक्रम में समाज के कई लोगों ने हिस्सा लिया। ये कार्यक्रम मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा संचालित किया गया। जयंती समारोह अग्रवाल नव युवक संघ द्वारा मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला मंडल की प्रांतीय सदस्या नीलम जैन, अनामिका बंसल,सीमा सोमानी, सुप्रिया सिंघल, ज्योति गर्ग सहित अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन, कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल, अनिल मित्तल, महेश नहारिया, अतुल अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल ने बताया कि आज 21 सितंबर को पोस्टर पेंटिंग, बोरा दौड़, छोटे बच्चों की गुढ़लिया, पॉट पेंटिंग, बेबी रेस, सुलेख, मंडला आर्ट ड्राइंग, कुर्सी दौड़, कैरम, रसाकसी महिला वर्ग, म्यूजिकल चेयर, फैंसी ड्रेस, प एकल नृत्य और समूह नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

# नवरात्रि के प्रथम दिन से देशवासियों को मिलेगी टैक्स रिबेट की सौगात

**प्रभारी मंत्री ने जीएसटी-2 के संबंध में कलेक्ट्रेट मे की प्रेस-वार्ता**

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान विभाग/प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कलेक्ट्रेट सभागार में जीएसटी-2 के सम्बन्ध में प्रेस-वार्ता करते हुए प्रधानमंत्री एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री के प्रति प्रदेशवासियों की ओर से आभार व्यक्त करते हुए बताया कि टैक्स रिबेट शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन 22 सितम्बर से लागू होंगे। अब केवल 05 प्रतिशत व 18 प्रतिशत की जीएसटी दरें प्रभावी रहेंगी, 12 प्रतिशत व 28 प्रतिशत की टैक्स दरों को समाप्त कर दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जरूरी घरेलू सामान पर 05 प्रतिशत या जीरो टैक्स, व्यक्तिगत जीवन और स्वास्थ्य बीमा तथा जरूरी शिक्षण सामग्री पर जीएसटी नहीं लगेगा, कृषि कार्य से जुड़े उपकरणों पर 05 प्रतिशत टैक्स की व्यवस्था दी गई है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि सर्वाधिक आबादी के राज्य उत्तर प्रदेश को टैक्स रिबेट का सर्वाधिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि देश में उ.प्र. का किसान पिपरमेण्ट की सर्वाधिक खेती करता, ऑर्गेनिक पिपरमेण्ट पर टैक्स 05 प्रतिशत तथा सिंथेटिक पिपरमेण्ट पर टैक्स 18 प्रतिशत होगा, इससे ऑर्गेनिक प्रोडक्ट की मांग बढ़ेगी। 2,500 तक के फुटवियर पर जीएसटी को कम करके 05 प्रतिशत किये जाने से चमड़ा एवं जूता उद्योग को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। टैक्स रिबेट मिलने पर हस्तशिल्पियों और कारीगरों द्वारा निर्मित वस्तुओं तथा 2500 रूपए तक के रेडीमेट कपड़ों पर जीएसटी दर केवल 05 प्रतिशत कर देने से ओडीओपी से जुड़े हस्तशिल्पियों और कारीगरों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। टैक्स रिबेट से सामान्य घरेलू उपभोक्ता वस्तुओं की खपत बढ़ेगी, मार्केट में लोगों का विश्वास बढ़ेगा, प्रोडक्शन अधिक होगा, इम्प्लॉयमेण्ट को बढ़ाने में मदद मिलेगी। व्यापार में आसानी करने के लिए टैक्स रजिस्ट्रेशन को ऑटो मोड पर किया गया है और ऑटो अप्रूव करने की व्यवस्था की गयी है। टैक्स रिफण्ड करने की सुविधा भी दी गयी है। रिस्क आधारित कम्प्लायन्स से एमएसएमई, निर्यातकों और श्रम प्रधान क्षेत्रों को मजबूती मिलेगी। जीएसटी लागू होने के बाद पहली बार इतने बड़े पैमाने पर इन सभी सेक्टर्स में सुधार से सामान्य नागरिकों को काफी राहत मिलेगी। श्री शाही ने कहा कि जीएसटी की 04 टैक्स स्लैब की तुलना में 02 टैक्स स्लैब होने से सामान्य घरेलू उपभोक्ता वस्तुओं की खपत बढ़ेगी। मार्केट में लोगों का विश्वास बढ़ेगा। प्रोडक्शन अधिक होगा, इससे इम्प्लॉयमेण्ट को बढ़ाने में मदद मिलेगी। अर्थात् जब जीवन आसान होगा तो व्यापार भी आसान होगा, व्यापार आसान होगा तो मार्केट में खुशहाली आएगी और मार्केट में खुशहाली आने से रोजगार सृजन में वृद्धि होगी।

**वाहनों पर 10 प्रतिशत कम जीएसटी**

प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि फोर-व्हीलर और टू-व्हीलर वाहनों पर प्रभावी 28 प्रतिशत जीएसटी दर को घटाकर 18 प्रतिशत किया गया है। अर्थात् 10 प्रतिशत की कटौती की गयी है। इससे वाहन खरीददारों को लाभ मिलेगा और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। शिक्षण सामग्रियों पर नही लगेगा टैक्स, लग्जरी व विलासिता के सामानों पर 40 प्रतिशत टैक्स नोटबुक, पेंसिल, नक्शे, इत्यादि शिक्षण सामग्रियों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। लग्जरी व विलासिता के सामानों पर जैसे-तम्बाकू, पान मसाला, कसीनों, एसयूवी इत्यादि पर 40 प्रतिशत का टैक्स लगाया जाएगा।

# रिसिया में चौकी में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक

समृद्धि न्यूज



**बहराइच ।** रिसिया नगर में आगामी त्योहारों को लेकर कस्बा चौकी पर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। एसडीएम सदर पूजा चौधरी मुख्य अतिथि रहीं। नवागंतुक थाना प्रभारी करूणाकर पाण्डेय ने बैठक की अध्यक्षता की।एसडीएम पूजा चौधरी ने सभी समुदायों से एक-दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा विसर्जन शोभायात्रा में किसी भी तरह की उदंडता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थाना प्रभारी करूणाकर पाण्डेय ने स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उपद्रव करने वालों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष डॉ. राजू निगम ने प्रतिमा विसर्जन के बाद वापसी मार्ग की खराब स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे जल्द ठीक कराने की मांग की। इसके अतिरिक्त दुर्गा पूजा समितियों ने विभिन्न मार्गो को ठीक कराये की मांग की। विधुत विभाग से कई स्थानों पर एल टी लाईन के तारों को ऊपर करने की भी बात कही गई। बैठक का संचालन जय प्रकाश अग्रहरि ने किया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन हाजी महमूद अहमद, प्रधान रमाशंकर सिंह, कमलेश आर्य और चेयरमैन प्रतिनिधि रामू लाल अरविंद गौतम, संजय कश्यप, आलोक निगम, हर्ष कुमार शुक्ला, नवीन कुमा, अमरेंद्र मिश्रा, आलोक तिवारी समेत कई गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया। ईओ सचिन पाण्डेय, एसडीओ विधुत आरके मौर्य, जेई आलोक तिवारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भारत से नेपाल लौट रहे हजारों कामगार रुपईडीहा बॉर्डर पर उमड़ी लोगों की भीड़



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** दशहरा पर्व अपने परिजनों संग मनाने के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों में काम करने वाले नेपाली कामगार इन दिनों अपने घरों की राह पकड़ रहे हैं। रुपईडीहा सीमा पर रोजाना हजारों की संख्या में कामगारों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे पूरे बॉर्डर क्षेत्र में त्योहारी रौनक देखने को मिल रही है।

भारत में निर्माण कार्य, फैक्ट्रियों, होटलों और घरेलू सेवाओं से जुड़े नेपाली नागरिक वर्षभर अपने परिवार से दूर मेहनत करते हैं। पर्व का समय आते ही वे छुट्टी लेकर गांव की ओर रुख करते हैं, ताकि परिवार संग मिलकर दशहरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं का निर्वहन कर सकें। सीमा सुरक्षा बल और स्थानीय प्रशासन ने यातायात को नियंत्रित रखते हुए आवागमन को सुचारू बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। त्योहार पर जाने वाले कामगार अपने साथ पारंपरिक व्यंजनों के लिए आवश्यक सामग्री, मिठाइयां और बच्चों के लिए उपहार लेकर जा रहे हैं। नेपाल के तराई क्षेत्र में पहले से ही तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।यह वार्षिक सिलसिला भारत-नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक जुड़ाव को भी मजबूती प्रदान करता है।

# प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने किया 15 दिवसीय प्रदर्शनी का अवलोकन

**पीएम मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी को मंत्री दारा सिंह चौहान ने बताया प्रेरणादायी**

समृद्धि न्यूज




**गोंडा।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा गांधी पार्क, गोंडा में आयोजित 15 दिवसीय प्रदर्शनी का शनिवार को जनपद के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान ने अवलोकन किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित इस भव्य प्रदर्शनी का शुभारंभ हाल ही में किया गया था, जिसका उद्देश्य आमजन को प्रधानमंत्री जी के संघर्षमय जीवन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से अवगत कराना है।

प्रदर्शनी के अवलोकन के दौरान प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान के साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री यशवंत लाल सोनकर, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विद्या भूषण द्विवेदी, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रदर्शनी स्थल पर उत्साह का वातावरण देखने को मिला, जहां लोग गैलरी में लगे चित्रों को देखकर प्रधानमंत्री जी के जीवन की झलकियां प्राप्त कर रहे थे।

मंत्री दारा सिंह चौहान ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि सूचना विभाग द्वारा किया गया यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन से लेकर उनके प्रधानमंत्री बनने तक के सभी महत्वपूर्ण क्षणों को सजीव चित्रों और संक्षिप्त विवरणों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। इससे युवा पीढ़ी को यह जानने का अवसर मिलेगा कि किस प्रकार एक सामान्य परिवार से निकलकर मोदी जी ने कठिन परिश्रम, दृढ़ इच्छाशक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना से देश के सर्वोच्च पद तक का सफर तय किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से हमें प्रधानमंत्री जी के जीवन मूल्यों और उनकी कार्यशैली से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए।

मंत्री ने गोंडा के आम नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शनी का भ्रमण करें और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को निकट से जानें। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी में प्रदर्शित सामग्री की प्रशंसा की और इसे गोंडा जैसे जनपद के लिए गौरवपूर्ण आयोजन बताया। कई नागरिकों ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं साझा करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां नई पीढ़ी को सकारात्मक सोच और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करती हैं। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बचपन के संस्मरण, विद्यार्थी जीवन, संगठनात्मक कार्यकाल, गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में किए गए विकास कार्य और प्रधानमंत्री बनने के बाद भारत की वैश्विक पहचान को मजबूत करने की उपलब्धियों को विस्तृत रूप से प्रस्तुत किया गया है। विशेष रूप से विकसित भारत न्यू इंडियाञ्च 2047 की झलक दिखाते हुए विकास योजनाओं, डिजिटल क्रांति, आत्मनिर्भर भारत और जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चित्र और विवरण लोगों को आकर्षित कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदर्शनी को आमजन तक अधिक से अधिक प्रचारित-प्रसारित किया जाए ताकि हर नागरिक इस अवसर का लाभ उठा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन जनता और सरकार के बीच संवाद को सशक्त बनाते हैं और समाज में राष्ट्रभक्ति तथा सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं।

# दिल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है : डा. पंकज

समृद्धि न्यूज





**गोण्डा।** बजाज हिंदुस्तान शुगर चीनी मिल परिसर में हिन्द हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज आयोजित द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस शिविर में 240 मरीजो को ब्लड शुगर, बीपी एवं निशुल्क परामर्श दिया गया हिन्द हॉस्पिटल मेडिकल कॉलेज से आए वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि दिल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है, इसलिए इसकी देखभाल हर व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है।

अनियमित दिनचर्या, असंतुलित खानपान और तनाव दिल की बीमारियों को बढ़ावा देते हैं। यदि समय रहते लोग सतर्क हो जाएं और नियमित जांच, व्यायाम व संतुलित आहार को अपनाएं तो हृदय रोग से बचाव संभव है। डॉ राहुल ने कहा की जंक फ़ास्ट फ़ूड का सेवन करना घंटों एक जगह बैठे रहना खतरनाक हो सकता है हिंद हॉस्पिटल से स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ सोनाली एवं डा दीक्षा ने वहां की महिलाओं की समस्याओं को निःशुल्क परामर्श दिया। डा राजेश मार्य ने कहा हेल्दी डाइट हार्ट को बनती है।

कमजोर अनहेल्दी डाइट खासतौर से हार्ट पर गहरा असर पड़ता है बजाज हिंदुस्तान शुगर मिल वाइस प्रेसिडेंट पी एन सिंह ने डॉ पंकज श्रीवास्तव को एवं डॉ राहुल डा सोनाली एवं डा दीक्षा को स्मृति चिन्ह लेकर सम्मानित किया गया। इस शिविर यूनिट हेड पी एन सिंह, जी एम इंजीनियरिंग अनुपम खेर, जी एम प्रोडक्शन यू पी सिंह बीपी दीक्षित, प्रदीप कुमार गुप्ता राघवेंद्र द्विवेदी, आशीष श्रीवास्तव मुदित, आदित्य श्रीवास्तव एकांश, हिंद के पी आर ओ पंकज सिन्हा, अहम योगदान रहा। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण कराया। इस अवसर पर चिकित्सकों ने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया।

**तबादला नीति** | जो जहां जमा है वहीं काट रहा मलाई, तबादले के बावजूद नहीं छोड़ रहा है गद्दी का मोह

# जिले में वर्षों से कुंडली मारकर बैठे हैं अधिकारी और कर्मचारी

नरेंद्र लाल गुप्ता




**गोण्डा।** योगी सरकार में तबादला नीति के नियम हैं कि एक अधिकारी और कर्मचारी एक ही पटल पर तीन साल से अधिक समय तक पदस्थ नहीं रह सकते है, लेकिन गोंडा जिले के कलेक्ट्रेट और तहसीलों में जहां कमिश्नर से लेकर डीएम सभी रहते हैं, फिर भी दिया तले अंधेरा है।

**दस साल से ज्यादा समय से जमे बाबू**

गोण्डा जिले में योगी सरकार के तबादला नीति के नियम को तोड़कर कोई मायने नहीं रखती है यही वजह है कि तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा के द्वारा स्थानांतरित, पदोन्नति किए जाने के दो महीने बाद भी सोलह कर्मचारियों ने नये तैनाती पद व स्थान पर कार्यभार ग्रहण नहीं किया औ र अपने सेटिंग और रसूक के बल पर पुरानी तैनाती स्थल व पद पर ही मलाई काट रहे हैं। जिले की तत्कालीन डीएम नेहा शर्मा द्वारा चार जुलाई को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राज स्व के यहां तैनात प्रधान सहायक प्रदीप कुमार श्रीवास्तव समेत 17 कर्मचारियों का तबादला कर दिया लेकिन स्थानांतरित कर्मचारी अपने नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण नहीं किए।प्रदीप कुमार श्रीवास्तव का तबादला न्या य सहायक,अतिरिक्त कार्य वित्त एवं राजस्व लिपिक तथा रीडर न्यायालय अपर जिलाधिका री गोण्डा व कामेच्छा नरायन श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला सी0आर0,ओ0 अतिरिक्त कार्य नजूल शत्रु संपत्ति तथा रीडर एएसडीओ तृतीय, कलेक्ट्रेट गोण्डा के पद पर किया गया था।तबादला आदेश को दो माह बीत गए लेकिन प्रदीप श्रीवास्तव व कामेच्छा श्रीवास्तव का मोह अप ने पुराने तैनाती पद से नहीं छूट रहा है।इसी तरह त्रिपुरारी शंकर शर्मा, प्रधान सहायक का तबादला वेतन सहायक कलेक्ट्रेट गोण्डा, सम्बद्ध जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय, फयाराम प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील मनकापुर सम्बद्ध सीआरए कलेक्ट्रेट गोण्डा, मनमोहन कुमार अरोड़ा प्रधान सहायक का तबादला आबकारी सहायक, वीआईपी लि पिक अतिरिक्त कार्य स्टाम्प लिपिक साहूकारी पटल व विनियमित क्षेत्र कलेक्ट्रेट गोण्डा, अशोक कुमार सिंह प्रधान सहायक का तबादला ए आरआरके कलेक्ट्रेट गोण्डा, अतिरिक्त कार्य रीडर न्यायालय नगर मजिस्ट्रेट गोण्डा, राकेश चंद्र श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील तरबगंज लिपिक अतिरि क्त कार्य रीडर उपजिलाधिकारी चतुर्थ, खनन नायब नाजिर कलेक्ट्रेट गोण्डा, ओमप्रकाश उपाध्याय प्रधान सहायक का तबादला वासिल वाकी नवीस तहसील करनैलगंज अतिरिक्त कार्य बीडर राजस्व अभिलेखागार व एआरआर के कलेक्ट्रेट गोण्डा, राजेश कुमार श्रीवास्तव प्रधान सहायक का तबादला आयुध लिपिक प्रथम, अतिरिक्त कार्य फार्म कीपर कलेक्ट्रेट गोण्डा रीडर न्यायालय जिलाधिकारी गोण्डा के पद पर किया गया, लेकिन ये सभी कर्मचारी शासन की स्थानांतरण नीति का मखौल उड़ाते हुए एक ही स्थान पर वर्षों से जमे हुए हैं।

**इनका भी किया गया था तबादला**

जिन 17 कर्मचारियों का तबादला किया गया था उनमें प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रधान सहायक शिव प्रसाद द्वितीय, सतीश चंद्र भाष्कर, प्रधान सहायक कृष्ण गोपाल तिवारी, प्रधान सहायक ओम हरिकृष्ण यादव, प्रधान सहायक मुजीबुर्रहमान, वरिष्ठ सहायक तहसील तरबगंज सहजराम मौर्य व वरिष्ठ सहायक तह सील मनकापुर सुरेन्द्र कुमार भी शामिल हैं। इनमें से सतीश चंद्र भाष्कर ने अपने नवीन तैनाती स्थल व पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।शेष स्थानांतरित कर्मचारी अपने सेटिं ग और रासु के बल पर जमे हुए है और वे अंगद की तरह पांव जमाए हुए हैं।

# 25 हजार का इनामिया मुठभेड़ में गिरफ्तार

गुरबक्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

पुलिस को चकमा देकर भाग रहे इनामिया अभियुक्त को पुलिस की फायरिंग में घायल हो गया जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीते शुक्रवार देर रात्रि 11:30 के आसपास पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस और इनामियां अभियुक्त की मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में पुलिस ने अभियुक्त को बाएं पैर में गोली मारकर घायल कर दिया और जतुवा टप्पा सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के मुताबिक नाहर नट उर्फ राहुल पुत्र रमेश उर्फ रामचरन उर्फ भलुआ निवासी चैन का पुरवा मजरे कुम्हड़ौरा थाना लालगंज जनपद रायबरेली का निवासी है। जिस पर विभिन्न स्थानों में लगभग गंभीर धाराओं में 20 मुकदमे दर्ज पाए गए। अभियुक्त की गिरफ्तारी के प्रयास पुलिस लगातार कर रही थी। परंतु शुक्रवार रात्रि गुरबक्शगंज पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि उक्त अभियुक्त वानिकी मोड सिरसा घाट के पास वाहन चेकिंग के दौरान बाइक पर अभियुक्त आता हुआ दिखाई पड़ा जिसे रोकने पर भागने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा अभियुक्त का पीछा किया गया। अभियुक्त ने अपने बचाव में पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के बाएं पैर में गोली मार दी। जिसे घायल अवस्था में जतुवा टप्पा सीएचसी ले जाया गया। जहां अभी उसका प्राथमिक उपचार किया गया। अभियुक्त की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मुठभेड़ में पुलिसकर्मी कोई भी घायल नहीं हुआ है। आगे की कार्यवाही पुलिस द्वारा की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास चोरी की एक मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा, एक खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।

# रेडीमेड की दुकान में अज्ञात कारणों से लगी आग लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ खाक

शिवगढ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रेडीमेड की दुकान में आग लगने से लाखों रुपए के नुकसान का आकलन किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड कर्मियों के दो वाहनों से कड़ी मशक्कत के बाद में आग पर पाया काबू पाया गया। घटना क्रम के अनुसार शुक्रवार शनिवार की मध्य रात्रि 1ः00 बजे के आसपास बांदा बहराइच मार्ग पर स्थित गूढ़ा चौराहा थाना क्षेत्र शिवगढ़ में साई गारमेंट्स के नाम से रेडीमेड की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें लाखों रुपए के नुकसान का आकलन किया जा रहा। जानकारी प्राप्त हुई है कि शिवगढ़ थाने की पुलिस के द्वारा रात्रि गस्त के दौरान दुकान के शटर से निकलता हुआ धुआं देखा गया। जिसकी सूचना पुलिस के द्वारा आसपास के लोग तथा दुकान के मालिक हिमांशु मिश्रा पुत्र रामकिशोर मिश्रा को दी गई। दुकान के मालिक जब तक वहां पहुंचते तब तक आग ने दुकान के अंदर विकराल रूप धारण कर लिया था। दुकान के दोनों शटर भयानक आग से लाल हो गए थे। कड़ी मशक्कत करने के बाद आसपास के लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया। परंतु आग का विकराल रूप बढ़ता जा रहा था। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों के द्वारा कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। स्थिति और बेकाबू होते देख फायर ब्रिगेड कर्मियों की दूसरी गाड़ी को भी सूचना दी गई। किसी तरह आग पर काबू पाया गया। दुकान के अंदर पूरा सामान जलकर खाक हो चुका है। जिसमें करीब 50 लाख रुपए के नुकसान का आकलन बताया जा रहा है। फायर कर्मियों की कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया गया। जिससे अगल-बगल की दुकान सुरक्षित रही। आग लगने का मुख्य कारण का आकलन अभी नहीं हो पाया है। फिलहाल इलेक्ट्रिक शॉर्ट सर्किट से आग लगने का कारण लोगों के द्वारा बताया जा रहा है।

## आगामी त्यौहारों को देखते हुए चलाया गया विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान



रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रायबरेली शहर में आगामी त्योहारों को देखते हुए भीड़-भाड़ वाले इलाकों में यातायात और आवागमन को सुगम बनाने के लिए एक विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। यह अभियान सुपर मार्केट से लेकर कैपरगंज, घंटाघर चौराहा, और रेलवे स्टेशन तक संचालित किया गया। नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने इस अभियान को अंजाम दिया, जिसमें यातायात प्रभारी इंद्रपाल सिंह सेंगर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अभियान के दौरान अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ 30 चालान काटे गए और 2 नोटिस जारी किए गए। आगामी त्योहारों के मद्देनजर शहर के प्रमुख बाजार क्षेत्रों और व्यस्त चौराहों पर बढ़ती भीड़ को देखते हुए यह अभियान शुरू किया गया। सड़कों पर दुकानदारों द्वारा किए गए अवैध अतिक्रमण, जैसे टीन शेड, छज्जे, और सड़क तक फैले सामान के कारण यातायात में बाधा और जाम की समस्या उत्पन्न हो रही थी। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य इन अतिक्रमणों को हटाकर सड़कों को खाली कराना और त्योहारों के दौरान सुगम आवागमन सुनिश्चित करना।

## खबरें एक नजर में

### चार मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। औषधि निरीक्षक रायबरेली शिवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया है कि नारकोटिक्स श्रेणी कि औषधियों के क्रय विक्रय में पाई गई अनियमितता तथा नशे के रूप मे दुरुपयोग रोके जाने हेतु औषधि अनुभाग ( खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन) द्वारा माह जुलाई मे कतिपय मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण किया गया था निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर भंडारित नारकोटिक श्रेणी की औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेख मांगे गए थे जिसे मौके मे प्रस्तुत न किए जाने के कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने हेतु संस्तुति सहायक आयुक्त औषधि लखनऊ मंडल लखनऊ को कि गई थी जिसके क्रम मे सहायक आयुक्त द्वारा कारण बताओ नोटिस उन सभी मेडिकल स्टोर को निर्गत किया गया था मेडिकल स्टोर से प्राप्त प्रतिउत्तर से यह संज्ञान मे आया की नारकोटिक श्रेणी की औषधियों का विक्रय बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के एवं बिना बिल के किया जा रहा था इसके पश्चात सहायक आयुक्त औषधि लखनऊ मंडल लखनऊ द्वारा इन मेडिकल स्टोर के लाइसेंसों को नारकोटिक औषधियों के क्रय, विक्रय एवं भंडारण हेतु तत्काल प्रभाव से लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है जिसके पश्चात नारकोटिक श्रेणी की औषधियों का क्रय-विक्रय श्याम मेडिकल स्टोर, ग्राम सराय मानिक, परशदेपुर, तहसील सलोन, रायबरेली। इंडियन मेडिकल स्टोर, ग्राम व पोस्ट अतहर, खीरों, रायबरेली। विनायक मेडिकल स्टोर, जिला परिषद मार्केट, बछरावां, रायबरेली एवं जय मां दुर्गे मेडिकल स्टोर, मुंशीगंज, रायबरेली मेडिकल स्टोरों से किया जाना अवैध रहेगा।

### सरायन नदी में डूबा 17 वर्षीय किशोर एनडीआरएफ टीम का इंतजार

रामकोट पुलिस व ग्रामीण अपने स्तर से तलाश में जुटे



सीतापुर, समृद्धि न्यूज। थाना रामकोट क्षेत्र के ग्राम पंचायत दारानगर के मजरा गद्दीपुर में सरायन नदी में एक दर्दनाक हादसा हो गया। गांव का 17 वर्षीय नवयुवक संदीप पुत्र मोती शनिवार को भैंस चराने गया था दोपहर के समय नदी के उस पार गई भैंस को लाने के लिए तैरकर पार करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन तेज बहाव के कारण वह गहरे पानी में बह गया और डूब गया। घटना की सूचना पर रामकोट पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से किशोर की तलाश शुरू की। हालांकि अब तक उसका पता नहीं चल सका है। मौके पर मौजूद पुलिस ने बताया कि एनडीआरएफ टीम की प्रतीक्षा की जा रही है, फिलहाल टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी है। इस बीच गांव के लोग व पुलिसकर्मी अपने स्तर से नदी में गोताखोरी और तलाश का प्रयास कर रहे हैं। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भाकियू की मासिक किसान पंचायत आयोजित

बिसवां, समृद्धि न्यूज। सीतापुर भारतीय किसान यूनियन बिसवां इकाई ने शनिवार को मासिक किसान पंचायत का आयोजन किया। पंचायत की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल ने की तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा ने किया। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। किसानों ने उपजिलाधिकारी शिखा शुक्ला को 13 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम में तहसील अध्यक्ष शिवराज सिंह पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा, महमूदाबाद तहसील अध्यक्ष सम्त वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष पवन वर्मा सहित किसान नेता जय सिंह, प्रमोद वर्मा, शिवा वर्मा, अनुज कुमार, सोनू, महेंद्र सिंह और कमलेश पटेल मौजूद रहे।

### ट्रक-रोडवेज बस में जोरदार भिड़ंत



अमेठी, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र भाले सुल्तानी शहीद स्मारक के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज़ रफ़्तार से बड़ा हादसा होने से टल गया। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र के पास एक रोडवेज बस और ट्रक में जोरदार टक्कर हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक, बस सवारियों को उतारने के लिए सड़क किनारे रुकी थी। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज़ रफ़्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बस से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। किन्तु सभी यात्री हादसे में बाल-बाल बच गए और किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई।

### मिशन शक्ति के सफल क्रियान्वयन के लिए एसपी ने की गोष्ठी

अमेठी, समृद्धि न्यूज। आगामी शारदीय नवरात्र के दृष्टिगत मिशन शक्ति अभियान के सफल क्रियान्वयन हेतु शुक्रवार को देर शाम जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा पुलिस कार्यालय गौरीगंज में नोडल अधिकारी व थानों पर नियुक्त बीट महिला अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीट उपनिरीक्षक, नोडल अधिकारी व महिला बीट आरक्षी को अपने अपने बीट में जाकर कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण, विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों जैसे 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन,112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइऩ, 102-स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक करने हेतु व स्कूल कॉलेज के खुलने व बंद होने के समय व महिला छात्रावास के पास एंटीरोमियो टीम द्वारा सक्रिय रुप से भ्रमणशील रह कर मनचलों व शोहदों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही हेतु बताया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक श्वेताभ भास्कर व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।



### सेवा पखवाड़ा के तहत राज्यमंत्री ने किया पौधरोपण

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपरांत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मनाये जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वानस्पतिक उद्यान केंद्र रायबरेली में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपरांत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रदेश भर में प्रदेश के मुखिया महंत योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिसके तहत आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम रायबरेली में आयोजित किया गया है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष भाजपा बुद्धीलाल पासी सहित उद्यान विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डलमऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा भीरा गोविंदपुर व पखरौली मे कोटेदार की घटतौली से परेशान ग्रामीण शनिवार को भारी संख्या में तहसील दिवस में डीएम से मिलने पहुंचे। लेकिन तहसील दिवस में अचानक डीएम के आने का कार्यक्रम स्थगित हो गया। जिसपर ग्रामीणों ने मामले की शिकायत जिलापूर्ति अधिकारी व एसडीएम से कर कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है। डलमऊ तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

तहसील दिवस डीएम व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित होनी था। परंतु डीएम व पुलिस अधीक्षक की अनुपस्थिति में एसडीएम सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 29 शिकायत पत्र आए जिनमे से पांच शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया।

कोटेदार द्वारा की जा रही घटतौली की ग्रामीणों ने की शिकायत



### डीएम के आने की उम्मीद पर घंटों बैठे रहे फरियादी

कोटेदार की घटतौली से परेशान ग्राम सभा भीरा गोविंदपुर व पखरौली के ग्रामीणों अपनी फरियाद बताने तहसील दिवस में आये थे । ग्रामीणों ने डीएम के ना आने पर घटो सड़क के किनारे बैठकर इंतजार भी किया जब डीएम नही आई तो एसडीएम को शिकायती पत्र सौंपा। एसडीएम सत्येंद्र सिंह ने कार्यवाही का भरोसा दिलाते हुए ग्रामीणों को शांतिपूर्वक घर भेजा। इस मौके पर ग्राम सभा पखरौली से सुशील सैनी के साथ ननकी मानशी शिवप्यारी, पूनम, बिट्ला , फुलवासा, राकेश, प्रेम, रूबी, छोटेलाल, रमेश कुमार व भीरा गोविंदपुर से रामबरन, ज्ञानवती, निशा, सुनीता, हरिकेश, चंद्रावती, राजवती, रामदुलारी, सुकेश आदि मौजूद रहे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन आयोजित

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी नीरज सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला द्वारा की गई सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष व मुख्य अतिथि द्वारा भाजपा के महापुरुषों के चित्र पर पुष्पांजलि एवं दीप प्राज्जवलन किया गया।



तत्पश्चात जिला अध्यक्ष द्वारा मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया अपने उद्बोधन में जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज हम सब बहुत भाग्यशाली हैं जो हमारे देश में नरेंद्र मोदी जैसा व्यक्तित्व प्रधानमंत्री के रूप में है आज विश्व भारत की ऊर्जा का सम्मान कर रहा है अमेरिका से लेकर चीन तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीति और राजनीति का लोहा मान रहे हैं प्रबुद्ध वर्ग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास का एक मंच तैयार किया है। जिसमें देश के प्रबुद्ध जन भारत माता को विश्व का सिरमौर बनने के लिए अपना अथक प्रयास कर रहे हैं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश भी डाला। साथ ही मुख्य अतिथि जिला प्रभारी नीरज सिंह ने अपने भाषण में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत होने वाले सभी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संघ के काल से प्रधानमंत्री के काल तक की गई राष्ट्र सेवा व अथक परिश्रम के विषय में विस्तार से प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि आज और भविष्य के भारत के लिए मोदी का वीजन और नेतृत्व कितना आवश्यक है। उन्होंने प्रबुद्ध जनों से आगामी समय में भारतीय जनता पार्टी के लिए तन मन से समर्पित होकर कार्य करने का आवाहन भी किया।

कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला मंत्री जय सिंह के द्वारा किया गया

इस अवसर पर तुषार साहनी, अशोक प्रजापति, कमलेश पांडे गोविंद भारती मनोज मिश्रा अभिजीत त्रिपाठी बृजेश रस्तोगी महेश शर्मा विश्राम सागर राठौर रोहित सिंह सुधाकर शुक्ला नैमिष रतन तिवारी सचिन मिश्रा उदित बाजपेई सुनील मिश्रा, तरुण शुक्ला ऋषभ त्रिवेदी अनित मिश्रा सहित राहुल तिवारी सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।।

### शुगर फैक्ट्री में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



बिसवां, समृद्धि न्यूज। सीतापुर सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री में केजीएमयू लखनऊ की टीम द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें इनर व्हील क्लब व जेसीआई एलीट बिसवां का भी सहयोग रहा । शिविर का उद्घाटन करते हुए चीनी मिल के महाप्रबंधक गन्ना डॉ. अनूप कुमार ने कहा रक्तदान एक महादान है इस दान से जीवन के संघर्ष करने वाले को खून की अवस्यकता पड़ने पर नया जीवन मिलता है। उन्होंने कहा जो भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है वह रक्तदान अवश्य करें ।केजीएमयू के चिकित्सक ज्योति तिवारी के नेतृत्व में एक टीम द्वारा रक्तदाताओं का रक्त लिया गया। मिल के चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित सक्सेना ने कहा रक्तदान से शरीर में रक्त की कमी नहीं होती है जो रक्तदान में दिया जाता है वह कुछ ही घंटे में उसके शरीर में उसकी पूर्ति हो जाती है। सहायक प्रबंधक संतोष सिंह ने बताया यह रक्तदान शिविर बीते वर्ष 2013 से लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष लगभग 70 से 80 यूनिट रक्तदान में दिया जाता है। जो लोगों की जिंदगी को बचाने का कार्य करता है। शिविर में 62 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक तकनीक पी. के. सरकार ,वित्त महाप्रबंधक रमेश नौसरिया, कंप्यूटर प्रबंधक रहमत रसूल, मिल प्रबंधन शौर्य बालयान, जेसीआई अध्यक्ष अंकित बंसल, सचिव आयुष नाथ सिंह, इनर व्हील क्लब की अध्यक्ष गुरमीत कौर ,सचिव तुलसी गुप्ता, क्लब की ज़ोनल हेड रेनू मेहरोत्रा सहित मिल के अधिकारी कर्मचारी सहित संस्थाओं के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# आकस्मिक दबिश में पकड़ी गई 75 लीटर अवैध कच्ची शराब

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

जनपद पुलिस अधीक्षक व जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में शनिवार को जनपद में गठित आबकारी टीम द्वारा ग्राम- बेसन का पुरवा, सरवन पुर, बाहापुर व हंसा का पुरवा में आकस्मिक दबिश दी गयी। दबिश के दौरान आबकारी क्षेत्र - मुसाफ़िर खाना के अंतर्गत थाना- मुसाफिरखाना के ग्राम- हंसा का पुरवा से लगभग 75 ली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा लगभग 200किलो ग्राम लहन महुआ मौके पर नष्ट किया। इस कार्यवाही मे 3अभियोग आबकारी अधिनियम में पंजीकृत किए तथा ग्राम वासियो को अवैध शराब पीने से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करते हुए विभाग के संबंधित निरीक्षक



के मोबाइल नम्बर पर अवैध शराब के निर्माण करने व बेचने की रोकथाम हेतु सूचना देने की अपील की गई। उक्त दबिश की कार्यवाही मे चंद्रभान वर्मा,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र- मुसाफ़िर खाना व समस्त स्टाफ से तीरथ नाथ, संजय सरोज, सर्वेश वर्मा, सुलेखा देवी आदि शामिल रहे।

# बंगाली समन्वय समिति ने की दुर्गा पूजा की तैयारियां प्रारंभ

सीतापुर, समृद्धि न्यूज।

श्री श्री शारदीय दुर्गात्सव बंगाली समन्वय समिति 'रजि' द्वारा स्थानीय राजा कॉलेज मैदान निकट लालबाग में दुर्गा पूजा उत्सव धूमधाम से मनाए जाने की तैयारियां जोरो पर चल रही है।

यह उत्सव आगामी 27 सितम्बर से प्रारंभ होकर 02 अक्टूबर तक चलेगा, जिसमें बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा अपने विधि-विधाने से पूजन-अर्चन किया जाएगा। आयोजित होने वाले दुर्गापूजा की तैयारी को लेकर कोलकाता से पंडाल व सजावट कराने के लिए विशेष कारीगर बुलाए गए है। जिनको द्वारा विगत कई दिनों से निरन्तर कार्य किया जा रहा है। कारीगर द्वारा निर्मित किया जा रहा पण्डाल कोलकाता शहर में होने वाले दुर्गा पूजा पण्डाल के तौर पर वृहद रूप से बनाया जा रहा है। जो कि इस बार आकर्षण का केन्द्र भी रहेगा। जनपद सीतापुर के समस्त बंगाली समुदाय को लोग दुर्गा पूजा में शामिल होकर अपना उत्सव मनाएंगे। दुर्गा पूजा के उत्सव में प्रसाद वितरण व माँ दुर्गा के भोग आदि पूजन-अर्चन समेत अनुष्ठान की तैयारियां शुरू कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के संरक्षण में प्रथम बार आयोजित होने वाला दुर्गा पूजा इस बार आकर्षण का केन्द्र रहेगा। समन्वय समिति के अध्यक्ष व सचिव समेत समस्त पदाधिकारी होने वाले इस दुर्गा उत्सव के हर पहलू पर नजर बनाते हुए तैयारियों में जुटे हुए है।

कोलकाता के कारीगरों द्वारा तैयार हो रहा दुर्गा पूजा का वृहद पण्डाल



### प्रसिद्ध बंगाली म्यूजिक 'बाउल गान' का भी होगा आयोजन

श्रीश्री शारदीय दुर्गात्सव बंगाली समन्वय समिति के होने वाले दुर्गोत्सव में प्रसिद्ध बंगाली म्यूजिक बाउल गान का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शिशु शिल्पी जयन्त व शिव शंकर विश्वास अपने प्रस्तुति देंगे। वही बंगाली कीर्तन का आयोजन भी देखने लायक होगा। इसी के साथ रोजाना माँ दुर्गा की विभिन्न वस्तुओं से आरती व ढाकी नृत्य, कुवारी पूजा, संधि पूजा आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

# डीएम व सीडीओ के मार्गदर्शन में खाद्य प्रसंस्करण को मिला नया आयाम

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना जनपद में ग्रामीण स्तर पर उद्यमिता को बढ़ावा देने और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को नई दिशा देने में अहम भूमिका निभा रही है। इसी कड़ी में विकास खण्ड गौरीगंज के ग्राम रौजा निवासी दिलीप कुमार ने योजना का लाभ लेकर एक मिसाल कायम की है। दिलीप कुमार ने योजनान्तर्गत 6.25 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की और अखिल मसाले ब्रांड नाम से इकाई का शुभारंभ किया। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उन्हें प्रोजेक्ट कास्ट का 35त्न अनुदान भी उपलब्ध कराया गया। इस इकाई में हल्दी, मिर्च, धनिया, गरम मसाला, सब्जी मसाला, छोला मसाला, पनीर मसाला, बिरयानी मसाला, अमचूर पाउडर, काली



मिर्च पाउडर, जीरा पाउडर, रायता मसाला, राजमा मसाला आदि अनेक प्रकार के मसाले तैयार किए जा रहे हैं। यह इकाई वार्षिक रूप से लगभग 50 लाख रुपये का टर्नओवर कर रही है। इसके अलावा इकाई ने सरसों का तेल, बेसन, मिश्रित आटा, मैदा आदि उत्पादों का निर्माण भी प्रारंभ कर दिया है। अनेक लोग प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से इस इकाई से जुड़कर आर्थिक लाभ कमा रहे हैं।

# सीएमएस ने बांटे 18 नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट व प्रशस्ति पत्र

अमेठी समृद्धि न्यूज़।

जनपद में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, तक सेवा पखवाड़ा-स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार कार्यक्रम मनाया जा रहा है। शनिवार को महिला कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। कार्यक्रम के तहत मलिक मोहम्मद

जायसी संयुक्त जिला चिकित्सालय, गौरीगंज में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना अन्तर्गत कन्या जन्मोत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बी.पी. अग्रवाल ने 18 नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त दत्तक ग्रहण व फास्टर केयर पर विशेष जागरूकता शिविर





का आयोजन हुआ, जिसमें नवजात बच्चों को गोद लेने की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही महिला व बालिका सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य/कोविड), स्पॉन्सरशिप योजना तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना-के बारे में भी विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में मिशन वात्सल्य योजना, वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन तथा हव फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन की टीम भी उपस्थित रही।

# मिशन शक्ति फेज 5.0 का शुभारम्भ एनआईसी में हुआ सजीव प्रसारण





अमेठी समृद्धि न्यूज।

शनिवार को जनपद में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को समर्पित विशेष अभियान मिशन शक्ति-5.0 का शुभारम्भ लोक भवन सभागार लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा किया गया। यह अभियान 22 सितंबर से 21 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के सभी 1,647 थानों में नवस्थापित महिला सुरक्षा केंद्रों का उद्घाटन किया गया।

साथ ही मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी पुस्तिकाओं का विमोचन तथा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद भी हुआ। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में भी देखा गया। एनआईसी में जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी संजय चौहान, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाइव प्रसारण देखा। नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति नोडल अधिकारी, महिला सहायता चौकी जामो व महिला रिपोर्टिंग चौकी मोहनगंज की महिला अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। इसके अलावा जनपद के सभी थानों पर थाना प्रभारी व अधिकारी कर्मचारी गणों ने भी इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से दो जोड़े साथ रहने को हुए राजी



अमेठी, समृद्धि न्यूज। मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत शनिवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से दो वैवाहिक जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से दो विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, तथा थाना प्रभारी व जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व उनकी टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## लेखक समाज की अग्निपरीक्षा का समय

साहित्य अकादमी भारत की सबसे प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था मानी जाती रही है। यह केवल एक सरकारी निकाय नहीं बल्कि भाषाओं और साहित्य की विविध परंपराओं का प्रतीक भी है। ऐसे में जब इस संस्था के शीर्ष पदाधिकारी पर यौन उत्पीड़न के गंभीर आरोप लगते हैं और अदालत यह स्थापित कर देती है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया है, तो यह केवल व्यक्तिगत नैतिक विफलता नहीं बल्कि पूरे साहित्यिक समाज पर धब्बा है। दिल्ली उ च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि अकादमी का सचिव यौन उत्पीड़न से महिलाओं की रक्षा अधिनियम के तहत नियोक्ता की श्रेणी में आता है और शिकायतकर्ता की बर्खास्तगी प्रतिशोध का परिणाम थी। अदालत ने उन्हें बहाल करने का आदेश दिया और यह भी माना कि अकादमी ने जाँच की निष्पक्ष प्रक्रिया को बाधित किया। यह टिप्पणी किसी साधारण प्रशासनिक गड़बड़ी की ओर इशारा नहीं करती बल्कि यह दर्शाती है कि संस्था के भीतर शक्ति का उपयोग न्याय की रक्षा के बजाय दमन के लिए किया गया। पीड़िता के आरोप मामूली नहीं थे। अनचाहे स्पर्श, अश्लील टिप्पणियाँ और लगातार यौन दबाव जैसे अनुभव उन्होंने साझा किए। यह कोई एक बार की घटना नहीं बल्कि एक सिलसिला था। संस्थान के भीतर कई लोग इस वातावरण से परिचित थे फिर भी चुप्पी साधे रहे। यही चुप्पी उत्पीड़क को और निर्भीक बनाती है और पीड़िता को और अकेला कर देती है। साहित्य की असली शक्ति उसकी नैतिकता में है। अगर साहित्यकार समाज के अन्याय पर कलम चलाते हैं लेकिन अपने ही घर के अन्याय पर चुप रहते हैं तो साहित्य की विश्वसनीयता खो जाती है। जब तक आरोपी सचिव अपने पद पर बना रहता है तब तक अकादमी के किसी भी आयोजन में भागीदारी स्वयं कलंक का हिस्सा बनने जैसा होगा। पुरस्कार लेना, कविताएँ पढ़ना या गोष्ठियों में शिरकत करना मानो यह स्वीकार करना होगा कि हम उत्पीड़न को नजरअंदाज कर सकते हैं। इस समय आवश्यकता है शून्य सहनशीलता की। यौन उत्पीड़न और जातिगत उत्पीड़न जैसे अपराधों पर कोई समझौता नहीं हो सकता। जब संस्था का शीर्ष अधिकारी ही आरोपी हो और फिर भी पद पर बना रहे, तो यह संदेश जाता है कि संस्थान अपराध को ढकने के लिए तत्पर है। इससे न केवल पीड़िता हतोत्साहित होती है बल्कि अन्य महिलाएँ भी शिकायत दर्ज कराने से डरने लगती हैं। यह वातावरण पूरे साहित्यिक समाज के लिए घातक है। चिंताजनक यह भी है कि कुछ प्रकाशक ऐसे व्यक्तियों को अब भी मंच दे रहे हैं। उन्हें बड़े लेखक की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है, उत्सवों और मेलों में सम्मानित किया जा रहा है। यह प्रवृत्ति केवल बिक्री–लाभ का मामला नहीं है, बल्कि यह उत्पीड़न की संस्कृति को सामाजिक मान्यता देने जैसा है। ऐसे में लेखकों और पाठकों की ज़िम्मेदारी है कि वे ऐसे प्रकाशकों से सवाल पूछें। साहित्यिक गरिमा केवल शब्दों में नहीं बल्कि आचरण में भी झलकनी चाहिए। यह समय लेखक समाज की अग्निपरीक्षा का है। क्या हम चुप रहेंगे और संस्था की रक्षा के नाम पर अन्याय को ढकेंगे, या न्याय और सम्मान के लिए खड़े होंगे। अकादमी की प्रतिष्ठा उसकी इमारतों और पुरस्कारों से तय नहीं होती, वह उसकी पारदर्शिता और नैतिक आचरण से तय होती है। अगर यह खो जाएगी तो सारे पुरस्कार और समारोह खोखले अनुष्ठान भर रह जाएँगे। लेखकों को अब साफ़ रुख अपनाना होगा। जब तक आरोपी पद पर है, तब तक अकादमी के किसी भी कार्यक्रम में भागीदारी नहीं होनी चाहिए। यह बहिष्कार केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं बल्कि समाज को स्पष्ट संदेश देगा कि साहित्य अन्याय के साथ समझौता नहीं कर सकता।

# मोदी की पहचान : त्वरित व समयानुकूल कड़े निर्णय की क्षमता

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



**अच्छे-बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद नहीं हो सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली-मोहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुंह की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना-प्रत्यालोचना या आगे-पीछे सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरा उतरे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन या एक काम से नहीं बनती।**

मार्निंग कंसल्ट की वैश्विक मंच पर लोकप्रियता के ताजातरीन सर्वे में एक बार फिर 75 वर्षीय नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता या यों कहें कि एप्रूवल रेट 75 प्रतिशत रही है। यह विश्व के अन्य नेताओं की तुलना में कहीं अधिक है तो दूसरी और पिछले दिनों प्यू रिसर्च की रिपोर्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर भरोसा जताने वाले केवल 40 प्रतिशत लोग ही रह गए और इनमें भी केवल मात्र 15 फीसदी ही ऐसे लोग है जो पूरी तरह से ट्रंप पर भरोसा कर रहे हैं।

चुनाव के समय 81 प्रतिशत भरोसे लायक नेता पर 40 प्रतिशत अमेरिकीयों का भरोसा और इनमें से भी 25 प्रतिशत का थोड़ा भरोसा तो केवल 15 प्रतिशत अमेरिकी ही ट्रंप पर पूरी तरह से भरोसा जता रहे हैं। 59 प्रतिशत अमेरिकीयों को तो ट्रंप पर अब बिलकुल भी भरोसा नहीं रहा है। एक बात और साफ हो जानी चाहिए कि मार्निंग कंसल्ट के इस सर्वे में दूसरे पायदान पर रहने वाले दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति लीजे म्युंग को 59 प्रतिशत और अर्जेंटिना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई को 57 प्रतिशत का एप्रूवल मिला है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एप्रूवल देश में ही नहीं विदेशों में भी साफ सुथरी छवि के कारण है। इसके साथ ही कूटनीति, तकनीक, रक्षा, अर्थव्यवस्था और किसी के सामने नई झुकने की जिद ने और अधिक लोकप्रियता बढ़ा दी है। खास बात यह है कि विरोधी चाहे कितना भी शोर मचाएं इसमें दो राय नहीं और इससे भी बढ़कर कि आपरेशन सिन्दूर को लेकर देशवासियों और विदेशियों किसी को भी नरेन्द्र मोदी और सेना के कथन पर किसी तरह का कोई संदेह नहीं है। गाहे-बेगाहे पाकिस्तान तक ऑपरेशन सिन्दूर की टीस को व्यक्त कर ही देता है। ऐसे में विरोधियों द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर पर जिस तरह नकारात्मकता व्यक्त की जाती हैं वह कहीं ना कहीं मोदी और मोदी सरकार की विश्वसनीयता को और बढ़ाने में ही सहायक है।

यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि नरेन्द्र मोदी अपनी जीवन की अमृतवेला मना रहे है। 75 साल के नरेन्द्र मोदी जिस अदम्य साहस और दृढ़ता का परिचय दे रहे हैं और खासतौर से जिस तरह अमेरिका और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ के आगे झुकने से पूरी तरह नकार कर लगता है अब तो ट्रंप को ही झुकने को मजबूर होने जैसे हालात कर दिए हैं।

आज भारत और नरेन्द्र मोदी को दुनिया का कोई देश या दुनिया का कोई नेता हल्के में नहीं ले सकता। इसका कारण भी है- भारत आज आंख में आंख डाल कर बात करने की हैसियत रखता है। ट्रंप की बौखलाहट से इसे आसानी से समझा जा सकता है। दरअसल आज के दौर में वैश्विक नेता के रुप में बोल्ड होने, एग्रेसिव होने, कठोर व त्वरित निर्णय लेने वाले नेता लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं।

अच्छे-बुरे परिणाम की चिंता कर निर्णय की उहापोह में फंसे नेता आज के लोगों की पसंद नहीं हो सकते। इसका बड़ा कारण दुनिया में वैश्विक संकटों का दौर चलना है। पर यह भी समझ लेना होगा कि दुनिया के लोग ट्रंप जैसे अंहकारी, तुगलकी निर्णय करने वाले, गली-मोहल्ले के दादाओं जैसे व्यवहार करने वाले और नासमझी भरे निर्णयों और फिर उन निर्णयों पर मुंह की खाने वाले नेताओ को भी पसंद नहीं करते। संकटों के दौर में लोगों का यह मानना रहता है कि हमें आलोचना-प्रत्यालोचना या आगे-पीछे सोच कर निर्णय लेने वाला नहीं अपितु त्वरित और कठोर निर्णय लेने वाला नेता चाहिए। इसमें कोई दो राय नहीं कि नरेन्द्र मोदी इस पर खरा उतरे हैं। एक बात साफ हो जानी चाहिए कि विश्वसनीयता एक दिन या एक काम से नहीं बनती। इसके साथ ही केवल व्यक्ति विशेष को निशाना बनाने से भी कोई खास हासिल नहीं हो सकता। अच्छे को अच्छा और बुरे को बुरा कहने की आदत डालें तो शायद आम जनता में अधिक प्रभावी तरीके से अपनी बात रख कर लोगों को अपने पक्ष में किया जा सकता है।

जब राष्ट्रीय अस्मिता पर और सेना के पराक्रम को प्रश्नों में उभारा जाता है तो लाख कमियों के बावजूद सच्चा राष्ट्रप्रेमी नागरिक इसे स्वीकार नहीं पाता। यही कारण है कि नरेन्द्र मोदी को जितना निशाना बनाया जाता है मोदी उस निशाने से और अधिक निखार के साथ उभरते आ रहे हैं। आज जब ट्रंप भारत की अर्थव्यवस्था को नकारते हैं तो यह देशवासियों के गले उतरने वाली बात नहीं होती। इसी तरह जब ऑपरेशन सिन्दूर पर प्रश्नचिन्ह उठाया जाता है तो आमजन इसे देश के खिलाफ आवाज और सेना के असम्मान के रुप में देखता है।

जब संविधान की प्रति उठाकर संविधान बचाओ की बात करते हैं तो उनकी सरकार के समय ही संसद से पास अधिसूचना को सार्वजनिक रुप से फाड़ने को याद करते हैं। जीएसटी को लेकर प्रश्न उठाते हैं तो आज इससे मिल रही राहत को जनता कैसे नकार सकती है। इसलिए सकारात्मक विरोध के साथ आगे आकर ही मोदी और मोदी की नीतियों का पार पा सकते हैं। संसद और विधानसभाओं में गतिरोध का दौर चलता है, खुली चर्चाएं हो नहीं पाती, सत्र सालों-साल छोटे होते जा रहे हैं। आधी-आधी रात तक होने वाली चर्चाएं अब बीते दिनों की बात हो गई। ऐसे में केवल आरोप-प्रत्यारोप के भरोसे मोदी पर जीत की बात बेमानी है। दूसरी बात यह कि हम बड़ी लकीर खींच कर दूसरी लकीर को छोटी बता सकते हैं, हो इसका उल्टा रहा है। मोदी जी के शतायु होने की कामना के साथ आज देश उनकी ओर देख रहा है। देश को अभी मोदी और उनके जैसे नेतृत्व की आवश्यकता है जिससे आजादी के शताब्दी वर्ष तक देश विश्व की सबसे बड़ी ताकत बन कर उभर सके।

## ड्रोन और ड्रग्स

यह अच्छी बात है कि केंद्र की राजग सरकार ने वर्ष 2047 तक भारत को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया है। राज्य सरकारों ने भी प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को भरपूर समर्थन का वायदा किया है।

हालांकि, यह महत्वाकांक्षी लक्ष्य तब तक हासिल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि अंतर्राष्ट्रीय साजिश से नशे के संकट को झेल रहे राज्यों में सबसे संवेदनशील पंजाब के हालात पर विशेष ध्यान नहीं दिया जाता है।

पंजाब में सीमा पार से चलाये जा रहे नशे के कारोबार की साजिश से पंजाब किस हद तक त्रस्त है, इस सप्ताह की शुरुआत में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो यानी एनसीबी की 2024 की रिपोर्ट से वह भयावह तसवीर उभरती है। एनसीबी की रिपोर्ट के अनुसार पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान से इस सीमावर्ती राज्य में आये ड्रग्स से लदे ड्रोनों के देखे जाने और बरामद होने की घटनाओं में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी गई है। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने चिंता जतायी है कि सीमा पार से नशीले पदार्थों की तस्करी के लिये ड्रोन का इस्तेमाल भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिये भी एक बड़ा खतरा बनकर उभर रहा है। इन हालात को देखकर कानून प्रवर्तन और सीमा सुरक्षा एजेंसियों के हाथ-पांव फूल रहे हैं।

### विचार

# आतंकवाद पर सहानुभूति : न्याय के बीच एक जरूरी सवाल

डॉ. मयंक चतुर्वेदी



पीडीपी प्रमुख और जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा गया पत्र, जिसमें उन्होंने जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के नेता यासीन मलिक के प्रति मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील की है। महबूबा मुफ्ती का तर्क यह है कि मलिक ने हिंसा छोड़कर राजनीतिक मार्ग अपनाया है और वे गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं इसलिए उनके कष्टों पर विचार होना चाहिए। वस्?तुत~ यह सिर्फ एक राजनीतिक निवेदन भर नहीं है; यह हमारे नैतिक विवेक, न्याय के सिद्धांत और पीड़ितों के प्रति संवेदनशीलता का बड़ा परीक्षण भी है कि क्या आतंकवादियों पर दया दिखाना उचित है?

यासीन मलिक की आतंकवादी गतिविधियों का सबसे प्रमुख और जाना-माना मामला 1989 में हुए रुबैया सईद अपहरण से जुड़ा है। उस वर्ष 8 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद को किडनैप कर लिया गया था। रुबैया उस वक्त मेडिकल इंटर्न थीं और हॉस्पिटल से अपने घर जा रही थीं, तभी उन्हें एक बस में जबरन उतार कर जेकेएलएफ के आतंकवादियों ने अगवा कर लिया। यह अपहरण पूरी तरह योजनाबद्ध था, जिसमें यासीन मलिक की मुख्य भूमिका मानी जाती है। रुबैया सईद ने कोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यासीन मलिक को अपने अपहरणकर्ताओं में एक के रूप में पहचाना है।

इस अपहरण के बदले में आतंकवादियों ने पांच आतंकियों की रिहाई की मांग की थी, जिन्हें सरकार को छोड़ना पड़ा था। यह घटना न केवल जम्मू-कश्मीर में तनाव की आग भड़काने वाली साबित हुई बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी एक बड़ी चुनौती थी। यासीन मलिक के खिलाफ अन्य गंभीर आरोपों में 1990 में भारतीय वायुसेना के कुछ अधिकारियों पर हमला शामिल है। इसके अलावा वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के 2017 के आतंकी वित्तपोषण मामले में भी आरोपी हैं। इन मामलों में मलिक को उम्रकैद की सजा मिली है और वह वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। सजा के बावजूद यासीन मलिक की गतिविधियां और उनके समर्थकों की कई बार मानवीय दृष्टिकोण से उनकी रिहाई की मांग उठती रही है, जिस पर राजनीतिक विवाद भी होता रहा है। पर हकीकत यही है कि यासीन के खिलाफ लगे गंभीर आरोप और आतंकवादी गतिविधियों की गवाही इसकी गंभीरता दर्शाती है ।

सवाल यह भी उठता है कि क्या किसी की कथित 'बदली हुई' पहचान और बीमारी उसके पूर्वकृत्यों की स्मृतियों को मिटा देती है? क्या सहानुभूति का मतलब अपराधों के नकारात्मक प्रभावों को भुला देना हो सकता है? वास्तव में जो इस तरह की मानवीयता के आधार पर आतंकवादियों का समर्थन करते हैं, उन्हें नहीं भूलना चाहिए कि आतंकवाद केवल कानूनी शब्दावली का मसला नहीं है, यह मानवता के विरुद्ध एक हिंसक हमला है। जब आतंकवादी निर्दोष नागरिकों, महिलाओं, बच्चों और सुरक्षा बलों पर हमले करते हैं, तब किसी भी समाज का तंत्र सुरक्षा संकट का सामना करता है। उन परिवारों की जिंदगियाँ बिखर जाती हैं जिनके अपनों को खोया गया। 26/11 मुंबई हमला, पुलवामा जैसे हमले और लंबे वर्षों से कश्मीरी सन्दर्भ में हुए अनगिनत रक्तरंजित मामलों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद का परिणाम केवल एक व्यक्तिगत अपराध नहीं होता, यह पूरे समाज की आस्था और सुरक्षा पर चोट करता है। इन हत्याओं से जुड़े जख्मों का

**यासीन मलिक की आतंकवादी गतिविधियों का सबसे प्रमुख और जाना-माना मामला 1989 में हुए रुबैया सईद अपहरण से जुड़ा है। उस वर्ष 8 दिसंबर को जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन केंद्रीय गृह मंत्री मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबैया सईद को किडनैप कर लिया गया था। रुबैया उस वक्त मेडिकल इंटर्न थीं और हॉस्पिटल से अपने घर जा रही थीं, तभी उन्हें एक बस में जबरन उतार कर जेकेएलएफ के आतंकवादियों ने अगवा कर लिया। यह अपहरण पूरी तरह योजनाबद्ध था, जिसमें यासीन मलिक की मुख्य भूमिका मानी जाती है। रुबैया सईद ने कोर्ट में प्रत्यक्षदर्शियों की मौजूदगी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यासीन मलिक को अपने अपहरणकर्ताओं में एक के रूप में पहचाना है। सवाल यह भी उठता है कि क्या किसी की कथित 'बदली हुई' पहचान और बीमारी उसके पूर्वकृत्यों की स्मृतियों को मिटा देती है? क्या सहानुभूति का मतलब अपराधों के नकारात्मक प्रभावों को भुला देना हो सकता है?**

इलाज सिर्फ शब्दों से, या किसी नेता की सहानुभूति से नहीं हो सकता है, इसके लिए न्याय प्रक्रिया, जवाबदेही और पीड़ितों के अधिकारों की संवेदनशील रक्षा अनिवार्य है। यासीन मलिक जैसे मामलों में दो अलग-अलग लेकिन परस्पर जुड़ी बातें सामने आती हैं, एक राज्य की यह जिम्मेदारी थी कि वह कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए दोषियों को ऐसी सजा दिलवाने की पहल करता, जो कानून के अनुरूप होती। दूसरा- समाज की यह नैतिक जिम्मेदारी कि वह पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ खड़ा रहे। यह होना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति की बीमारी या किसी भी वक्त के पश्चात् अपनाया गया राजनीतिक रास्ता, अनसुलझे और गंभीर आरोपों की जांच-परख और सम्भवत~ दंड प्रक्रिया की जगह नहीं ले सकता। क्या पूर्व अपराधों को केवल इस आधार पर नजरअंदाज किया जा सकता है कि आरोपी ने अब राजनीतिक बहस का रास्ता चुना है? यह सही है कि किसी भी अपराधी को सुधार का अवसर दिया जाना न्याय व्यवस्था का एक स्तम्भ है, पर आतंकवाद की हद तक पहुँच चुके मामलों में यह प्रश्न उठता है कि क्या वही दमन, हिंसा और निर्दोषों की हत्याएँ सुधार के दायरे में आ सकती हैं। जब कोई हिंसा का औजार बन चुका व्यक्ति ऐसी क्रूरता का माध्यम रहा हो, तब पहले यह देखा जाना चाहिए कि उसके खिलाफ दर्ज मामलों की गंभीरता क्या है, क्या तथ्य और साक्ष्य हैं, और क्या वह सच्चाई से सामना करने तथा दायित्व निभाने को तैयार है? सिर्फ कथन से यह तय नहीं होना चाहिए कि अपराधी ने मन बदल लिया है।

### तर्पण

## अधूरा रह गया बिटिया लक्ष्मी का डॉक्टर बनने का सपना








समय से पहले ही ईश्वर ने मेरी प्यारी बिटिया लक्ष्मी को मुझसे छीन लिया इसके कारण उसका डॉक्टर बनने का सपना अधूरा रह गया। मेरी बिटिया लक्ष्मी निवाड़ी रोड मोदीनगर (गाजियाबाद) स्थित एक डेंटल मेडिकल कॉलेज में बीएएमएस तृतीय वर्ष की छात्रा थी। वह निवाड़ी रोड पर सूर्या एन्क्लेव कॉलोनी में किराये के पीजी कमरे में रहती थी। पढ़ने में होशियार लक्ष्मी गुप्ता बीएएमएस करने के साथ ही नीट की तैयारी भी कर रही थी। 14 जून 2023 को आए परीक्षा परिणाम में उसने एमबीबीएस के लिए नीट में क्वालीफाई कर लिया था। उसी रात उसने फोन करके मुझे यह खुशखबरी दी थी लेकिन होनी को कुछ और ही मंजूर था। पिछले वर्ष 14/15 जून 2023 की रात में ही किसी समय उसकी हत्या कर दी गई। वहां की पुलिस आज दिन तक इस हत्याकांड का खुलासा नहीं कर पाई है। आज वह हमारे बीच नहीं है, लेकिन मुझे व मेरे परिवार को ऐसा लगता है जैसे वह हम सबके आसपास ही है। पितृपक्ष व श्रद्धा के महापर्व पर उसको शत-शत नमन।

सम्मुख नहीं तुम हमारे, हृदय में तुम्हारा वास है। मुस्कुराता हुआ चेहरा तुम्हारा, हमारी जिंदगी की आस है।

**धर्मेंद्र, बीना गुप्ता**
**सेवाराम ट्रेडिंग कंपनी नवीन मंडी छिबरामऊ,**
**नीरज कोल्ड स्टोरेज तालग्राम (कन्नौज),**
**भारत कोल्ड स्टोरेज भोगांव (मैनपुरी)**



## राशिफल

**मेषः–** विचारों की अस्थिरता आपको उलझनपूर्ण परिस्थिति में डालेगी। नौकरी-व्यवसाय के क्षेत्र में स्पर्धायुक्त वातावरण रहेगा। नए कार्य करने के लिए प्रेरित होंगे। प्रवास की संभावना है।

**वृषभः–** मन की दुविधा ठोस निर्णय पर आने से रोकेगी जिससे हाथ आए अवसर आप खो देंगे। झक्की व्यवहार के कारण संघर्ष में उतरने की संभावना है। नए कार्य के लिए दिन अच्छा नहीं है।

**मिथुनः–** आज का दिन लाभदायक साबित होने की आशा रख सकते हैं। सुबह से ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होगा। आर्थिक लाभ मिलने के साथ-साथ कहीं से गिफ्ट प्राप्त हो सकता है।

**कर्क :–** शरीर और मन में बेचैनी और अस्वस्थता का अनुभव होगा। मन की संदिग्धता और दुविधा आपकी निर्णयशक्ति को कसौटी के शिखर पर चढ़ाएंगे।

**सिंहः–** आज के दिन आपको विविध लाभ मिलने की संभावना है। ऐसे समय में मन का ढीलापन आपको लाभ से वंचित न कर दे, इसका ख्याल रखें।

**कन्याः–** नए कार्य शुरू करने के लिए निर्मित योजनाओं को अमल में लाने का आज उत्तम समय है। व्यापार में लाभ होगा। बकाया वसूली के पैसे वापस मिलेंगे।

**तुलाः–** लंबी दूरी की यात्रा या धार्मिक स्थान की मुलाकात होगी। विदेश यात्रा के लिए अनुकूलता रहेगी। फिर भी आपको संतान और स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता रहेगी।

**वृश्चिकः–** आज का दिन सावधानीपूर्वक बिताएं। नए कार्य शुरू न करें। क्रोध, आवेश और अनैतिक आचरण आपको कठिनाई में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**धनु :** बौद्धिक, तार्किक, विचार-विनिमय और लेखन कार्य के लिए शुभ दिन है। भागीदारी में लाभ होगा। जीवनसाथी के साथ के सम्बंधों में अधिक घनिष्ठता रहेगी। मान-सम्मान मिलेगा।

**मकरः–** आज से आपके व्यापार-धंधे का विकास होगा। आर्थिक रूप से लाभदायक दिन होने से पैसे की लेन-देन में सरलता रहेगी।

**कुंभः–** आज आप संतान और अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंतित रहेंगे। अपच, पेट-दर्द से परेशान होंगे। विचारों में तेजी से परिवर्तन मानसिक स्थिरता में खलल पहुंचाएगा।

**मीनः–** शारीरिक- मानसिक भय रहेगा। कुटुंबीजनों के साथ वाद-विवाद होगा। माताजी का स्वास्थ्य खराब होगा। अनचाही घटनाओं से आपके उत्साह में कमी आएगी।

# सांप्रदायिक राष्ट्रवाद व धर्मगुरु

राम पुनियानी



मोहन भागवत पिछले कुछ महीनों से चर्चा में हैं। पहले तो उन्होंने अस्पष्ट रूप से संकेत दिया कि लोगों को 75 साल की उम्र में सेवानिवृत्त हो जाना चाहिए। इसे मोदी के इस सितंबर में 75 साल के होने पर सत्ता छोड़ने के संकेत के रूप में लिया गया। फिर विज्ञान भवन में अपने तीन व्याख्यानों में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका ऐसा कोई आशय नहीं था। उनका अपना 75 वाँ जन्मदिन 12 सितंबर 2025 को मनाया जाना था।

इस कार्यक्रम की खास बात श्री श्री रविशंकर (एसएसआर) की उपस्थिति थी, जिन्हें आध्यात्मिक गुरु और उभरते हुए बाबाओं के समूह का प्रमुख व्यक्ति माना जाता है। एसएसआर दावा करते रहे हैं कि उन्हें राजनीति की दुनिया में कोई दिलचस्पी नहीं है और उनकी मुख्य चिंताएँ आध्यात्मिक हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के अंतर्गत उनका एक विशाल साम्राज्य है और अधिकांश बाबाओं की तरह, उनके द्वारा अर्जित संपत्ति भी अपार है। यह एक विरोधाभास है। उनमें से अधिकांश यह उपदेश देते हैं कि धन, संसार एक भ्रम है और इसके पीछे नहीं भागना चाहिए। जैसा कि होता है, वे स्वयं भी अपार अचल संपत्ति और अन्य संपत्ति अर्जित करते हैं। एसएसआर ने सुदर्शन क्रिया को अपनी शिक्षाओं के प्रमुख घटक के रूप में प्रस्तुत किया और लाखों अनुयायियों को आकर्षित किया। एसएसआर ने व्यवस्थित योगों के साथ श्आर्ट ऑफ लिविंगश् की भी स्थापना की है जो कई लोगों को आकर्षित करती है।उन्होंने 2017 में एक सांस्कृतिक उत्सव आयोजित किया था जिसमें यमुना नदी को भारी पारिस्थितिक क्षति हुई थी।

पारिस्थितिक न्यायाधिकरण ने सुशांत सिंह राजपूत पर करोड़ों का जुर्माना लगाया था, जिसे उन्होंने चुकाने से इनकार कर दिया। जब आरएसएस ने कथित तौर पर भ्रष्टाचार के खिलाफ अन्ना आंदोलन चलाया, तो एक तरफ सुशांत सिंह राजपूत बहुत सक्रिय थे और दूसरी तरफ से एक और बाबा रामदेव भी सक्रिय थे। भाजपा, आरएसएस से घनिष्ठ संबंध रखने वाले दूसरे धर्मगुरु बाबा रामदेव हैं। उन्होंने योग शिक्षक के रूप में शुरुआत की और पतंजलि ब्रांड के साथ एक बेहद सफल उद्यमी बने। सत्ताधारियों के साथ उनकी निकटता ने उन्हें अपने व्यापारिक साम्राज्य को आसमान तक फैलाने में मदद की है। उनके योग कार्यक्रम लाखों लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र हैं। कोविड के दौरान, उन्होंने कोरोना से उपजे संकट का पूरा फायदा उठाते हुए नई दवाओं के लॉन्च के चिकित्सा मानदंडों का उल्लंघन करते हुए अपना ब्रांड श्कोरोनिलश् लॉन्च किया। उनके ब्रांड को दो केंद्रीय कैबिनेट मंत्रियों, हर्षवर्धन और नितिन गडकरी ने लॉन्च किया था। आधुनिक विज्ञान और एलोपैथी का उनका दुरुपयोग इतना स्पष्ट था कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने उन्हें अदालत में घसीटा और उन्हें माफी मांगने के लिए मजबूर होना पड़ा। रूह अफ्ज़ा जैसे अपने उत्पाद को लॉन्च करते समय उनकी मुस्लिम विरोधी बयानबाजी ने उन्हें फिर से मुश्किल में डाल दिया और उन्होंने फिर से बड़े पैमाने पर माफी मांगी। सत्ता के केंद्रों के साथ उनकी निकटता उनके लिए पैसा कमाने और मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने में एक बड़ी सुरक्षा छतरी है। कई और लोग भी इस क्षेत्र में छाए हुए हैं। इस क्षेत्र में सबसे नया नाम बागेश्वर बाबा, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का है, जो बीस साल के एक युवा हैं। उनका दावा है कि वे लोगों का अतीत बता सकते हैं। उनके इस दावे को अंध-आस्था के खिलाफ काम करने वाले श्याम मानव ने झूठा बताया। जब मानव ने नागपुर में उन्हें चुनौती दी, तो वे जल्दी से अपना शिविर समेटकर बागेश्वर भाग गए। श्री मोदी उन्हें अपना छोटा भाई कहते हैं। अब वे एक हिंदू गाँव बनाने की योजना बना रहे हैं जहाँ सिर्फ हिंदू ही बसेंगे। यह सच है कि बाबाओं और आरएसएस के बीच कोई सीधा संबंध नहीं है। जहाँ तक आरएसएस के एजेंडे का सवाल है, बाबा सभी मिलकर आरएसएस के हिंदू राष्ट्र के एजेंडे से सहमत हैं, जो जाति और लिंग के पदानुक्रम को मजबूत करना है, जो जन्म-आधारित होना चाहिए।

धर्मगुरु पुरोहिती से जुड़े पारंपरिक पादरी नहीं हैं। उन्होंने लोगों को आकर्षित करने के लिए अपने तरीके ईजाद किए हैं। पारंपरिक ज्ञान से, अपनी कल्पना से, वे ऐसे वाक्यांश गढ़ते हैं जो उनकी पहचान का केंद्र बन जाते हैं। अपनी कला में उनका आत्मविश्वास अद्भुत है और वे आम तौर पर बहुत प्रभावी वक्ता होते हैं। इस गिरोह का एक काला पहलू भी है। शंकराचार्य जयेंद्र सरस्वती के आश्रम में शंकररमन की हत्या हुई थी और उन पर आश्रम के कार्यकर्ता शंकररमन की हत्या का आरोप था। सत्य साई बाबा के प्रशांति निलयम में भी एक हत्या का मामला दर्ज था। जब जयेंद्र सरस्वती हत्याकांड में आरोपी थे, तब अटल बिहारी वाजपेयी और आसाराम बापू धरने पर बैठे थे। गुरमीत राम रहीम अपनी काली करतूतों को जारी रखे हुए था, उसके काले कारनामों को उजागर करने के लिए एक पत्रकार रामचंद्र छत्रपति की हत्या कर दी गई । आखिरकार बड़ी मुश्किल से कानून ने उसे पकड़ा और फिलहाल वह जेल में है, बल्कि ज्यादातर समय पैरोल पर ही रहता है । आसाराम बापू के आश्रम में दो छोटे लड़कों की हत्या हुई थी। नरेंद्र मोदी बापू के आश्रम के आगंतुक थे और अटल बिहारी वाजपेयी ने 2008 में लखनऊ में आसाराम के साथ नृत्य किया था । 2014 के हरियाणा चुनावों में गुरमीत राम रहीम ने अपने अनुयायियों से भाजपा को वोट देने की अपील की थी। जीत के बाद मनोहरलाल खट्टर मंत्रिमंडल के कई लोग उनका आशीर्वाद लेने गए थे। सिद्धांततः तो वह जेल में हैं, लेकिन ज्यादातर समय पैरोल पर ही रहते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिस जेलर ने उन्हें पैरोल दी थी, वह सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद भाजपा में शामिल हो गए। ये बाबाओं की विशाल दुनिया में से कुछ ही हैं, और इनके अलग-अलग नाम हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# महिला सम्मान व सुरक्षा मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारंभ

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

महिला सम्मान एवं सुरक्षा को गति प्रदान करने के उद्देश्य से प्रदेश में मुख्यमंत्री द्वारा मिशन शक्ति 5.0 अभियान का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जनपद की महिला शक्ति एवं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं द्वारा सजीव प्रसारण देखा गया मिशन शक्ति 5.0 अभियान के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शारदीय नवरात्र 22 सितम्बर से 24 दिसम्बर तक आगामी 3 माह के लिए यह अभियान चलाया जाएगा जिसमें वरिष्ठ अधिकारी फील्ड मे उतर कर जनता से सम्बाद करेंगे और महिला बीट पुलिस अधिकारी गाँवों और वार्डो में जाकर महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करेगीं। उन्होने कहा कि पुलिस बल की फुट पैट्रोलिंग को और प्रभावी बनाया जाए



**डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जनप्रतिनिधि व छात्राओं ने संजीव प्रसारण देखा**

ताकि जनता को यह विश्वास हो सके कि सरकार और प्रशासन 24×7 उनकी सुरक्षा के लिए तत्पर है। यह भी कहा कि आमजन में सुरक्षा का भाव दिखे और कानून का दुरूपयोग करने वालों पर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री का उक्त सम्बोधन सभागार में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती जयन्ती राजपूत, विधायक सदर डॉ मनोज प्रजापति, विधायक राठ श्रीमती मनीषा अनुरागी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक, नगर पालिका चेयरमैन कुलदीप निषाद, जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा आदि की उपस्थिति में जनपद के अन्य अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सुना गया इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि घर, परिवार, समाज एवं देश को समृद्धिशाली बनाने हेतु प्रत्येक सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की अत्यन्त आवश्यकता है। देश की आधी आबादी को सुरक्षित व अत्मनिर्भर बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। वर्तमान सरकार में किसी भी महिला को सुरक्षा के लिए चिन्तित रहने की आवश्यकता नही है। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं अपनी इच्छाशक्ति एवं दृढ़ विश्वास से हर क्षेत्र में पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं एवं बेटियों के उत्थान के लिए चलायी जा रही योजनाओं से काफी सहूलियत मिली है। जनपद मे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से 15000, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) से 707 एवं निराश्रित महिला पेंशन से 18000 से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत जनपद में 7415 महिला समूह संचालित है। साथ ही बेटी पढाओ बेटी बचाओ योजना एवं महिला वन स्टॉप सेन्टर, विद्युत सखी, बीसी सखी, लखपति दीदी कार्यक्रम आदि से महिला शक्ति को लाभान्वित किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मिशन शक्ति के पिछले 4 फेज अच्छे निकले है। इस फेज के अन्तर्गत महिलाओ एवं बच्चियों को समग्र विकास से जोड़ा जाएगा। उन्होने कहा कि हमारे पास टैलेन्ट और विल पॉवर है, केवल उसे निखारने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा हर फील्ड में महिलाओं को 20 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। पिछले फेजों की भाँति इस फेज को भी सभी विभागों की सक्रिय भागेदारी एवं समन्वय के द्वारा सफल बनाने का प्रयास किया जाए।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गौहन्ड में 17 से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान



हमीरपुर। गोहांड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत अभियान का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि डॉ. आराधना राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा और विनीता राजपूत नगर अध्यक्ष गोहांड के द्वारा फीता काटकर किया गया इस शिविर में महिलाओं और बच्चों की निशुल्क जांच और उपचार किया गया एवं सलाह दी गई डां अंजुल निरंजन सीएचसी प्रभारी गोहांड ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत संचालित गतिविधियों का लाभ उठाने व उचित जीवन शैली अपनाने और स्वास्थ्य के मानकों को बनाए रखने व सभी महिलाओं के लिए चिकित्सा स्वास्थ्य के बारे में बताया इस अभियान में 70 से अधिक महिलाओं और बच्चों की बीपी, शुगर, विटामिन, प्रसव, रक्तचाप ,दांत सहित विभिन्न जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निशुल्क की गई व फल वितरित किए गए यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा व इसी तरह प्रतिदिन जांच की जाएगी इस कार्यक्रम में प्रभारी डॉ अंजुल निरंजन, डॉ अनुपम पाल राजपूत, डॉ राममोहन, डॉ. खूबचंद, डॉ. राजेंद्र एवं अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## मिट्टी से बनी मां दुर्गा की मूर्ति की सदर विधायक ने उतारी आरती



**मिट्टी मूर्ति कला को बढ़ावा देने की कही बात**

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** मिट्टी मूर्ति कला को बढ़ावा देने के लिए सदर विधायक ने मिट्टी से बनी मां दुर्गा की मूर्ति की आरती कर मूर्तिकारों के कार्यों की सराहना की। शनिवार को सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने मूर्तिकार मनोज के कला केंद्र में पहुंचे और मिट्टी से बनाई गई मां दुर्गा की मूर्ति की आरती की।उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए मिट्टी से ही मूर्तियां बनाना चाहिए।केमिकल युक्त सामग्री पीओपी से मूर्ति बनाना ठीक नहीं है। विसर्जन के बाद केमिकल युक्त सामग्री से बनी मूर्तियां पानी एवं मिट्टी को दूषित करती है। जिससे पर्यावरण दूषित होकर मानव सहित अन्य जीवों के लिए खतरनाक साबित होता है। इस मौके पर मूर्तिकारों ने सदर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मूर्तिकार मनोज, निशान्त, संदीप,आर्यन,एसके, राममिलन, उत्तम, सूरज,संजय प्रजापति, रोहित प्रजापति,रोहित पाल,गोविन्द प्रजापति, बंसी,पुष्पेन्द्र आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### रामहेतु राजपूत को मिली डीके फाउंडेशन आफ फ्रीडम के जिलाध्यक्ष की कमान



**गोहांड-हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर गोहांड ब्लाक अंतर्गत चुरहा ग्राम के निवासी इं रामहेत राजपूत को डी के फाउंडेशन ऑफ़ फ्रीडम एंड जस्टिस का जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है निदेशक दानिश खान ने मनोनयन पत्र जारी किया है और कहा कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जिला स्तर पर पदाधिकारी नियुक्त करने के लिए अधिकृत हैं और जनपद की समस्त टीम की निगरानी रखते हुए सभी विधिक कार्यों के लिए सक्षम है।

### सेवा पखवाड़ा के तहत पौधरोपण कर लिया गया संरक्षण का संकल्प




**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे की गायत्री तपोभूमि के अनुसुइया आश्रम में प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के तहत मनाये जाने के दृष्टिगत वृक्षारोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया इस मौके पर संघ के कैलाश तिवारी, उमेश शिवहरे, कौशल, राजेश शिवहरे, अरविंद श्रीवास्तव ने वृक्षारोपण किया। अनुसुइया आश्रम में वृक्षारोपण के दौरान वन दरोगा जितेंद्र प्रताप सिंह, अमित कुमार यादव, भगवानदीन प्रजापति, रघुवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### विद्युत संविदा कर्मियों ने वेतन निर्गत करवाने को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** विद्युत वितरण खंड के संविदा कर्मियों ने पिछले माह का वेतन निर्गत न करने से परेशान होकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन की प्रति अधिशासी अभियंता सहित विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजे ज्ञापन में प्रदेश संगठन मंत्री रणबहादुर यादव ने कहा है कि वेतन निर्गत न होने से नवरात्रि के पावन पर्व पर वह लोग खाने पीने व अन्य समस्याओं से परेशान हैं। उन्होंने बताया है कि गत अगस्त माह का आज तक वेतन नहीं दिया गया। जिससे अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मचारियों को अत्यन्त कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। संविदाकर्मियों ने कहा है कि यदि 22 सितंबर तक वेतन निर्गत नहीं हुआ तो संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन व कार्य बहिष्कार किया जायेगा।

### सपा महिला सभा ने पीडीए की बैठक में की महिलाओं व बच्चों के उत्थान पर चर्चा



**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की महिला सभा की पदाधिकारियों ने कस्बे के अमिलिया थोक में पीडीए बैठक कर महिलाओं को पार्टी की नीतियों और महिलाओं को शिक्षा की महत्ता बताकर बच्चों को नियमित स्कूल भेजने के लिये प्रेरित किया। बैठक के बाद महिलाओं और बच्चों को नमकीन व बिस्किट वितरित किए गए। समाजवादी महिला सभा की प्रदेश सचिव सोनिया सोनी के नेतृत्व में महिला सभा की सबीना खातून के साथ कस्बे के अमिलिया थोक में पीडीए की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश सचिव ने कहा कि सपा ने शिक्षा रोजगार और विकास को महत्व दिया है। गरीबों किसानों महिलाओं सहित सभी दबे कुचले लोगों के लिये सपा ने पीडीए को संगठित व जागरूक करने की पहल शुरु की है। बैठक के बाद महिलाओं को नमकीन व बिस्किट वितरित करने से महिलाओं व बच्चों के चेहरे खिल उठे।

### राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय के छात्रों ने दिखाया जलवा




**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित 54वीं राष्ट्रीय केंद्रीय विद्यालय राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताएं में कस्बे के केंद्रीय के छात्र शिवम सिंह यादव ने अच्छा प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राज मंगल यादव ने बताया कि अहमदाबाद में आयोजित 15 से 19 सितंबर तक राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में आगरा जोन से कस्बे के केंद्रीय विद्यालय के बड़ागांव निवासी छात्र शिवम सिंह यादव ने प्रतिभाग किया। जिसका समापन पर शिवम सिंह ने शतरंज के सभी राउंड में अच्छा प्रदर्शन करते हुए टॉप टेन में फिनिश कर अपने जिले का नाम रोशन किया। आगरा जोन से पांच शतरंज मास्टर(खिलाड़ियों) ने भाग लिया था।

## जांच पड़ताल करने पहुंचे जिला विद्यालय निरीक्षक

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के एक कॉलेज में इस्लामी एजेंडा का आरोप लगा सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल का मामला तूल पकड़ रहा है जिसको संज्ञान में लेते हुए जिला अधिकारी ने जांच करने के लिए डीआईओएस को भेजा।बताते चलें कि शनिवार को सोशल मीडिया में एक वायरल वीडियो को देखकर नगर में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं होने लगी जिसमें सुबह प्रार्थना के बाद विद्यालय परिसर में एकत्रित छात्र-छात्राएं मंच पर उपस्थित एक छात्र इस्लामिक गीत प्रस्तुत कर रही है जिस पर जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग के जिला विद्यालय निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर जांच पड़ताल के निर्देश जारी किया वहीं जिला विद्यालय निरीक्षक ने विद्यालय परिसर पहुंच संबंधित मामले से साक्ष्य



संकलन कर जिला अधिकारी को सौंपने की बात किया इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाचार्य रजिया सुल्तान ने बताया कि यह कार्यक्रम प्रतिदिन के रूटीन की है जिसमें अलग-अलग तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें छात्र-छात्राएं अपनी अपनी प्रतिभा को दर्शाते हैं इसमें कोई नात शरीफ पढ़ता है कोई संस्कृत के श्लोक पढ़ता है इसी तरह की अन्य गतिविधियां बच्चों के प्रतिभा निखारने के लिए आयोजित की जाती है

## पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की लगाई गुहार

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ज़मरेही ऊपर गांव में हैंडपंप से पानी भरने के विवाद में मारपीट हुई। जिसमें पीड़ित पक्ष द्वारा थाने में मारपीट की तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।क्षेत्र के जमरेही ऊपर गांव निवासी राजेंद्र पुत्र रामसेवक ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सुबह मेरी पुत्र बधु रुक्मा देवी हैंडपंप में पानी भरने गई थी। वहां पर रामबाबू पांच बाल्टी रखे था। जब उसने बाल्टी हटाने को कहा कि एक बाल्टी मुझे पानी भर लेने दो बच्चों को स्कूल के लिए तैयार करना है। तो वह गाली गलौज करने लगा तथा इसका पुत्र अमरकांत मेरी बहू के साथ मारपीट करने लगा शोर सुनकर जब मैं बचाने गया तो दोनो ने मिलकर मेरे साथ लाठी डंडे से मारपीट की जिससे मेरे सिर में चोट आई है। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग थाना पुलिस से की है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में चार दर्जन से अधिक शिकायतें फरियादियों ने कराई दर्ज

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर के तहसील सभागार भवन आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी ने किया जिसमे चार दर्जन से अधिक फरियादियों ने शिकायते दर्ज कराई मौके पर कुछ ही शिकायतो का निस्तारण हो सका अन्य शिकायतों का जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिया है कस्बे के तहसील परिसर स्थित सभागार भवन में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार ने किया इस मौके पर कुल 50 फरियादियों के मामले आए मौके पर मात्र पांच



शिकायतो का ही निस्तारण हो सका। सबसे अधिक मामले नमामि गंगे योजना, आवास, विद्युत व राशन कार्डों से संबंधित रहे। मांचा गांव निवासी जीशान अली सहित आधा दर्जन लोगों ने गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क विवांर रोड से गांव के बीच में पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है जिसको बनवाए जाने के लिए जोरदार मांग की है इसी तरह कस्बा निवासी महिला ने नगर पालिका परिषद पर आरोप लगाते हुए कहा कि एक लाख रूपए देकर किराए में रह रहे हैं किराएदार को ही मकान मालिक बना दिया गया इसी तरह विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए फरियादियों ने खेत के चक रोड की नाप कराने की मांग की बताते चलें कि समाधान दिवस में समस्याओं का त्वरित निस्तारण न होने पर फरियादियों के चेहरो मे मायूसी दिखाई दि समाधान दिवस में उपजिला अधिकारी करनवीर सिंह,तहसीलदार शेखर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति के पांचवें चरण में स्वावलंबन नारी सुरक्षा के साथ सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाएं

**कमासिन/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र से बासंतिक नवरात्र तक स्वदेशी अपना कर आत्मनिर्भर भारत के सपने को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिशन शक्ति नारी सुरक्षा नारी सम्मान के पांचवें चरण का ब्लाक सभागार कमासिन में सजीव प्रसारण के दौरान नारी गरिमा के अनुरूप स्वावलंबन के मार्ग पर तेजी से बढ़ने के प्रयास और सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा साकार करते हुए सरकार की चलाई जा रही तमाम विकास योजनाओं को गांव शहर में जनता के बीच प्रत्येक विभाग के अधिकारी क्षेत्र में जाकर सभी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाकर लाभान्वित कराने के साथ घरेलू हिंसा से पीड़ितों को सहायता उपलब्ध करा कर पारदर्शी




प्रक्रिया के तहत प्रधानमंत्री के सेवा पखवाड़ा में सशक्त नारी सशक्त प्रदेश अपराध शून्य प्रदेश बनाने को सकारात्मक कार्य करें सजीव प्रसारण कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी ओमप्रकाश द्विवेदी ने महिला सशक्तिकरण के पांचवें चरण में नारी उत्थान के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने की प्रेरणा दी ब्लॉक प्रमुख रावेंद्र गर्ग ने कहा कि भाजपा सरकार में 2017 से मिशन शक्ति नारी सुरक्षा कानून से भय मुक्त वातावरण बना है अपराधिक घटनाएं होने पर 58 दिनों में ही अदालत ने दोषी अभियुक्त को सजा दी इससे नारी सुरक्षा में संतोष व्याप्त है। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं और आंगनवाड़ी कार्यकत्री मौजूद रही। थाना कमासिन परिसर में थाना प्रभारी भास्कर मिश्रा ने मिशन शक्ति संजीव प्रसारण के समय विनोबा इण्टर कालेज की सैकड़ों छात्राओं को नारी सुरक्षा, महिला हेल्प लाइन 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला हेल्प लाइन 1090 मुख्य मंत्री हेल्पलाइन 1076 में सूचना देकर महिला मिशन शक्ति के तहत पुलिस सहायता किसी भी समय प्राप्त की जा सकती है। इस दौरान थाना कामासिन में तैनात उप निरीक्षकों में वीरेंद्र पांडे ,जाबिर अली ,महेंद्र यादव, नरेंद्र कुमार ,अनुराग सिंह सहित हेड कांस्टेबल निधि शिवहरे महिला कांस्टेबल अनामिका सिंह बबली यादव रश्मि तिवारी पूजा सचान सहित समस्त पुलिस स्टाप व विनोबा इण्टर कालेज के अध्यापक मौजूद रहे।

### महिला सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति-5 के अंतर्गत थाने परिसर में महिला सुरक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान की शुरुआत का प्रसारण टेलीविजन पर देखा। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी प्रवीण यादव, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी पीयूष कुमार पांडेय, थाना प्रभारी ऋषिदेव सिंह, कस्बा प्रभारी एसआई प्रीत पांडेय मौजूद रहे। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह, चेयरमैन संगीता निराला, सभासद उमा चतुर्वेदी, संगीता गुप्ता, डॉ. पंकजा मिश्रा, डॉ. अमिता अग्रवाल, डॉ. राजीव अग्रवाल और डॉ. शिखा जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। बीएड विभाग की छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी की। महिलाओं को जागरूक करते हुए वक्ताओं ने बताया कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे 1090, 1076 और 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों पर तत्काल शिकायत दर्ज करा सकती हैं।

## जर्जर संपर्क मार्ग का निर्माण कराने के लिए सौंपा ज्ञापन



**कमासिन/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

कस्बा के बांदा कमासिन राजापुर मार्ग से बस्ती के बीच का मुख्य मार्ग जो दांदौ राजमार्ग को जोड़ता है जिसकी दूरी 1 किलोमीटर के लगभग है। जिसका निर्माण नाली सहित प्रांतीय सार्वजनिक निर्माण विभाग से कराए जाने के लिए प्रमुख सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग लखनऊ को संबोधित ज्ञापन पत्र ब्लॉक प्रमुख कमासिन रावेंद्र गर्ग मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा के साथ कस्बा के ग्रामीण पत्रकारों ने खंड विकास अधिकारी कमासिन ओमप्रकाश द्विवेदी को ज्ञापन सौंपा । ग्रामीण पत्रकारों को खंड विकास अधिकारी ने जिला अधिकारी बांदा के माध्यम से प्रमुख सचिव पीडब्ल्यूडी को भिजवाने का आश्वासन दिया इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एन के वर्मा भवानीदीन यादव, विनोद श्रीवास्तव, अरुण मिश्रा, शत्रुघ्न सिंह, प्रभंजन गुप्ता, संतोष त्रिपाठी, रामकृपाल यादव, अजय शर्मा ,राधेश्याम गुप्ता, शांतनु शुक्ला सहित तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## थाना अजनर पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ आरोपी को दबोचा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक महोबा प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्रों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अजनर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकान्त गोंड के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक अजनर सत्यपाल सिंह के निर्देशन में उ0नि0 हरीकुमार सिंह, उ0नि0 आकाश मौर्य तथा कां0 नरेन्द्र बाबू की टीम ने ग्राम बुड़खेरा के पास से अभियुक्त देवेन्द्र पुत्र छिदानी अहिरवार




(उम्र 32 वर्ष), निवासी ग्राम आरी थाना अजनर को दबोच लिया।

पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा 12 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना अजनर पर मु0अ0सं0 216/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### दहेज हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



**कांग्रेसियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल जनपद के पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल से मिला और ज्ञापन सौंपा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने पुलिस अधीक्षक को जानकारी देते हुए बतलाया की कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता मोहनलाल कुशवाहा ग्राम बांक थाना सुमेरपुर जिला हमीरपुर ने अपनी लड़की माया का विवाह 18 फरवरी 2022 को हिंदू रीति रिवाज से कस्बा पैलानी निवासी राहुल के साथ की गई थी। ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर निरंतर उत्पीड़न कर रहे थे 7 सितंबर 2025 को गला दबाकर ससुराल पक्ष के लोगों ने उसकी हत्या कर दी जिसका मुकदमा थाना पैलानी में अपराध संख्या 223/25 दहेज हत्या पंजीकृत किया गया। अभियुक्त पति राहुल, देवर रोहित, ससुर पवन व सास रेनू के विरुद्ध लिखा गया था जिनकी गिरफ्तारी स्थानीय पुलिस द्वारा आज तक नहीं की गई। अभियुक्त गण मोहनलाल कुशवाहा को समझौता किए जाने का दबाव बना रहे हैं साथ ही समझौता न किए जाने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है इस पर तत्काल पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा क्षेत्राधिकारी एवं थाना अध्यक्ष पैलानी को अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी करने के आदेश पारित किए गए। इस अवसर पर पीसीसी मुमताज अली ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष/संगठन प्रभारी संकटा प्रसाद त्रिपाठी ,जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एड,उपाध्यक्ष डा. संजय द्विवेदी दनादन, महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एडवोकेट साथ रहे।

## इंटरलाकिंग कार्थ में घटिया निर्माण के जांच की मांग

**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग के शिव कंस्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा किया जा रहा इंटरलॉकिंग कार्य मानक विहीन पाया गया है। उपजिलाधिकारी अतर्रा को पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अर्जुन मिश्रा ने बताया कि कार्य में घटिया किस्म की ईंटें और सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, जबकि उचित मापदंड के अनुसार सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। अर्जुन मिश्रा ने आरोप लगाया कि सड़क के निर्माण कार्य में पूर्णता की बजाय केवल काम निपटाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा, पहले के कार्य में 20 लाख की मिट्टी बेची गई थी, जिसकी भी



जांच आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि इसी प्रकार निर्माण होता रहा तो लगाई गई ईंटें उखड़ जाएंगी और सड़क का कार्य जोखिमपूर्ण हो जाएगा। पत्र में उन्होंने मांग की है कि घटिया निर्माण और मानक विहीन कार्य को तत्काल बंद कराकर सही सामग्री और तकनीक से कार्य पूर्ण कराया जाए।

## नवरात्रि पर नियमित की जाये सफाई व्यवस्था

**शहर अध्यक्ष कांग्रेस ने डीएम से की मांग**

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को शहर कांग्रेस कमेटी बांदा की अध्यक्ष अफसाना शाह ने जिलाधिकारी बांदा को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि शहर व जनपद बांदा में देवी पंडाल सजाए जा रहे हैं, 22 सितंबर 2025 से नवदुर्गा त्योहार में देवी मंदिरों एवं देवी पंडालों में सबसे ज्यादा महिलाएं दर्शनार्थ जाएगी। शहर के मार्ग रास्ते पाक, साफ, सुथरे हों एवं आवश्यकतानुसार कलई पड़ी हो, एवं मार्गो में गंदे पानी का भराव न रहे इसे देखने की आवश्यकता है, सबसे ज्यादा महिलाओं को वार्ड नम्बर 10(दस), मोहल्ला शंकर नगर व आजाद नगर के रास्तों में पानी भराव के चलते परेशानी का सामना करना पड़ेगा, इसे दुरुस्त



कराना आवश्यक है। देवी पूजन एवं देवी विसर्जन का कार्य सर्वाधिक भीड़ वाला होता है, नगर पालिका परिषद बांदा को निर्देश दिए जाएं की जहां भी मंदिरों तक पहुंचने के रास्तों में पानी का भराव हो उसे ठीक कराया जाए। बांदा शहर सहित पूरे जनपद में देवियों के पंडाल सजाए जा रहे हैं, दिनांक 22 सितंबर 2025 से महिलाएं देवी ढारने सुबह-सुबह निकलेंगी, भारी भीड़ मंदिरों में महिलाओं की एवं पुरुषों की भी रहेगी, सुरक्षा व्यवस्था ठीक से संभाले जाने हेतु भी निर्देश दिए जाएं, प्रतिदिन 9 दिन तक भारी भीड़ रहेगी, देर रात देवी पंडालों में दर्शन करने महिलाएं व पुरुष निकलेंगे, पुलिस विभाग की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाएगी इस सम्बन्ध में सुरक्षा व्यवस्था पूरी दुरुस्त रखे जाने हेतु निर्देश दिए जाएं। ज्ञापन कार्यक्रम में शहर अध्यक्ष अफसाना शाह के साथ आरिफ निजामी, इस्लाम, डा. के पी सेन, हरिशंकर बाजपेई, वीरेंद्र कुमार, वारिस अली आदि कांग्रेस जन साथ में रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ, महोबा में सामूहिक सहभागिता

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 20 सितम्बर को लखनऊ से वर्चुअल रूप से मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ किया। इसका सीधा प्रसारण जनपद महोबा में कलेक्ट्रेट व सभी थानों में बड़े उत्साह से देखा गया।

कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी सेंटर में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह, जनप्रतिनिधि व अधिकारियों ने कार्यक्रम का अवलोकन कर महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया।

पुलिस लाइन में अपर पुलिस अधीक्षक



वंदना सिंह ने महिला पुलिसकर्मियों व अग्रणी महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं के अधिकारों और आत्मनिर्भरता की ऐतिहासिक पहल है। नगर, चरखारी व कुलपहाड़ सर्किल सहित सभी थानों में भी स्थानीय महिलाओं, अधिकारियों और नागरिकों की सहभागिता रही।

अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने व मिशन शक्ति को सफल बनाने का संकल्प लिया।

**प्रवेश प्रारम्भ**

**ग्लोबल एजुकेशन**

फर्रुखाबाद रोड, छिबरामऊ कन्नौज (अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान)

सत्र : 2025-27

मैनेजमेंट कोटे के अंतर्गत - बी.एड. में प्रवेश प्रारम्भ (अल्पसंख्यकों को वरीयता)

**शैक्षिक योग्यता** - कला / सामाजिक विज्ञान / विज्ञान वर्ग में सामान्य एवं पिछड़ा वर्ग हेतु 50 प्रतिशत अंकों के साथ विधि द्वारा स्थापित किसी भी विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि एवं स्नातकोत्तर उपाधि / बी. ई. एवं बी. टेक. में गणित एवं विज्ञान की विशेषज्ञता वाले छात्रों के लिए न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक की उपाधि अथवा उपरोक्त के समतुल्य कोई अन्य अर्हता वाले अभ्यर्थी प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं।

**आवेदन प्रक्रिया** - आवेदन पत्र महाविद्यालय से प्राप्त कर सभी दस्तावेजों के साथ अन्तिम तिथि से पहले महाविद्यालय में जमा करें।

**आवेदन प्रारम्भ की तिथि :** 21/09/2025

**आवेदन की अन्तिम तिथि :** 10/10/2025

**नोट** - उक्त चयन सम्बन्धित विश्वविद्यालय के मानकों के अनुसार किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए महाविद्यालय से संपर्क करें।

मो.न. 9838818175, 9450008897, 7007702601

E-mail globaleducationcbr2016@gmail.com

PRINCIPAL

Global Education Chhibramau (Kannauj)

# अधिकारी सरकार के ऐजेंट के रूप में काम कर रहे है : शिवपाल

**बकेवर, इटावा समृद्धि न्यूज़।**

विकास खंड क्षेत्र महेवा के कस्बा अहेरीपुर मे समाजवादी पार्टी के संयोजन में आयोजित पीडीए सम्मेलन का आयोजन शनिवार को 11 से आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि आगामी 2027 में प्रदेश में सपा की सरकार बनना सुनिश्चित है तथा प्रदेश का मुख्यमंत्री सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को बनाने के लिए हम सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से अभी से लग जाना चाहिए आगामी पंचायत चुनाव में सपा प्रधान व बीडीसी पर अपना कोई भी अधिकृत प्रत्याशी नहीं उतारेगी ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर निर्णय

**▸ 2027 में कार्यकर्ता भाजपा सरकार को उखाड़ फेकेंगे**

पार्टी बाद में लेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि जो भी अधिकारी आज भाजपा सरकार के एजेंट के रूप में कार्य कर रहे है सरकार आने पर सबका हिसाब होगा तथा कार्यकर्ता के मान सम्मान की हर हाल में रक्षा की जाएगी।

चुनाव आने तक बहुत बाधाएं आएगी लेकिन घबड़ाए नहीं उन्होंने जनमानस को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा निकम्मे लोगों की सरकार है, जनता की बात नहीं सुनते, कोई भी विकास का वादा पूरा नहीं किया, टैक्स व बिल खूब बसूलते पर बिजली नहीं दे पा रहे वोट चोरी रोकी जायेगी तथा 2027



में बेईमानों की सरकार को कार्यकर्ता उखाड़ फेंकेंगे। सांसद जितेंद्र दोहरे ने अपने संबोधन में कहा कि ब्लॉक महेवा सहित वह पूरे संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए, बिना किसी भेदभाव के हर गांव में विकास करा रहे है वहीं किसी भी कार्यकर्ता को प्रताड़ित किया जाता है तो वह हर समय उनके साथ खड़े है तथा 2027 में सपा मुखिया को मुख्यमंत्री बनाने के लिए सभी लोग अभी से सपा की जनहित कारी नीतियों रीतियों को घर घर तक पहुंचाए आज भाजपा की डबल इंजन सरकार में जवान, किसान, छात्र, व्यापारी, शिक्षक सभी परेशान है भाजपा सरकार पुराने शिक्षकों को नौकरी से निकालने का कुचक्र रच रही है जो सपा कभी नहीं होने देगी वही मुख्य अतिथि श्री यादव का सांसद इटावा एवं सम्मेलन के आयोजनकर्ता जितेंद्र दोहरे के नेतृत्व में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि महेवा अनुराग दोहरे, अखिलेश प्रधान, पूर्व प्रधान संजय पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथुन पांडेय, अन्नू पाल, रामजी तिवारी, रोहित जाटव आदि के द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

वहीं इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद पूर्व मंत्री रामसेवक यादव, विधायक भरथना राघवेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष सपा प्रदीप शाक्य बबलू, जिला उपाध्यक्ष चच्चू शुक्ला, पूर्व ब्लॉक प्रमुख हरिओम यादव, डॉ. जय सिंह चौहान, चेयरमैन भरथना अजय यादव गुल्लू, पूर्वमंत्री अशोक यादव, आशीष राजपूत, वीरू भदौरिया, जिलाध्यक्ष छात्रसभा रवि यादव विधायक आदि का भी आयोजक मंडल द्वारा स्वागत किया।

# बाराबंकी से लापता बच्चे मिले लखनऊ के जनपथ मार्केट में

**गुमशुदा बच्चों की तलाश मे तत्परता से रही जुटी सफदरगंज पुलिस**

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

दो दिन पूर्व सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर से संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हुए 4 बच्चो को सफदरगंज पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के जरिये जनपथ मार्केट लखनऊ से सकुशल बरामद कर चाइल्ड लाइन की टीम ने बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया , बच्चों के अभिभावक सीडब्ल्यूसी के समक्ष उपस्थित नही होने के कारण विधिक संरक्षक के जांच प्रक्रिया गतिमान होने तक बच्चों को राजकीय बाल गृह में आवासित कराने के आदेश सीडब्ल्यूसी के द्वारा पारित किया गया है। चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्चों को राजकीय बालगृह में दाखिल करा दिया है।

गौरतलब है कि गुरूवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुर निवासी पिंटू का 9 वर्षीय पुत्र दुत्री व 6 वर्षीय पुत्र सनी विपिन का 8 वर्षीय पुत्र अंकित 5 वर्षीय पुत्र राज गांव मे ही स्थित प्राथमिक विद्यालय मे पढ़ने गये थे जो रात्रि तक वापस नही आये परेशान परिजनों की तहरीर पर थानाध्यक्ष सफदरगंज अमर कुमार चौरसिया ने गुमसुदगी दर्जकर बच्चो की तलाश मे जुट गये बच्चो की तलाश मे टीम बनाई गई, पुलिस की टीमों को पता चला कि गायब हुए बच्चे अक्सर हाइवे पर स्थित चौराहो एव बाजारों मे भीख मांगते रहते है चाइल्ड लाइन की टीम से अमित कुमार, अवधेश कुमार ने चारों बच्चों को पुलिस ने सुरक्षित प्राप्त कर मेडिकल परीक्षण कराकर बाल कल्याण समिति न्यायपीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। जबकि बच्चों के परिजन न्यायपीठ के उपस्थित नहीं हुए, न्यायपीठ के सदस्य राजेश शुक्ला, दीपशिखा श्रीवास्तव एवं रचना श्रीवास्तव की तीन सदस्यीय पीठ ने मामले को अत्यंत संदिग्ध तथा संवेदनशील मानते हुए थाना प्रभारी , अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी/ प्रभारी विशेष किशोर पुलिस इकाई एवं जिला बाल संरक्षण इकाई बाराबंकी को सघन जांच - पड़ताल एवं परिवार का सामाजिक जांच के आदेश निर्गत करते हुए बालकों के सर्वोत्तम हित को सुनिश्चित करते हुए राजकीय बाल गृह में दाखिल कराने का आदेश दिया और चाइल्ड लाइन की टीम ने बच्चों को बालगृह में दाखिल करा दिया है।

# हैदरगढ़ चीनी मिल को मिलेगा प्रथम पुरस्कार

**▸ अयोध्या परिक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चीनी मिलों, गन्ना समितियों, महिला सहायता समूहों एवं युवा गन्ना कृषकों को प्रथम द्वितीय एवं तृतीय का हुआ है चयन**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

उत्तर प्रदेश, शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाइन्स के अनुसार वर्ष 2024-25 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली चीनी मिलों, गन्ना समितियों, गन्ना कृषकों, युवा गन्ना कृषकों व महिला स्वयं सहायता समूहों को पुरस्कृत किये जाने की योजनान्तर्गत जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा चीनी मिलों, गन्ना



समितियों, गन्ना कृषकों, युवा गन्ना कृषकों व महिला स्वयं सहायता समूहों को निर्धारित विषयों में अंक प्रदान कर प्रेषित विवरण/सूची के क्रम में मण्डलायुक्त, अयोध्या की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा परिक्षेत्र स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान का चयन करते हुए प्रतियोगी चीनी मिलों, गन्ना समितियों, उत्कृष्ट गन्ना कृषकों, युवा गन्ना कृषकों एवं महिला समूहों को विजयी घोषित किया गया। चीनी मिलों में- हैदरगढ़ प्रथम, रौजागॉव द्वितीय एवं अकबरपुर तृतीय स्थान प्राप्त किया।सहकारी गन्ना समितियों में- अकबरपुर प्रथम, हैदरगढ़ द्वितीय एवं बुढ़वल तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रगतिशील गन्ना किसान में रणविजय सिंह पुत्र वृजराज सिंह ग्राम-वेहरामऊ जनपद अयोध्या प्रथम, राम अवध पुत्र दुखराज ग्राम-ऐन्जर जनपद सुलतानपुर द्वितीय एवं परमानन्दराय पुत्र कमलाकान्त ग्राम-सिखडी जनपद गाजीपुर तृतीय स्थान पर रहे है प्रगतिशील युवा गन्ना किसान में बाल चन्द्र पुत्र रमाकान्त ग्राम-मरौचा जनपद-बाराबंकी द्वितीय एवं श्री शिवदर्शन सिंह पुत्र शिवेन्द्र सिंह ग्राम- रमुवापुर जनपद बाराबंकी तृतीय स्थान पर रहे है।

स्टेट लेवल पर चयन होने के पश्चात् चयनित वर्ग को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र के अतिरिक्त प्रथम पुरस्कार को रू. 51 हजार द्वितीय पुरस्कार को रू. 31 हजार एवं तृतीय पुरस्कार पाने वाले को रू. 21 हजार का पुरस्कार राशि मुख्यमन्त्री के कर कमलो द्वारा प्रदान की जायेगी।

# सीएचसी में ऑक्सीजन के अभाव में मरीज की तड़प-तड़प कर मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं का एक मामला शनिवार को सामने आया, जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज में भर्ती एक मरीज की ऑक्सीजन के अभाव में तड़प तड़प कर मौत हो गई। वही अस्पताल की कमियां छिपाने के लिए डॉक्टर द्वारा हालत चिंता जनक बताते हुए मरीज को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया जहां पहुंचने पर मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। इस संबंध में मृतक के पुत्र ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी बाराबंकी को शिकायती पत्र भेज कर जांच करके उचित कार्यवाही करने की मांग की है जिससे भविष्य में किसी अन्य मरीज की जान ना जा सके।

**इमरजेन्सी वार्ड के पेशेन्ट के लिए ऑक्सीजन मशीन चलाने के लिए इनवर्टर का कनेक्शन नहीं**

जानकारी के अनुसार लोनी कटरा थाना क्षेत्र के मंगलपुर गांव निवासी भोला पुत्र शरबजीत वर्मा को सांस की दिक्कत के कारण परिजनों द्वारा सीएचसी त्रिवेदीगंज लाया गया था। यहाँ पर डॉक्टर ने ऑक्सीजन लगा कर पेशेन्ट का इलाज चालू किया। इलाज के के कुछ मिनट बाद अस्पताल में लाइट चली गई। जिसकी वजह से मरीज को ऑक्सीजन नहीं मिल पाई और लगभग 25 मिनट तक मरीज बिना ऑक्सीजन के ही तड़पता रहा और आखिर में मरीज की मौत हो गई। इसके बावजूद मरीज को मृतक के पुत्र प्रेम वर्मा ने बताया कि जब अधीक्षक से बात की गई तो पता चला कि जेनरेटर में तेल खतम हो गया है। पुत्र ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल में उपलब्ध ऑक्सीजन सिलेंडर में गैस भी नहीं थी। बताया कि अस्पताल के लगभग सभी कमरों में विद्युत आपूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए इनवर्टर की व्यवस्था है,परन्तु इमरजेन्सी वार्ड के पेशेन्ट के लिए ऑक्सीजन मशीन चलाने के लिए इनवर्टर का कनेक्शन नहीं है।

# किसानों की भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर रहे प्रॉपर्टी डीलर

**रामनगर बाराबंकी,समृद्धि न्यूज।**

किसानो की जमीन बिना बैनामा कराये ही प्लाटिंग कर मनमाने दामो पर बेचकर मोटी रकम वसूल की जा रही है।जिससे करोड़ो रुपयो के राजस्व का सरकार को नुकसान हो रहा है।बेशकीमती जमीनो पर भू माफियाओं की नजरे गड़ी हुई हैं।मालूम हो कि नगर पंचायत रामनगर मे अवैध प्लाटिंग का कारोबार चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 28 सी पर स्थित अमर सदन के सामने भू माफियाओ ने करीब 12 बीघा कृषि योग्य भूमि पर बिना बैनामा और श्रेणी बदलवा के ही अवैध प्लाटिंग का कारोबार कर प्लाटो का सौदा शुरु कर दिया। यहां पर जानकारों के मुताबिक अहम बात तो यह है कि उक्त प्लाटो मे दो ढाई बीघे कच्ची सरकारी भूमि को भी शामिल कर लिया गया है।रामनगर



सहादतगंज मार्ग स्थित शमशान घाट के निकट अवैध प्लाटिंग की गयी है। सीएचसी के निकट स्थित सुंदर नगर के पास बड़े पैमाने पर अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। सूत्र बताते है कि यहाँ पर भी सरकारी भूमि को भी नही बख्शा गया है। भूमाफिया इतने शातिर है कि राजस्व कर्मियों से साठ गांठ करके किसानो की भूमि बिना बैनामा और बिना श्रेणी बदलाव के प्लाटिंग करके मोटी रकम कमा रहे हैं।गौरतलब बात तो यह है कि राजस्व को करोड़ों का चूना लगाने और आशियाने के लिए भूमि खरीदने वाले भोले भाले लोगो को भी ठगने का काम कर रहे हैं।मोटी कमाई के लिए यह लोग नियम कानून कि धज्जियां उड़ा रहे हैं। वही कुछ मामलो मे थोड़ी सी भूमि का बैनामा कराकर उसी बैनामा को ग्राहको को दिखाकर बाकी प्लाट बेच दिये जाते है।इस संबंध में नगर पंचायत के अध्यक्ष रामशरण पाठक का कहना था कि अवैध प्लाटिंग के मामले संज्ञान में आये है जल्द ही जांच कर उचित कार्यवाही की जायेगी। आईएएस एसडीएम गुंजिता अग्रवाल का कहना है कि टीम भेज कर जांच करायी जाएगी यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

## नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त को बीस साल की सजा

**बाराबंकी।** ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म की घटना से सम्बन्धित अभियुक्त को 20 वर्ष सश्रम कारावास व बीस हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। थाना सतरिख पर नाबालिग से दुष्कर्म की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु0अ0सं0-249/2025 धारा 65(2) बी0एन0एस0 व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त राम कैलाश उर्फ कैलाश उर्फ नच्चू पुत्र छोटेलाल उर्फ छोटी निवासी नगरौरा मरखापुर थाना सतरिख जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में अपर सत्र न्यायधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट कोर्ट नं0-46 बाराबंकी द्वारा दोषसिद्ध करते हुए 20 वर्ष सश्रम कारावास व 20,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी।

# तलाकशुदा महिला की गला दबाकर हत्या

**मसौली बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर के निकट एक 42 वर्षीय तलाकशुदा महिला की गला दबाकर कर हत्या कर दी गयी।शक के आधार पर हिरासत मे लिए गये दो युवकों की निशानदेही पर शारदा सहायक डबल नहर के किनारे झाड़ियों के बींच से शव बरामद हुआ। पुलिस के उच्च अधिकारियो,फील्ड यूनिट ने साक्ष्य जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

महिला के साथ दुष्कर्म की आशंका जतायी जा रही है।बताते चले कि शुक्रवार की सुबह गदवापुर निवासी सुरेश शर्मा की 42 वर्षीय तलाकशुदा पुत्री करुणावती शहर स्थित एक निजी अस्पताल मे दवा लेने गयी थी।देर शाम तक घर वापस



न लौटने पर परिजनों ने जब तलाश शुरु की तो पता चला कि देर शाम जहागीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अछैछा निवासी राजू वर्मा पुत्र मोलहे अपनी बाइक से बिठाकर ले गया है। परिजनो की सूचना पर मसौली पुलिस ने राजू व उसके साथी फतेहपुर कोतवाली के ग्राम भट्टपुरवा निवासी जितेंद्र रावत पुत्र मनीराम को हिरासत मे लेकर कड़ाई से पूछताछ की तो अभियुक्तों की निशानदेही पर महिला का शव गदवापुर एव बेरिया के बींच शारदा सहायक डबल नहर के किनारे झाड़ियों से बरामद हुआ।महिला का शव मिलते ही क्षेत्र मे हड़कंप मच गया और ग्रामीणो की भारी भीड़ जुट गयी। मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक विकासचंद्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी रामनगर गरिमा पंथ, प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने फील्ड यूनिट के तहत घटनास्थल के साक्ष्य एकत्रित किया पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# जाति धर्म से ऊपर उठकर सरदार पटेल ने किया काम : गोप

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने हमेशा जाति धर्म क्षेत्र से ऊपर उठकर समाज में एकता भाईचारे को मजबूत करने के साथ देश के किसानों नौजवानों को मजबूत संसाधन उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कार्य किया सरदार वल्लभभाई पटेल हमेशा सभी को मतभेदों को भूलकर एकजुट होकर देश के लिए काम के लिए प्रेरित करते थे।

उक्त बात समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट बाराबंकी द्वारा जनपद व्यापी पटेल रथ यात्रा के समापन की पूर्व संध्या पर ग्राम मंजीठा में यात्रा संयोजक प्रदीप सारंग द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन मे बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए व्यक्त किये। अरविंद कुमार सिंह गोप ने अखण्ड भारत के शिल्पी, लौहपुरुष, सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के विराट व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट के कार्यो की सराहना करते हुए प्रदीप सारंग द्वारा जनपद में चयनित किसी भी स्थान पर सरदार पटेल जी की एक भव्य प्रतिमा अपने निजी खर्चे पर स्थापित करने की घोषणा करते हुए शीघ्र स्थान चयन करने के लिए निवेदन किया। कार्यक्रम में बोलते हुए उत्तर प्रदेश कोऑपरेटिव बैंक लि. लखनऊ एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक लि.बाराबंकी के पूर्व चेयरमैन तथा सरदार पटेल संस्थान बाराबंकी के अध्यक्ष श्री धीरेंद्र कुमार वर्मा जी ने सरदार पटेल समाजोत्थान ट्रस्ट के सामाजिक जनजागरण अभियान एवं गाँव-गाँव पटेल रथ का संचालन कर पटेल जी की आरती की परम्परा स्थापित करने की भूरि भूरि प्रसंशा की। इस दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में कवि अम्बरीश अम्बर, अजय प्रधान,प्रदीप महाजन,सनत अनाड़ी आदि ने सुन्दर रचनाएँ प्रस्तुत की। कार्यक्रम में मंजीठा मेला एवं मंदिर समिति के प्रबंधक देवकीनंदन, उपाध्यक्ष राज बहादुर,उप प्रबंधक गिरजाशंकर,अशोक वर्मा,रूमसुम वर्मा, मोहित वर्मा, शिव कुमार वर्मा का सहयोग सराहनीय रहा। उपस्थित जनों में किसान नेता रामकिशोर पटेल, सुभाष वर्मा,वीरेन्द्र वर्मा, सुनील मौर्य, सदानन्द वर्मा, रमेश चन्द्र रावत,रजत वर्मा,लालता प्रसाद धीमान, अरविंद वर्मा,राजकुमार वर्मा, सुश्री सौम्या वर्मा(श्रेया वर्मा), कु.संध्या वर्मा,लाखूराम पटेल,प्रशांत पटेल आदि प्रमुख रहे।

## मार्ग दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**उन्नाव।** लखनऊ के बंथरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेहटा खुशमपुर के पर बीती 11 जून को बाइक से रिश्तेदार के घर जाते समय सड़क हादसे में वृद्ध घायल हो गया था जिसके बाद से इलाज चल रहा था। देररात उसकी घर में मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अजगैन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुंजपुर निवासी रामचंद पासी 60 पुत्र नंदलाल के बेटे संदीप ने बताया कि बीती 11 जून को घर से रिश्तेदार के घर ग्राम फतेहगंज लखनऊ बाइक से जा रहे थे तभी ग्राम बेहटा खुशमपुर थाना बंथरा लखनऊ के पास किसी वाहन के चालक ने बाइक में टक्कर मार दी थी जिसमें गंभीर रूप से घायल हो गया था। एक सप्ताह तक लखनऊ में एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। कोमा में चले जाने से चिकित्सक ने घर भेज दिया। तबसे घर इलाज हो रहा था देररात मौत हो गई।

# आदर्श नगर में गंदगी व जलभराव से मोहल्लेवासी परेशान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान के नारों के बीच शहर के रिहायशी मोहल्ले आदर्श नगर में सरसैयद पब्लिक स्कूल के ठीक सामने अवन हॉस्पिटल वाली गली में इंटर लॉकिंग के ऊपर बरसात और घरों एवम् शौचालयों का गन्दा पानी का जमाव होने के चलते मोहल्लेवासियों को सड़ांध का सामना करना पड़ रहा है। वहीं इंटरलॉकिंग के ऊपर से गन्दा पानी बहने के कारण रास्ते में भरे गंदे पानी को मंझाकर नौनिहालों को स्कूल जाना पड़ रहा है। प्रमुख रास्ते में गन्दे पानी का जमाव होने से कई बार स्कूली बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं और स्कूलों बच्चों की ड्रेसें गंदे पानी के छीटों से



अक्सर गंदी हो जाती हैं। आदर्श नगर मोहल्ला में जलभराव की गंभीर समस्या कारण जिला अस्पताल रोड के किनारे स्थित नाले का चोक होने के कारण अवन हॉस्पिटल वाली गली में इंटरलॉकिंग के ऊपर बरसात और घरों एवम् शौचालयों से निकला गन्दा पानी का ठहराव होने से चर्मरोग व महामारी समेत गम्भीर संक्रामक बीमारियों की फैलने की संभावना बढ़ती जा रही है अब स्थिति यह है कि अधिक दिनों से गंदे पानी का जमाव होने से दुर्गंध भी आने लगी है। जिससे मोहल्ले के लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी एवम् नगर पालिका अध्यक्ष समेत जिले के आला अधिकारियों से मोहल्लेवासियों में राजेश कुमार, अभिमन्यु यादव, राम सुमन बाजपेयी, जयपाल सिंह, अवनी कुमार, गौरव मिश्रा, सुनील कुमार, अमरनाथ पाण्डे, महेश कुमार, रमेश कुमार, रमाकांत शुक्ला, वरुण, राजेश यादव, राकेश तिवारी, रानू, धर्मेंद्र, अंकित, राम सजीवन चौधरी, धर्मेश श्रीवास्तव समेत आदिमोहल्ले वासियों ने मोहल्ले में स्थित अवन हॉस्पिटल वाली गली में इंटर लॉकिंग के ऊपर से ठहरे हुए गन्दे पानी को हटवाकर और जिला अस्पताल रोड के किनारे स्थित चोक हुए नाले को सफाई कर्मियों के द्वारा साफ कराकर अतिशीघ्र ठीक कराने की माँग की है।

# कोटा चयन की प्रधान ने की बैठक आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बदोसराय में राशन दुकान के चयन को लेकर पंचायत भवन में खुली बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान निसार मेहंदी ने की। पंचायत सचिव बीरेंद्र तिवारी ने बैठक का संचालन किया। कस्बा बदोसराय में कई महीनों से एक राशन दुकान खाली चल रही है। इसके चयन के लिए शनिवार को पंचायत भवन के सभागार में यह बैठक बुलाई गई। बैठक में गांव के पांच महिला समूहों ने अपने आवेदन पत्र जमा किए। इन आवेदनों को पात्रता जांच



के लिए डीसी एनआरएलएम को भेजा जाएगा। पंचायत सचिव बीरेंद्र तिवारी ने बताया कि बैठक की पूरी कार्रवाई खंड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर दी गई है। आगे अधिकारियों के निर्देशों का पालन किया जाएगा। बैठक में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी जयराम वाल्मीकि पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इसके अलावा बीएमएम मोहम्मद इमरान, अंजली यादव और पुलिस बल भी उपस्थित रहा।

# विवाद में पति-पत्नी ने आत्महत्या का किया प्रयास

**इकदिल, इटावा समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद पति ने ट्रक के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की जबकि पत्नी ने छत से नीचे कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया। दोनो गंभीर हालत में एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। थाना लवेदी के गांव बरौली निवासी हाल पता नेशनल हाईवे गौरैया मंदिर के पास के रहने वाले रमाकांत (45) पुत्र रूपचंद और उनकी पत्नी सीमा में शुक्रवार दोपहर में आपसी कहासुनी हो गई जिसके बाद पति ने हाइवे पर निकलते चलते ट्रक के आगे कूद गया इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे राहगीरों ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया वह दूसरी ओर पत्नी सीमा को सड़क दुर्घटना में पति घायल और अस्पताल में भर्ती होने की सूचना मिलते ही पत्नी ने छत से छलांग लगा कर जान देने की कोशिश की वह छत से कूद गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़ी पत्नी को जिला अस्पताल भिजवाया वहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत में दोनो पति पत्नी के सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहां दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। थाना प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया दोनो ने घरेलू कलह के चलते आत्महत्या का प्रयास किया दोनों को अस्पताल भिजवाया गया है।

## किशोरी तीस हजार रूपए लेकर हुई लापता

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम बम्हौरा हिमांयुपुर से 13 बर्षीय किशोरी घर से 30 हजार रुपए लेकर महेवा बाजार करने गयी हुई थी किशोरी अचानक लापता हो गई पिता ने एक महिला के विरुद्ध पुत्री को गायब करने का मुकदमा दर्ज कराया। ग्राम बम्हौरा हिमायुपुरा निवासी रनसिंह पुत्र विजय सिंह ने बकेवर थाने में प्रार्थना पत्र देता हुए बताया कि उसकी 13 वर्षीय पुत्री तृप्ती चौहान 15 सितम्बर की सुबह महेवा बाजार करने घर से गयी हुई थी जब वह दोपहर 1 बजे तक वापस घर नहीं लौटी तो परिजनो को चिन्ता होने लगी परिजनो ने महेवा व आसपास क्षेत्र सहित रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की । लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बेटी घर में रखे 30 हजार रुपए भी ले गयी है शिल्पी पत्नी स्वं जितेन्द्र कुशवाहा निवासी अज्ञात ने उसे गायब कर दिया। किसी अनहोनी के आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने महिला के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू की।

# ट्रक की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

दही थाना क्षेत्र अंतर्गत देरशाम दही-पुरवा मार्ग पर स्थित तुर्कमानखेड़ा मोड के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। पीछे बैठा गांव का ही किशोर गंभीर घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए कानपुर रेफर किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम महानारायणखेड़ा निवासी सोनू खान (20) पुत्र अकील अहमद फर्नीचर का कारीगर था। शुक्रवार की शाम वह गांव के ही किशोर सुहैल पुत्र शफीक के साथ उन्नाव में सोफा रिपेयर करने आया था। इसके बाद वह सदर कोतवाली क्षेत्र के अनवार नगर मोहल्ला निवासी अपने मामा सल्लू से मिलकर देररात वापस लौट रहा था तभी दही थाना क्षेत्र के पुरवा मार्ग स्थित तुर्कमान नगर के सामने पीछे से तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। उछलकर कर सड़क पर गिरते ही ट्रक उसे रौंदते हुए निकल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां सोनू को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सोहेल को कानपुर रेफर कर दिया।


# कार्यालय नगर पंचायत हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

**पत्रांक-160/न.पं.है./जी.आई.एस.सर्वे/2025-26** **दिनांक- 16.09.2025**

**(ई-निविदा आमंत्रण सूचना)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हैदरगढ़ बाराबंकी द्वारा ई-निविदा सूचना के माध्यम से नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी के समस्त वार्डों की जी.आई.एस. मैपिंग (नगर एवं वार्डवार) प्रापर्टी सर्वे यू.आई संख्या आवंटन, एवं ऑनलाइन सम्पत्ति कर प्रबन्धन (कर निर्धारण, डिमान्ड जनरेशन, बिल प्रिन्ट, भुगतान, रिपोर्ट) प्रणाली हेतु ऑनलाइन बिलिंग साफ्टवेयर व वेबसाइट बनाने का कार्य कराया जाना है, जिसके लिए ई-निविदा वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर किया जायेगा। उक्त कार्य हेतु निविदा शुल्क रूपया 1000/- NEFT/RTGS के माध्यम से नगर पंचायत हैदरगढ़ के खाता संख्या-750110100009718 IFSC- BKID0007501 बैंक ऑफ इंडिया शाखा हैदरगढ़ में देय होगा। निविदा शुल्क की प्रति एवं जमानत धनराशि-50,000/- (पचास हजार रूपया) का एफ.डी.आर. जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत हैदरगढ़ के पक्ष में बंधक हो ई-निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा कार्यवाही में भाग लेने के लिए फर्म का ऑनलाइन सम्पत्ति कर प्रबन्धन प्रणाली में तीन वर्ष और तीन निकायों में सफलता पूर्वक कार्य करने का अनुभव संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ई-टेण्डर पोर्टल :- http://etender.up.nic.in

**विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ई-निविदा प्रकाशन तिथि | 17.09.2025 |
| 2. | ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड प्रारम्भ तिथि | 17.09.2025 |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अंतिम तिथि | 08.10.2025 |
| 4. | ई-निविदा खोले जाने की तिथि | 09.10.2025 |

**उपजिलाधिकारी/अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**बाराबंकी।**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत हैदरगढ़**
**बाराबंकी।**

# सुलेख प्रतियोगिता में हर्ष, आयत व सुहानी रही अव्वल

- प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभाओं ने बिखेरा हुनर
- बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर किया सम्मानित



प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार के साथ बच्चें व मौजूद बीएसए

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित जनपद स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ब्लॉक स्तर पर चयनित विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और मेरे सपनों का उत्तर प्रदेश विषय पर बिना देखे 250 शब्दों का सुलेख प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल, भाषा ज्ञान और सृजनात्मकता को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता के दो वर्गों प्राथमिक स्तर और जूनियर स्तर में कुल छह विजेता प्रतिभागियों का चयन किया गया।

प्राथमिक स्तर पर प्रथम स्थान हर्ष राजपूत, कक्षा 5, प्राथमिक विद्यालय किन्नौरा, उमर्दा द्वितीय स्थान आयत, कक्षा 5, प्रा.वि. सराय दौलत, तालग्राम, तृतीय स्थान सुहानी, कक्षा 5, प्रा.वि. जसपुरापुर सरैया, जलालाबाद ने प्राप्त किया। जूनियर स्तर पर प्रथम स्थान अभिषेक पाल, कक्षा 8, कम्पोजिट विद्यालय भिदासिन, सदर ब्लॉक, द्वितीय स्थान पूनम, कक्षा 7, उच्च प्रा0 विद्यालय समधन, तालग्राम, तृतीय स्थान पलक, कक्षा 8, उच्च प्रा0 वि0 रेरीरामपुर, हसेरन ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका रेनू कमल सहित शिक्षक अभिभावक रहे।

# सभी के सहयोग से पूरा होगा विकसित भारत का संकल्प

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के पास स्थित जिला ग्राम्य विकास संस्थान में आयोजित मिशन कर्मयोगी गोष्ठी में अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एवं सैनिक कल्याण विभाग और महाधिदेशक उपाम व एसआईआरडी एल वेंकटेश्वर लू ने कहा सर्व समाज सहयोग करे तभी विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी गोष्ठियां प्रत्येक गांव में होनी चाहिए। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद तैयार करने चाहिए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति सुधरे। गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण पर बल देते हुए उन्होंने स्वदेशी उत्पादों जैसे अचार, आटा, दाल और स्वास्थ्यवर्धक सामान बनाने की सलाह दी। लू ने ग्राम प्रधानों से विकासपरक चिंतन करने और लापरवाही त्यागने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का महिला सशक्तिकरण अभियान तभी सफल होगा, जब समाज सहयोग करेगा। सात्विक जीवन को ईश्वर की सच्ची पूजा बताते हुए उन्होंने खानपान और रहन-सहन में सावधानी बरतने की बात कही। चरित्र निर्माण संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष आरके गोस्वामी ने सामाजिक चेतना और सुरक्षा को विकास का आधार बताया। उन्होंने सुशिक्षित और विकसित कन्नौज के लिए गीता के पाठ और कर्म पर जोर दिया।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, उप जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नासला की सेवा के तीन दशक पूर्ण होने पर प्रतियोगिता आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नासला) की सेवा के तीन दशक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वधान में अंग्रेजी माध्यम प्राथमिक विद्यालय अलीनगर व पीएस जलालपुर सरवन में सभी के लिए न्याय कानूनी क्षेत्र के दृष्टिकोण से शीर्षक के अंतर्गत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में अध्यनरत अरीबा वनों, रेखा और वंश ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक संकुल अबधनारायण ने बच्चों को जागरूक करते हुए बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा इसकी स्थापना विगत तीन दशक पूर्व की गई थी। इसे प्रत्येक वर्ष 9 नम्बर को मनाया जाता है। जिसक उद्देश्य समाज के कमजोर एवं असहाय वर्ग को जागरूक करना व मुफ्त कानूनी सलाह प्रदान करना हैं। जिसके लिए समय- समय राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जाता है।

# शंकर जी की बारात में झांकियों ने मोहा मन



- रामलीला मैदान में हुआ शंकर पार्वती का विवाह

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

शंकर बरात में इस बार भूत प्रेत आदि बारातियों सहित निकली झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। देर रात रामलीला मैदान पहुंचकर पार्वती संग शंकर जी का विधि विधान पूर्वक विवाह हुआ।

नगर में तालग्राम तिराहे के पास रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देवकीनन्दन मिश्र, महामंत्री कौशलेंद्र सिंह श्यामू चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हिमांशु चौहान, प्रशांतनंद चंदन, आयोजक पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, कार्यवाहक अध्यक्ष अनुराग त्रिपाठी, आनंद गुप्ता, विवेक दीक्षित आदि ने शंकर जी का पूजन करके रथ रवाना किया। शंकर बारात में एटा की राधा कृष्ण झांकी, नाग नागिन की झांकी, अलीगढ़ की राधा कृष्ण झांकी, हनुमान अखाड़ा, मैनपुरी की शिव पार्वती झांकी सहित 14 झांकियां शामिल थी व बाहुबली हनुमान की कुल 14 झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। भगवान शंकर के स्वरूप में सजे हिमांक दुबे पर कई जगह फूलों की वर्षा हुई। रामलीला मैदान में विधि-विधान पूर्वक शंकर पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। अभी तक रामलीला मैदान में मेला की दुकानें नहीं लगने से सन्नाटा पसरा रहा लेकिन ग्राम पंचायत रामपुर बैजू के सौजन्य से बनी मैदान की बाउंड्रीवाल ने सभी को सुरक्षा का एहसास कराया।

इस दौरान चैत्र नवरात्रि कमेटी के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी पप्पी, महामंत्री संदीप दुबे, श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता, रवि गुप्ता, अंकुर दीक्षित, टीटू अग्निहोत्री, बृजेंद्र उर्फ बब्बा यादव, सनी अग्निहोत्री, टिंकू दीक्षित, अमित दुबे, पंकज दुबे, हिमांक त्रिपाठी, आशु तिवारी आदि मौजूद रहे।

## काहूट क्विज के साथ हुआ प्रशिक्षण का समापन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** फर्रूखाबाद रोड स्थित ग्लोबल एजुकेशन सेंटर में पांच दिवसीय एफएलएन तथा एनसीईआरटी की नवीन पाठ्यपुस्तक आधारित प्रशिक्षण के अंतिम दिन 10 वे बैच का समापन काहूट क्विज के साथ हुआ। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने प्रतिभागी शिक्षकों से कहा प्रशिक्षण में आपने जो समझ विकसित की है उसे प्रत्येक छात्र तक पहुचाने पर ही प्रशिक्षण का उद्देश्य फलीभूत होगा। एआरपी अच्युत त्रिपाठी ने कक्षा 3 की नवीन पाठ्य पुस्तक सन्तूर की थीम एवम अंग्रेजी शिक्षण की प्रक्रिया पर चर्चा की। एआरपी अर्चना चतुर्वेदी ने इंडियन नॉलेज सिस्टम की विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए वैदिक युग से अभी तक ज्ञान के क्षेत्र में हुए प्रयासों पर चर्चा की। एआरपी राजेश गौतम ने गणित शिक्षण, गणित मेला पुस्तक का परिचय तथा लिटरेसी पर चर्चा की। एआरपी सुशील दुबे व योगेश यादव ने संदर्शिकाओं के प्रयोग से संदर्भित बिंदुओं पर प्रतिभागियों के साथ विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रतिभागियों द्वारा विषय वस्तु की बेहतर समझ हेतु ग्रुप वर्क के माध्यम से प्रस्तुतिकरण दिया गया। अरविन्द चौहान ने एनईपी 2020 व एनसीएफ पर चर्चा की। प्राक्षिक्षण में सहयोगी रावेन्द्र राजपूत, नरेन्द्र, अवनीश एवं अनुज जबकि प्रतिभागी विजय बाबू, दीक्षा सिंह, सुनीता सिंह, डॉ मिथलेश यादव आदि उपस्थित रहे।

# 9 वर्ष बाद वसीम के घर आने पर परिजन खुश

- घर पर वसीम को देखने वालों का लगा तांता

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**


परिजनों के बीच बैठा वसीम ख़ान, परिजनों में जागी खुशी

घर से 9 वर्ष पहले अचानक गायब हुए वसीम ख़ान की खोजबीन के लिये परिजनो ने सभी प्रयास किये गये थे लेकिन कोई सुराग न लग पाने से कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराने के वाद निराश होकर घर बैठ गये।

समधन नगर के मोहल्ला गांधी नगर निवासी तसवीर ख़ान का 16 वर्षीय पुत्र बसीम ख़ान बीते 9 वर्ष पहले बकरीद त्योहार वाले दिन दोपहर को अपने घर से अचानक गायब हो गया था जिसकी खोजबीन के लिये परिजनो ने नगर सहित आसपास के गांवों व रिस्तेदारो के यहां काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग न लग पाने से गुरसहायगंज कोतवाली में पुलिस को तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी इसके बाबजूद उसका कोई पता नहीं चल सका नगर के भैस व्यापारियों से जनपद महोबा भैंस व्यापारियों से बीते सप्ताह पहले एक मुलाकात में पता चला की एक युवक थाना कबरई ग्राम के बबूआखेडा में एक व्यक्ति के यहां रहे रहा है जिसकी भनक लगते ही गायब युवक के परिजन बीते दो दिन पहले जनपद महोबा के लिये रवाना होकर शुक्रवार को उसे भैंसें चराते हुए खेतों पर पकड़कर पहले थाना कवरई पुलिस के हवाले किया गया इसके वाद पुलिस ने पहले बसीम से पूछताछ करके परिजनों से सभी साक्ष्य देखने के वाद परिजनों को सौंप दिया गया इसके वाद परिजन बसीम को लेकर रात घर आये वैसे लोगों में खुशी का माहौल छा गया शनिवार सुबह से ही बसीम ख़ान को देखने वालों का घर पर पूरे दिन तांता लगा रहा बताते हैं कि बसीम ख़ान छः भाइयों में चौथे नम्बर का है।

## भाकियू की महापंचायत में होगा आंदोलन की रणनीति पर मंथन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की किसान महापंचायत 21 सितंबर को शाम 3 बजे गंगोत्री गेस्ट हाउस, छिबरामऊ में जिलाध्यक्ष अश्विनी मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित होगी। प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक ने बताया कि सभी पदाधिकारी दोपहर 2:30 बजे लिटिल स्टार गेस्ट हाउस, बिशुनगढ़ रोड पर एकत्रित होंगे और राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी के कैंप कार्यालय पर माल्यार्पण कर उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद काफिले के रूप में महापंचायत स्थल पहुंचा जाएगा। इस महापंचायत में विनोद दीक्षित अस्पताल, कन्नौज के भ्रष्टाचार और खाद की कालाबाजारी जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा होगी। सभी पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर आंदोलन की आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। यह महापंचायत किसानों के हितों और क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।




## सेवा पखवाड़ा के तहत मिशन कर्मयोगी संगोष्ठी का आयोजन

**छिबरामऊ, कन्नौज।** राजकीय महिला महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत मिशन कर्मयोगी विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। संगोष्ठी में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. राकेश चन्द्र ने मिशन कर्मयोगी पोर्टल से संबंधित जानकारियां विस्तार से छात्राओं के साथ साझा कीं। प्राचार्य डॉ. पवन चौहान ने कहा, सेवा पखवाड़ा हमें सामाजिक जिम्मेदारी और स्वच्छता के प्रति जागरूक करता है। मिशन कर्मयोगी के माध्यम से हम न केवल अपने कौशल को निखार सकते हैं, बल्कि समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को भी समझ सकते हैं। छात्राओं को इस तरह के आयोजनों से प्रेरणा लेकर देश और समाज के विकास में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापकों और छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन ने सभी को स्वच्छता और कर्मयोगी भावना के प्रति प्रेरित किया।

# इलेक्ट्रॉनिक बांट माप का कराएं मूल्यांकन, नहीं तो लगेगा जुर्माना

- जिला बांट माप अधिकारी ने दी जानकारी

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



पुरानी गल्ला मंडी में जिला बांट माप अधिकारी ने व्यापारियों के साथ बैठक करके सभी से आनलाइन आवेदन कर मूल्यांकन कराने को कहा। ऐसा नहीं किया तो जुर्माना लगेगा।

जिला बांट माप अधिकारी अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि जिन व्यापारियों का इलेक्ट्रानिक कांटा (तराजू) 100 किलोग्राम या अधिक का है, वह मूल्यांकन के लिए आनलाइन आवेदन करें। धर्म कांटा व पेट्रोल पंप आदि भी इसी प्रक्रिया का पालन करें, जिससे उनके कांटे-बांट का मूल्यांकन किया जा सके। इसका निर्धारित शुल्क भी ऑनलाइन जमा हो जाएगा। व्यापारी अपने कांटे बांट में मूल्यांकन मुहर लगवा लें, ताकि निरीक्षण के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसी व्यापारी को समस्या है तो वह कार्यालय में संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि चेकिंग के समय मूल्यांकन नहीं पाया गया तो जुर्माना लगाया जाएगा। इसलिए कार्रवाई से बचने के लिए समय से मूल्यांकन अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा जो दुकानदार सील बंद पैकेट में सामान बेचते हैं उसे पर नाम पता वजन लिखा होना चाहिए। प्रिंट रेट से अधिक बिक्री पाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, प्रभाकर गुप्ता, सत्यनारायण वर्मा, संजीव गुप्ता गांधी व अबली गुप्ता सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# नूरपुर में किसान के घर से टीम ने पकड़ा अवैध खाद का भंडार

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

- छापामारी के दौरान भारी मात्रा में डीजल भी हुआ बरामद

तहसील क्षेत्र के ग्राम नूरपुर में खाद के अवैध भण्डारण का मामला सामने आया है। कृषि विभाग तथा आपूर्ति विभाग की संयुक्त छापेमारी में किसान के घर से लगभग 52 बोरी डीएपी एवं 100 बोरी यूरिया मिली है। इस दौरान टीम को भारी मात्रा में डीजल भी मिला है जिसकी भी जांच शुरू कर दी गई है। खाद का अवैध भण्डारण व कालाबाजारी न हो इसको लेकर प्रशासन पहले से ही सतर्क है जिसके चलते इसके वितरण को लेकर तमाम तरह की बन्दिशे कृषि विभाग द्वारा लगाई गयी है जिसके तहत विगत दो दिनों से निजी लाईसेंस धारकों को प्रतिदिन 25 से 50 बोरी डीएपी बेंचने की इजाजत दी गई है साथ ही महज 2 बोरी प्रति किसान को न देने की भी नसीहत दी गई है तो यूरिया की बिक्री भी खतौनी और आधार कार्ड के आधार पर की जा रही है। जिससे बाजार में खाद की उपलब्धता कम न हो लेकिन इसके बाद भी महेवा ब्लाक क्षेत्र के ग्राम नूरपुर मे प्रशासनिक को खाद के अवैध भण्डारण की जानकारी मिली थी जिसके चलते शुक्रवार को जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव तथा आपूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार ने पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थल पर छापेमारी की थी।

## यातायात व्यवस्था में सहयोग करेंगे एनसीसी कैडेट्स



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** शहर के के0के0 इंटर कॉलेज ग्वाल मैदान में एनसीसी कैडेट्स को यातायात प्रभारी रवि शंकर त्रिपाठी एवं टी एस आई आफाक खां द्वारा प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा के सहयोग से यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यातायात प्रभारी द्वारा छात्रों को सड़क दुर्घटनाओं से बचने के तरीके, हेलमेट धारण करने और सीट बेल्ट धारण करने के लिए भी अपील की। साथ ही साइबर क्राइम के बारे में भी छात्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। वहीं टीएसआई आफाक खां द्वारा छात्रों को साइकिल से चलते वक्त क्या- क्या सावधानियां बरतनी चाहिए इसके बारे में जानकारी देते हुए साइकिल चलाकर दाहिने बाए मुड़ने का सही तरीका समझाया गया। ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## आम रास्ते में देवी पंडाल न लगाने की एसडीएम से की अपील

**जालौन,उरई।** आम रास्ते को अवरूद्ध कर देवी पांडाल स्थापित किए जाने से मोहल्ले के लोगों को असुविधा होती है। ऐसे में आम रास्ते पर देवी पंडाल स्थापना न कराने की मांग मोहल्ले के लोगों ने एसडीएम से की है। नगर के मोहल्ला ओझा पुरानी हाट निवासी हितेंद्र लिटौरिया, अरविंद कुमार, अखिलेश दुबे, अनिल, राजा चौहान, बबली देवी, गोपाल दुबे, रामजी बाजपेई, अनिल गुप्ता आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके घरों के पास आम रास्ता है। इस आम रास्ते पर मोहल्ले के ही रिषभ कुमार ने पिछले वर्ष देवी पांडाल की स्थापना की थी। जिससे लोगों को आवागमन में दिक्कत हुई थी।

# पुलिस ने गंभीर धाराओं में दीपू के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कांशीराम कालोनी में तमंचे की नोंक पर बच्चे को बंधक बनाए जाने के मामले में कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर ने अभियुक्त के खिलाफ संगीन धाराओं में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल अभियुक्त का मेडिकल कालेज तिर्वा में पुलिस अभिरक्षा में इलाज चल रहा है। कोतवाली के अतिरिक्त इंस्पेक्टर ब्रजमोहन पाल ने थाना तालग्राम क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी दीपू चक पुत्र अखिलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दीपू चक नाम के व्यक्ति ने सात वर्ष के बच्चे को जान से मारने की नीयत से सडक़ से अपहरण कर कांशीराम कालोनी के ब्लॉक नं.84 के आवास में ले गया, तथा बच्चे की कनपटी पर तमंचा लगाकर बंधक बना लिया। लोगों की काफी भीड़ जुट गई, वह मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। कुछ ही देर बाद एएसपी अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी सुरेश कुमार, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज गजेंद्र पाल सिंह, गुरसहायगंज कोतवाल आलोक कुमार द्विवेदी, एसओजी प्रभारी देवेश पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पुलिस की तीन टीमें बनाकर बच्चे को सकुशल छुड़ाने का आपरेशन शुरू किया गया। देर शाम करीब 7 बजे मुठभेड़ के दौरान पुलिस टीम ने जहां बच्चे को सकुशल बाहर निकाल लिया। वहीं अभियुक्त द्वारा की गई फायरिंग के जवाब में आत्मरक्षार्थ पुलिस द्वारा की गई फायरिंग में गोली अभियुक्त दीपू चक के पैर में जा लगी, जिससे वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने घायल अभियुक्त को सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया। वहां से उसे मेडिकल कालेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। मौके से अवैध तमंचा व छह जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। बच्चे को उसके दादी-बाबा के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने धारा 140, 127, 109 व 3/25 आर्म्सएक्ट के तहत अभियोग दर्ज किया गया।

### दूसरे दिन भी दहशत में है मासूम

छिबरामऊ। बेशक पुलिस ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मासूम को सकुशल बचा लिया हो, लेकिन वारदात के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी मासूम के अंदर भय और दहशत व्याप्त है। शनिवार की शाम जब मासूम से बातचीत की गई, तो वह काफी डरा और सहमा सा था। उसने बताया कि वह स्कूल से आने के बाद घर गया और फिर खेलने जा रहा था, तभी दीपू चक ने उसे घर के अंदर ही पकड़ लिया और कमरे में रखे डी-फ्रीजर के ऊपर अपने साथ बिठा लिया। तमंचे के डर की वजह से उसने चिप्स नहीं खाए। काफी देर बाद पुलिस अंकल ने खींचकर उसे बाहर निकाला। डर की वजह से वह दूसरे दिन स्कूल भी नहीं गया। उसने बताया कि आज भी उसे चक्कर आ रहे हैं। वह रात में अपने दादी-बाबा के घर मोहल्ला जेरकिला में रहा।

## बकाया रूपये न देने ने लगाया आरोप

**जालौन,उरई।** साझेदारी में कबाड़े की दुकान करने के बाद जब साझेदारी समाप्त हुई तो बकाया लगभग 62000 रुपये साझेदार नहीं दे रहा है।

पीड़ित ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खटीकान निवासी तौहीद ने पुलिस को बताया कि उसने व चिमनदुबे निवासी उवैश ने साझेदारी में कबाड़े की दुकान चिमनदुबे निवासी तौफीक के साथ की थी। जब साझेदारी समाप्त हुई तो उसे साझेदार से 1,12,735 रुपये लेना था। कुछ लोगों के बीच बैठकर तय हुआ था कि वह कुछ दिनों में रुपये दे देंगे। तबसे अब तक उसे मात्र 50,000 रुपये की मिले हैं।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 45 शिकायतें दर्ज, नौ निपटी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**




तहसील सभागार में डीएम की अध्यक्षता और एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे। मौके पर 45 शिकायतें पंजीकृत की गई, जिनमें 9 का निस्तारण तत्काल कर दिया गया। डीएम ने निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण गंभीरता, पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से हो। उन्होंने कहा कि पर्वो के दृष्टिगत बिजली, पानी और सफाई व्यवस्था में लापरवाही न हो। सड़कों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मिशन शक्ति पांच का शुभारंभ रविवार से होगा, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बताया कि कार्यक्रमों में 12 विभागों के अधिकारी-कर्मचारी सहभागिता करेंगे। तहसील दिवस के दौरान कुल 45 फरियादियों ने राजस्व, बिजली, नगर पालिका, जल कल, समाज कल्याण आदि से संबंधित शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें से 9 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। डीएम ने खतौनी पटल और आईजीआरएस पोर्टल का निरीक्षण कर किसानों से जानकारी ली। किसानों ने बताया कि पहले 20 रुपये लिए जाते थे, अब 15 रुपये जमा किए जा रहे हैं। डीएम ने शिकायतों के निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीडीओ केके सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप यादव, सीएमओ एनडी शर्मा, एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेई, तहसीलदार अमित शेखर और कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी मौजूद रहे।

# महिला के घर इंजेक्शन लगाने गए चिकित्सक ने की छेड़खानी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

- महिला बोली, अकेला पाकर छेड़ा, दी तहरीर

इंजेक्शन लगाने के लिए घर में आए प्राइवेट डॉक्टर की महिला को देखकर नियत खराब हो गई और महिला से छेड़खानी कर दी। विरोध करने पर मारपीट कर भी कर दी। पीड़िता ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसके ससुर कारसदेव मंदिर गए थे। घर पर वह अकेली थी। उसकी तबियत खराब थी तो उदोतपुरा निवासी झोलाछाप डॉक्टर नितिन उर्फ मुकेश उसे इंजेक्शन लगाने आ गया। घर के अंदर आकर जब परिवार के लोगों के बारे में पूछा तो उसने बता दिया कि ससुर मंदिर गए हैं। उसे अकेला देखकर उसकी नीयत में खोट आ गई और वह उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसे जमीन पर गिरा दिया और उसके कपड़े उतारने का प्रयास किया। रोकने पर मारपीट कर दी। जब वह चिल्लाई तो आसपास के लोगों को आता देखकर वह धमकी देकर वहां से भाग गया।

# मूर्तिकारों ने तीन से दस फिट तक की मातारानी की प्रतिमायें कीं तैयार



**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र में नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाली देवी मां की झांकियों में स्थापित होने वाली प्रतिमाओं में विभिन्न रूपों में देवी मां की मूर्तियों को मूर्तिकार अंतिम रूप दे दिया गया है। कल से मूर्तियों की स्थापना शुरू हो जाएगी। नगर के मूर्तिकार श्याम कुशवाहा की मूर्तियां वर्षो से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित की जाती हैं। जानकार लोग दूर-दूर से यहां मूर्तियों को लेने आते हैं। मूर्तिकार द्वारा प्रकृति व पर्यावरण के अनुरूप मूर्तियों को बनाने का कार्य महीनों पहले से प्रारंभ हो जाता है। मूर्तियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मूर्तिकार श्याम कुशवाहा ने बताया कि इस बार दुर्गा पांडाल भव्य तरीके से सजाए जा रहे हैं। इसलिए इस बार 3 फीट से लेकर 10 फीट तक की देवी मां की आधा सैंकड़ा से अधिक मूर्तियां तैयार की गई हैं। मूर्तियों की कोई कीमत निर्धारित नहीं की जाती है। भक्त और मूर्तिकार एक न्यौछावर तय कर लेते हैं, जिसके बाद न्यौछावर देकर भक्तगण मूर्तियों को अपने साथ ले जाते हैं। उन्होंने बताया कि इन मूर्तियों को घास-फूस, लकड़ी, मिट्टी और प्राकृतिक रंगों से तैयार किया जाता है। इन मूर्तियों को तैयार करने में श्याम कुशवाहा व उनके साथी कलाकार पत्नी फूलन देवी, विशाल, विकास, आकाश, सत्यम, देवराज व गजेन्द्र दिन-रात मेहनत कर सहयोग कर रहे हैं। यह मूर्तियां नवरात्र में नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित पांडालों में विराजमान होंगी। मूर्ति स्थापना के बाद देवीभक्तों द्वारा देवी मां की मूर्तियों का अद्भुत श्रृंगार भी किया जाएगा। नवरात्र का यह पर्व दशहरा को मूर्ति विसर्जन के बाद समाप्त हो जाता है।

# मुख्यमंत्री ने मिशन शक्ति फेज 5 का किया वर्चुअल शुभारंभ

**थाना राजेपुर/अमृतपुर में मिशन शक्ति केंद्रों का हुआ उद्घाटन**

**अमृतपुर/राजेपुर/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**



थाना राजेपुर में मुख्यमंत्री का लाइव भाषण सुनते पुलिसकर्मी



थाना अमृतपुर में मिशन शक्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ



थाना नवाबगंज में मुख्यमंत्री के संवाद को सुनते पुलिसकर्मी

मुख्यमंत्री ने लोक भवन सभागार लखनऊ में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति 5 का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी थानों में नव स्थापित मिशन शक्ति केंद्रों का उद्घाटन करते हुए मिशन शक्ति केंद्रों से संबंधित एसओपी की पुस्तिकाओं का विमोचन एवं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद फतेहगढ़ के समस्त थानों पर इस कार्यक्रम का लाइव स्ट्रीमिंग के माध्यम से प्रसारण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, स्कूल कॉलेजों की छात्राएं, शिक्षकगण तथा पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। लाइव प्रसारण के माध्यम से लोगों को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों, महिला सुरक्षा से संबंधित कानूनी प्रावधानों, हेल्पलाइन नंबरों जैसे 1090, 181, 112 आदि तथा महिला हेल्प डेस्क की सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। **वहीं थाना अमृतपुर में** महिला हेल्प डेस्क को मिशन शक्ति केंद्र के रूप में सजाया गया है। महिला हेल्प डेस्क पर विभिन्न आपातकालीन सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई है। इनमें मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन और एम्बुलेंस सेवा के नंबर शामिल हैं। थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या ने महिला हेल्प डेस्क पर बैठकर महिलाओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान के लिए निर्देश दिए। मिशन शक्ति के इस चरण में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। महिलाओं को उनकी सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और अन्य महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी जाएगी।

**राजेपुर थाने में** मिशन शक्ति 5 केंद्र की शुरुआत हुई। थाने में महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष डेस्क स्थापित किया गया है। कार्यक्रम में थाना अध्यक्ष सुदेश कुमार मौजूद रहे। दरोगा आशुतोष, दरोगा अमित कुमार और महिला कांस्टेबिल पूजा सहित अन्य पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे। महिला डेस्क को गुब्बारों और फूलों से सजाया गया। सभी पुलिसकर्मियों ने मुख्यमंत्री का ऑनलाइन संबोधन सुना। महिला पुलिसकर्मियों ने थाने में आईं महिलाओं को मिशन शक्ति के बारे में जानकारी दी। मिशन शक्ति 5 का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। यह केंद्र महिलाओं की समस्याओं के समाधान में मदद करेगा।

**वहीं नवाबगंज थाने** के सभागार में शनिवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने सभागार को दुल्हन की तरह सजाया और मिशन शक्ति के तहत नारी सुरक्षा अभियान के लिए मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद सुना। जिसमें प्रदेश के पुलिस के मुखिया राजीव कृष्ण ने पुलिस बल को महिला सशक्तिकरण के तहत आवश्यक दशा निर्देश दिए। वहीं मुख्यमंत्री के द्वारा महिला कल्याण मंत्री तथा अन्य मंत्रियों के साथ 16000 से अधिक थानों में मिशन शक्ति केंद्रों का बटन दबाकर वर्चुअल उद्घाटन किया। जिसमें महिला महिला सशक्तिकरण, ई-सखी, महिला हेल्प लाइन तथा अन्य योजनाओं के बारे में मुख्यमंत्री तथा महिला कल्याण मंत्री ने आवश्यक सुझाव दिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के द्वारा पुस्तिका का भी विमोचन किया गया। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे ने बताया कि महिला हेल्प डेस्क तो शासन के निर्देश पर चल ही रहा है, लेकिन उसके बाद भी महिलाओं के प्रकरण को गंभीरता से वरीयता दी जाएगी। किसी भी महिला को बेबस नहीं वापस लौटाया जाएगा। इसके लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह तैयार है। ऐसे ही कई वक्तव्य प्रदेश के पुलिस मुखिया ने प्रदेश की पुलिस को दिए। जिसको सभी थाना पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक के साथ वर्चुअल संवाद में सुना। इस मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक अवध नारायण पांडे, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा जगराम सिंह, दरोगा कमलेश कुमार, महिला हेल्प डेस्क की प्रभारी महिला कांस्टेबिल शालिनी तथा समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# लाखों के कर्ज में डूबे व्यापारी ने चुनी मौत, फांसी पर झूला

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो

चालीस लाख के कर्ज में डूबे व्यापारी ने पंखे से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला इस्माइलगंज साहनी निवासी 55 वर्षीय विनोद गुप्ता बीती रात घर के बाहर बैठक में सोये थे। उन्होंने रात में किसकी पहर पंखे में फांसी लगा ली। जब सुबह देर तक दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने गेट खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला, तो परिजनों को चिंता हुई। पत्नी ने खिड़की से झांककर देखा, तो पति फांसी पर झूल रहा था। जिससे वह चीखने चिल्लाने लगी। आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे से उतारा गया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी राजीव पाण्डेय व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किये। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी संध्या ने बताया कि पति पर काफी कर्जा हो गया था। जिससे वह मानसिक रुप से परेशान रहते थे। मृतक का एक 25 वर्षीय पुत्र अजय एवं 13 वर्षीय पुत्र मयंक है। बताते चलें कि मृतक सातनपुर मंडी में होटल चलाता था। जो अब बंद हो चुका था। उन पर लगभग 35 से 40 लाख रुपये का कर्ज था। कर्जदार लगातार फोन कर धमकाते थे। मृतक की पहली पत्नी का देहांत हो चुका था और वह वर्तमान में दूसरी पत्नी के साथ रह रहे थे। एक साल पहले उनकी बेटी ने भी फांसी लगाकर जान दे दी थी। मृतक के भतीजे गोपाल ने बताया कि घरेलू कलह और आर्थिक तंगी के कारण मृतक ने यह कदम उठाया। शहर कोतवाली प्रभारी राजीव पांडेय ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

# खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर निकाली जायेगी विशाल निशान पदयात्रा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



बाबा खाटू श्याम

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम के जन्मोत्सव पर विशाल निशान पदयात्रा निकाली जायेगी। जिसकी रुपरेखा बैठक के दौरान बनायी गयी। श्री खाटू श्याम जी के जन्मोत्सव के अवसर पर श्री खाटू श्याम सेना ट्रस्ट फतेहगढ़ के द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष की भव्य निशान पदयात्रा निकली जाएगी। इसकी बैठक में सभी पदाधिकारी और सदस्य के द्वारा ये तय हुआ कि यात्रा बाबा श्याम के जन्मोत्सव 01 नवम्बर 2025 को प्रातः 10 बजे से कोतवाली फतेहगढ़ के सामने स्थित श्री ठाकुर द्वारा मंदिर फतेहगढ़ से प्रारम्भ होकर एल0आई0सी0 तिराहा, कचहरी तिराहा, पुलिस लाइन चौराहा होते हुये फतेहगढ़ कोतवाली, फतेहगढ़ चौराहे, भोलेपुर, नेकपुर, बढ़पुर होते हुये फर्रुखाबाद कोठापार्चा श्री खाटू श्याम मंदिर पर यात्रा का समापन होगा।

इसकी जानकारी ट्रस्ट के आयोजक (राष्ट्रीय मंत्री) विवेक गुप्ता ने दी है। उन्होंने श्याम बाबा की निशान यात्रा में सभी श्याम प्रेमियों से प्रतिभाग करने की अपील की है। बैठक में विवेक गुप्ता, गौरव सक्सेना, संतोष गुप्ता, नरेश राजपूत, अनिल तिवारी (सभासद), सुधीर गुप्ता, विकास गुप्ता, सौरभ राजपूत, सनी राजपूत, सुबोध कुमार, हर्षित मिश्रा, अनिल वर्मा, टीना, रवीना, दीपक कश्यप आदि मौजूद रहे। बाबा के जन्मोत्सव को भव्य बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी गयी है। सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी गयी हैं।

## खबरें एक नजर में

### गैंगेस्टर के मामले में दो सगे भाइयों सहित चार युवकों को छः-छः वर्ष का कारावास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष गैंगेस्टर एक्ट रितिका त्यागी ने असलम, अरशद उर्फटिंचू पुत्रगण आलम शेर, अलाउद्दीन पुत्र शहाबुद्दीन निवासीगण नगला रखा देवी कोतवाली फतेहगढ़, मुकीम पुत्र हनीफनिवासी दाईपुर कन्नौज को दोषी करार देते हुए छः-छः वर्ष का कारावास व पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया बीते 23 वर्षों पूर्व कोतवाली फतेहगढ़ के तत्कालीन थानाध्यक्ष प्रेमपाल सिंह ने असलम, अरशद, अलाउद्दीन, मुकीम के विरुद्ध समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम वर्ष 1986 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। जिसकी विवेचना कर विवेचक ने साक्ष्य के आधार पर न्यायलय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता शैलेश सिंह परमार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश रितिका ने असलम, अलाउद्दीन, मुकीम, अरशद उर्फ टिंचू को न्यायिक हिरासत में लेकर छः-छः वर्ष का कारावास व प्रत्येक आरोपी को पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

### किशोर के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली के एसआई सुरजीत सिंह टेड़ीकोन पर चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि उसी क्षेत्र का ही एक किशोर 12 बोर बंदूक के साथ अताईपुर जाने वाले मार्ग स्थित केले के बाग के पास खड़ा है। यह वही लड़का है जो बड़ा बाजार लड़ाई झगड़े में बंदूक लहरा रहा था। सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपित को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से एक 12 बोर की देशी बंदूक बरामद हुई। पुलिस के अनुसार बरामद बंदूक चालू हालत में थी। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि वह कभी-कभी बंदूक लेकर निकलता है। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

### सीएमओ के दुर्व्यहार से आहत चिकित्सक ने दिया इस्तीफा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहम्मदाबाद सीएचसी के एक चिकित्सक ने सीएमओ पर दुर्व्यहार का आरोप लगाते हुए आज अपना इस्तीफा डीएम को सौंप दिया। मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात डॉक्टर सनी मिश्रा ने शनिवार को जिलाधिकारी को अपना इस्तीफा सौंपा। उन्होंने कहा कि सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार सार्वजनिक रूप से दुर्व्यवहार और गाली-गलौज करते हैं। इस व्यवहार से उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा को गंभीर क्षति पहुंची है। मामले की जड़ में मोहम्मदाबाद सीएचसी में आयोजित नारी शक्ति कार्यक्रम था। इस दौरान सीएमओ द्वारा कथित तौर पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इसी को लेकर सीएचसी में तैनात चिकित्सक के साथ उनका विवाद हुआ। फिलहाल डॉक्टर के इस्तीफे से स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रभाव पड़ने की आशंका है। वहीं मामले में उच्चाधिकारी जांच करा रहे हैं।

### बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा कोतवाली फतेहगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 237/2025 धारा-115(2)/65(1)/351(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित नामजद/वांछित अभियुक्त राजवीर पुत्र मिश्रीलाल निवासी बड़ा ताल धन्सुआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया है। पीड़ित द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दी गई कि दिनांक 17.09.2025 को अभियुक्त द्वारा पीड़ित की नाबालिग पुत्री के साथ मारपीट कर बलात्कार किया गया है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर कोतवाली फतेहगढ़ पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 237/2025 धारा-115(2)/65(1)/351(2) बी0एन0एस0 व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम राजवीर उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 20.09.2025 को अभियुक्त राजवीर उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया।

# एसडीएम कार्यालय के आदेश से कर्मचारी परेशान

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** एसडीएम कार्यालय के आदेशों के बाद जनता परेशान नजर आ रही है। मृत प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल की अटकलों से ग्रामीणों को खासी दिक्कतें हो रही हैं। सचिवों ने इस संबंध में विकास खंड अधिकारी से शिकायत की है। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर शनिवार को समस्त ग्राम सचिव ने विकास खंड अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया की ग्रामीण क्षेत्र से आई दूर दराज की जनता को मृत्यु प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर आदि अभिलेख की समस्या में एसडीएम कार्यालय के आदेशों में भारी अड़चन आ रही हैं। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र की जनता बेहद परेशान है। जिससे वह ग्राम सचिवों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन ग्राम सचिवों को एसडीएम कार्यालय से निर्देश दिया गया है की मृत्यु प्रमाण पत्र के स्थान का फोटो भी प्रार्थना पत्र में संलग्न करें और गहनता से जांच कर अभिलेखों को जारी करें। जिन लोगों के मृत्यु या जन्म प्रमाण पत्र परिवार रजिस्टर की नकल में मौके पर जाकर शिकायती पत्र में फोटो संलग्न करें। जिससे ग्राम सचिवों को भी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते आज सब समस्त ग्राम सचिवों ने विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान को अपना मांग पत्र सौंपा और शिकायत करते हुए बताया कि जनता को दिए जाने वाले अभिलेखों में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जिसके लिए आज ग्राम सचिवों की शिकायत के आधार पर विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अपना शिकायती पत्र प्रेषित किया। जिसके लिए उन्होंने कई अधिकारियों को कॉपी प्रेषित की।

# हत्या लूट के मामले में कलुआ गिरोह का सरगना दोषी करार

**सजा के बिंदु पर 25 सितंबर की तिथि नियत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



न्यायालय में मौजूद देवेंद्र उर्फ फौजी

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष दस्यु प्रभावित क्षेत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने लूट, हत्या के मामले में देवेंद्र उर्फ फौजी पुत्र रक्षपाल सिंह निवासी परनिया थाना बीसलपुर पीलीभीत को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तिथि नियत है। बीते लगभग 28 वर्षों पूर्व थाना कम्पिल में तैनात सिपाही रामसेवक यादव ने बताया कि दिनांक 26 मार्च 2003 को रात 10 बजे से सुबह 11:30 बजे के बीच स्थान गंगा कटरी वहद ग्राम सींगनपुर कंपिल में मै अपने साथियों के साथ मिलकर पुलिस गस्त कर रहा था, उसी दौरान आरक्षी इंद्रपाल, पी.ए.सी. के कर्मचारी का मय सरकारी असलाह अपहरण जान से मारने की नियत से एक राय होकर फायरिंग की गयी। जिससे थानाध्यक्ष राजेश सिंह, दरोगा उदयवीर, कांस्टेबिल उमेश यादव, पी0ए0सी0 जवान सेवाराम की मृत्यु हो गई थी तथा पुलिसकर्मियों के असलाहों की लूट के सम्बन्ध में देवेंद्र उर्फ फौजी, सोनपाल, धनपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचक ने न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता सौरव मिश्रा की दलील व साक्ष्य के अभाव में सोनपाल, धनपाल को दोष मुक्त कर दिया गया। शासकीय अधिवक्ता तेज सिंह राजपूत, कृष्ण कुमार पांडेय की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश शैलेन्द्र सचान ने देवेंद्र उर्फ फौजी को दोषी करार दिया। सजा के बिंदु पर 25 सितंबर की तिथि नियत है। देवेंद्र फौजी इन दिनों बरेली जेल में निरुद्ध है। देवेंद्र को जनपद शाहजहांपुर के दो मुकदमों में आजीवन कारावास, जनपद बदायूं के दो मुकदमा में आजीवन कारावास, जनपद फतेहगढ़ फर्रुखाबाद में एक मुकदमे फांसी की सजा हो चुकी है। देवेंद्र उर्फ फौजी के ऊपर कुल तीस मुकदमे दर्ज हैं। जिनमें से अभी तक छः मुदकमों में दोषी करार हो चुका है।

# पिछले 24 घंटे में 10 सेंटीमीटर बढ़ा पानी, नावों से हुआ आवागमन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



स्टेट हाईवे पर भरे पानी से होकर गुजरते वाहन चालक

गंगा का जलस्तर एक बार फिर बढ़कर 137 मीटर तक पहुंच गया है। पिछले 24 घंटों में जलस्तर में 10 सेंटीमीटर की वृद्धि दर्ज की गई है। अब नदी का जलस्तर खतरे के निशान से मात्र 10 सेंटीमीटर नीचे है।

स्टेट हाईवे पर करीब डेढ़ फीट पानी भर गया है। पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिए पिकेट लगा दी है। वाहन चालकों को पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। पिछले डेढ़ महीने से जिले में बाढ़ का प्रकोप जारी है। तीनों तहसीलों के कई गांवों में अभी भी पानी भरा हुआ है। कुछ दिन पहले जलस्तर कम होने से स्टेट हाईवे से पानी उतर गया था और आवागमन शुरू हो गया था, लेकिन पिछले 4 दिनों से लगातार जलस्तर बढ़ने के कारण हाईवे फिर से डूब गया है। गंगा नदी शमशाबाद क्षेत्र के गांव समेचीपुर और सदर तहसील क्षेत्र में कटान कर रही है। ठटा की मड़ैया में गंगा की तेज धार पानी की टंकी से टकरा रही है। बाढ़ के कारण कम्पिल-अटेना मार्ग तीन जगहों से कट गया है। लोग नावों के सहारे आवागमन कर रहे हैं। एक स्थान पर स्थानीय लोगों ने अस्थाई पुल बनाकर आने-जाने की व्यवस्था की है। बाढ़ कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 150798 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। खो बैराज से 9280, हरेली बैराज से 5340, रामनगर बैराज से 2650 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।

### बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कमालगंज पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 300/2025 धारा 64 बी.एन.एस. ( पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित/वाँछित



अभियुक्त कैफअली पुत्र समीम अली निवासी ढपलपुर थाना कमालगंज को गिरफ्तार कर लिया। पीड़ित द्वारा द्वारा दिनांक 17.09.2025 को थाना स्थानीय पर सूचना दी गई कि अभियुक्त द्वारा वादी की पुत्री के साथ बलात्कार किया गया है। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस द्वारा थाना कमालगंज पर मु0अ0सं0 300/2025 धारा 64 बीएनएस ( पॉक्सो एक्ट बनाम कैफ अली उपरोक्त पंजीकृत किया गया। विवेचना के क्रम में दिनांक 20.09.2025 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त कैफ उपरोक्त को गिरफ्तार किया है।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद मनोज अग्रवाल व अन्य

### अग्रसेन महाराज की यात्रा का जगह-जगह हुआ पूजन व स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अग्रसेन जयंती पर यात्रा राधा शक्ति श्याम मन्दिर लोहाई रोड पर अग्रसेन महाराज का पूजन आरती के साथ यात्रा आरंभ हुई। यात्रा लोहाई रोड होते हुए चौक पर भारतीय वैश्य ग्लोबल फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय मित्तल एवं कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल एवं उनकी टीम ने चौक पर आरती उतारकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा नेहरू रोड का जगह-जगह भगवान अग्रसेन की पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। समाजसेवी संजय गर्ग ने अपने प्रतिष्ठन पर आरती उतारकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा नितगंजा होते हुए अग्रवाल धर्मशाला पर पहुंची। आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का विराम हुआ। यात्रा में अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, वत्सला अग्रवाल, अंजु मित्तल अग्रवाल, प्रवीण, रचित अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, गिरिराज अग्रवाल, कौस्तुभ अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, अरुण जालान, सर्वेश अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, महिला मंडल में भावना गुप्ता, वीना जालान, संजू रस्तोगी, रजनी अग्रवाल, रेनू सिगतिया, चित्रा रस्तोगी, ज्योति गोयल, रजनी अग्रवाल, कल्पना गोयल आदि लोग मौजूद रहे।

# शिव बारात के साथ रामलीला का मंचन शुरु

**शिव तांडव की झांकी ने भक्तों का ध्यान किया आकर्षित**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



बारात में नृत्य करते भगवान भोलेनाथ के गण

कस्बे में शुक्रवार को देर रात रामलीला का आगाज शिव बारात के साथ हुआ। शुक्रवार रात रामलीला कमेटी कमालगंज द्वारा आयोजित इस बारात में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। लोग छतों और खिड़कियों से भी बारात का नजारा देखते दिखे।

बारात की शुरुआत भगवान विष्णु के रथ से हुई। इसके बाद विभिन्न झांकियां निकलीं गयीं। दूल्हा बने भगवान शिव का रथ विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। शिव तांडव की प्रस्तुति ने दर्शकों का ध्यान खींचा। बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकली बारात रामलीला मैदान से शुरू हुई एवं परमानंद मंदिर में शिव पार्वती का विवाह सम्पन्न हुआ और उसके बाद यह तपस्वी बाग में जाकर संपन्न हुई। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना कमालगंज और थाना जहानगंज की पुलिस तैनात रही। पुलिस ने भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा। यह आयोजन स्थानीय धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बना। कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का हुआ आयोजन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैम्प में 220 मरीज का निःशुल्क परीक्षण व दवाइयां वितरित की गई। कंपिल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को प्राकृतिक आपदा व बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 220 मरीजों का निःशुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गई। नगर पंचायत कंपिल क्षेत्र के गांव रौकरी में मुकुंद सिंह के प्रतिष्ठान पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ कंपिल भाजपा मंडल अध्यक्ष निर्मल कश्यप, मुकुंद सिंह व डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर में कंपिल नगर पंचायत से जुड़े हुए ग्राम रौकरी, भटमई, कैरई, मंतपुरा, हजरतगंज, पलीतपुरा के अनेक मरीजों को सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार पेट से संबंधितए त्वचा से संबंधित रोगों का अधिकता रही। गंभीर मरीजों को अस्पताल भेजा गया। जहां पर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मंगल पांडे द्वारा उपचार व दवाइयां दी गई। शिविर में 220 मरीज का निःशुल्क प्रशिक्षण व दवाइयां वितरित की गई। इस दौरान नितिन गंगवार, मनजीत सिंह, आरती पाल आदि लोग मौजूद रहे।

# 68वीं क्षेत्रीय माध्यमिक एथलेटिक्सक प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**



सम्मानित विजेता छात्र

सीपी विद्या निकेतन स्कूल के विशाल प्रांगण में शनिवार को 68वीं क्षेत्रीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में व्यक्तिगत चैम्पियनशिप में बालक वरिष्ठ वर्ग में केएसआर इंटर कॉलेज के अनिकेत गौतम और अभिषेक, बालक कनिष्ठ वर्ग में सीपी स्कूल के अर्जुन सिंह और उप कनिष्ठ वर्ग में रुद्र प्रताप, बालिका कनिष्ठ वर्ग में शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज विराहिमपुर सृष्टि, बालिका उप कनिष्ठ वर्ग में पूनम व प्रतीक्षा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के संयोजक व प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने कहा कि जिस प्रकार भोजन शरीर को पोषण देता है। उसी प्रकार खेल बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए आवश्यक हैं।

खेल मानव जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं और छात्रों को हार जीत की चिंता किए बिना पूरे मनोयोग से इसमें भाग लेना चाहिए। समापन सत्र में विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही सभी व्यायाम शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कस्बा चौकी प्रभारी नागेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य विश्व मोहिनी पांडे, ओमपाल सिंह रघुवंशी, राजवेन्द्र मिश्रा, सुनील कुमार दुबे, आचार्य राजेश शास्त्री, मनोज श्रीवास्तव, डॉ. मनोज तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, ज्ञानेन्द्र सिंह, अतुल राठौर, आकाश उपाध्याय और सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पीएम ने भारतीय संस्कृति की पहचान को विश्व में ख्याति दिलायी: सुब्रत पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा कार्यालय आवास विकास पर शनिवार को प्रबुद्ध सम्मेलन सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद सुब्रत पाठक रहे और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखायी गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा ने की।

पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, जिन्होंने वैश्विक पटल पर भारत की छवि को निखारने का कार्य किया है। भारतीय संस्कृति की पहचान को विश्व भर में ख्याति दिलाने का कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। 1980 में भाजपा के निर्माण में 11 सदस्यों की भागीदारी थी,



सम्बोधित करते सुब्रत पाठक

लेकिन आज वह पार्टी 11 करोड़ सदस्यों वाली बन चुकी है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों ने एकात्म मानवतावाद का जो नारा दिया, इस विचारों को लेकर भाजपा ने अपनी सरकार के माध्यम से देश और प्रदेश में सुशासन लाने का कार्य किया। देश के अन्य राजनीतिक दल जिन्होंने लंबे समय तक भारत प्रशासन किया। ऐसे दल परिवारवाद, वंशवाद पर आधारित है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता का दिल चुराया है, वह खुद को प्रधानमंत्री नहीं बल्कि खुद को भारत प्रधान सेवक मानते हैं।

कुलदीप गंगवार ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति हैं। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा भाजपा एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो राष्ट्रवादी विचारधारा पर आधारित है, उसका कार्यकर्ता सेवा और समर्पण का भाव लेकर जनता के बीच जाता है और उसी का परिणाम है कि केंद्र में लगातार तीसरी बार और देश के विभिन्न राज्यों में भाजपा का शासन चल रहा है। संचालन अतुल दीक्षित ने किया। इस अवसर पर डीएस राठौर, ठा0 वीरेंद्र सिंह राठौड़, विमल कटियार, जितेंद्र सिंह, हिमांशु गुप्ता, सुनील रावत, संजीव गुप्ता, ममता सक्सेना, किरण सिंह, मीना मिश्रा, हिना दवे, गोपाल राठौर, धर्मेंद्र राजपूत, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, शिवांग रस्तोगी, कृष्ण मुरारी राजपूत, रश्मि दुबे, शिवम दुबे, अरुण दुबे, संजय सिंह, अभिषेक बाथम, प्रभात अवस्थी, अभिषेक बाजपेई, रजनीश मिश्रा, शशांक शेखर मिश्रा, प्रभाकर त्रिवेदी, प्रभाकर राजपूत, रानू दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में मुस्कान, रमा, हार्दिक बने विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के दूसरे दिन संयोजक प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश वर्मा व सह संयोजक प्रधानाचार्य राकेश राजपूत ने हरी झण्डी दिखाकर दौड़ प्रतियोगिता के साथ शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता के समापन में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह, जिला कोषाधिकारी अमरीश बाजपेयी, प्रधानाचार्य विनीत चौहान व अवनेन्द्र कुमार मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मण्डल में जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, राहुल यादव, सतेन्द्र सिंह, सुनील पाल, रजनीश शिवा, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, सुब्रत शाक्य, आरती यादव, अमिताब सिंह,


दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते खिलाड़ी

अवधेश यादव, मनीष अग्निहोत्री व लेखा विभाग में प्रफ्फुल कुमार भगौलीवाल, देव नारायन सिंह, संजीव कुमार, अमित गुप्ता आदि ने भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में सीनियर बालिका अंडर-19 भाला फेंक में शिवानी पाल प्रथम, निक्की द्वितीय, गोल्डी तृतीय रही। सीनियर बालिका ऊंची कूद में मुस्कान प्रथम, शोभा द्वितीय, आकांक्षा तृतीय रही। सीनियर 200 मीटर बालिका वर्ग दौड़ में रमा प्रथम, निक्की द्वितीय, गोल्डी तृतीय रही। सीनियर बालक भाला फेंक प्रतियोगिता में हार्दिक दुबे प्रथम, शोभित कुमार द्वितीय, निखिल तृतीय रहे। सीनियर बालक 200 मीटर दौड़ में आदर्श प्रथम, अनुराग द्वितीय, वैभव तृतीय रहे। जूनियर बालिका ऊंची कूद में रुबी प्रथम, सोनम द्वितीय, अनन्या तृतीय रही। जूनियर बालक 400 मीटर दौड़ में आदर्श प्रथम, वैभव द्वितीय, निखिल तृतीय रहे।

# मंचन से जीवनशैली में सुधार लाने के लिए कार्य किये जाते है: उर्मिला राजपूत


रामलीला का शुभारम्भ करती उर्मिला राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदाबाद क्षेत्र के ग्राम पंसनिगपुर में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत ने गणेश आरती का रामलीला का फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि रामलीला तथा अन्य धार्मिक उत्सवों का आयोजन सामाजिक सद्भाव पैदा करने और इन मंचों पर किए गए मंचन से अपनी जीवन शैली में सुधार लाने के लिए किए जाते हैं। पूरी रामायण का हर पात्र कुछ ना कुछ सीख देता है और बताता है जीवन कैसे किया जाए। एक पत्नी मां सीता के त्याग और समर्पण से सीख ले, एक बेटा श्रीराम के भाव से सीख ले, संपत्ति के लिए आपस में झगड़ने वाले भाई राम और भरत जी से ये सीख लें, किस तरह दो भाइयों के बीच इतने बड़े शासन की राजगद्दी फुटबॉल की तरह इधर से उधर मारी-मारी फिरती रही। भगवान श्री राम का पूरा जीवन सादगी पूर्ण रहा, उन्होंने कभी जाति, लिंग, क्षेत्र के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। सदैव समता की नजरों से समाज के हर वर्ग को देखा यही तो समाजवाद है। स0 प्रवक्ता/सचिव राधेश्याम सविता ने कहा कि श्री राम जी की जीवनगाथा ये बताती है कि संकट हमारे जीवन को निखारने और हमारी आत्मशक्ति की परीक्षा लेने के लिए आता है। इस मौके पर आलोक यादव, रामगोपाल वर्मा, कृष्ण गोविंद यादव, घनश्याम सिंह राजपूत आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।


शिकायतें सुनते डीएम

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयी 72 शिकायतों में से 3 का मौके पर निस्तारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर का सम्पूर्ण समाधान दिवस ऑफिसर्स क्लब फतेहगढ़ में आयोजित किया गया। संम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 51, पुलिस की 5, विकास विभाग की 03, विद्युत विभाग की 05, व अन्य विभागों की 08 शिकायते कुल 72 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने प्राप्त शिकायतों का शासन की मंशा के अनुरूप प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा के अंदर निस्तारण करने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# बनारस व कानपुर की घटना को लेकर अधिवक्ताओं में रोष

- बार एसोसिएशन महासचिव को अधिवक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के महासचिव कुंवर सिंह को ज्ञापन सौंपकर अधिवक्ताओं पर हो रहे उत्पीड़न के खिलाफ आवाजा उठाने की मांग की। बनारस व कानपुर में पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठी-चार्ज किया गया। जिसमें कुछ अधिवक्ता घायल हो गये। बिल्हौर तहसील में पुलिस प्रशासन द्वारा विद्वेष भावना के चलते अधिवक्ताओं पर कार्यवाही की गई और पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर झूठे मुकदमे दर्ज कराकर प्रताड़ित किया गया। इसी तरह आये दिन जनपद में भी जघन्य


महासचिव को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

घटनायें हो रही है। पुलिस प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं का सहयोग नहीं किया जाता है। सभी अधिवक्ताओं ने मांग की है कि सुरक्षा हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये। ऐसे में अधिवक्ताओं ने कार्य से विरत रहने की मांग की। इस दौरान शिवेन्द्र मोहन मिश्रा, देवनारायन शुक्ला, शरद शुक्ला, शिवदेश कुमार, दिवाकर द्विवेदी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी केंद्र पर श्राद कर्म और अध्यात्मिक पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा अंगूरी बाग सेंटर पर श्राद्ध कर्म और आध्यात्मिक पर चर्चा हुई। पितृ पक्ष की तीन पीढ़ियां को याद कर उन्हें भोजन वस्त्र दान दिया जाता है, नहीं तो पितृ दोष मानते है।

बीके शोभा बहन ने कहा कोई कहता पितृ दोष, कोई कहता है ग्रह दोष, कोई कहता वास्तु दोष, कोई कहता देवता दोष, परन्तु सबसे बड़ा दोष है दूसरों में दोष देखना, दूसरों में दोष देखने से हमारे विक्रम बनते हैं और विक्रम का परिणाम स्वरुप हमारे जीवन में परेशानियां आती हैं, जो माता-पिता, पूर्वज जीते जी अपने बच्चों को हमेशा सुखी और खुश देखना चाहते हैं, वह भला करने के बाद उनका दोष कैसे लगा सकते।

जिनके पैत्रक अपने बच्चों के लिए मकान, दुकान, खेत, कारोबार सब छोड़ जाते हैं, परंतु धन्य है वह लोग जो अपने बच्चों में दिव्य, आध्यात्मिक, नैतिक मूल्य जैसे संस्कारों से भरपूर करके जाते


श्राद कार्यक्रम में मौजूद लोग

हैं, जैसे हम 15 दिनों तक घर में बने भोजन को महत्व देते। ईर्ष्या, द्वेष, क्रोध करना, प्याज, लहसुन, मांस आदि खाना किसी भी प्रकार के नशे का प्रयोग नहीं करते, ताकि सभी दिवंगत आत्माओं को तिल रूपी अंजलि दे सकें। पूनम बहन ने कहा कि न जाति-धर्म से ना वंश और जन्म से कोई व्यक्ति अपवित्र नहीं होता, जिसमें सत्य, सदाचार, नैतिकता नहीं वही अपवित्र है। अभिलाख सिंह नें कहा कि इंसान के अंदर जो समा जाए वह स्वाभिमान और जो बाहर छलक जाए वह अभिमान विनम्रता हर व्यक्ति की तरक्की का रास्ता है। मनोज दीक्षित ने कहा कि समय और सपने हाथ में बंधी घड़ी की तरह हैं, जिसे हम उतार कर रख भी दे, तोभी चलती रहती है।

# बौद्ध संस्कृति की भूमिका पर सेमिनार का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश मिशन 2047 में बौद्ध संस्कृति की भूमिका पर सेमिनार व स्थापना बौद्ध नगरी संकिसा बौद्ध बैठक हाल में एक दिवसीय/वर्कशाप का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ0 धम्मपाल महठेरा ने बौद्ध वंदना से प्रारम्भ की। डॉ0 धम्मपाल महठेरा तथा प्रबन्धक जेपी शाक्य, नीलम शाक्य, नागेन्द्र शाक्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्प बौद्ध मूर्ति पर चढ़ाकर कार्य प्रारम्भ किया।

भिक्षु धम्म कीर्ति ने अपने पचीस भिक्षुओ तथा अन्य तीस अनुयायी को डॉ0 धम्मपाल महठेरा ने बौद्ध वंदना कराई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ0 धम्मपाल महठेरा को आसन गृहण कराया। रामौतार शाक्य को अध्यक्ष


कार्यक्रम में मौजूद बौद्ध भिक्षु व अन्य

पदभार गृहण कराया गया। शिवकुमार शाक्य, धम्म कीर्ति, धम्म रतन मंचासीन रहे। जेपी शाक्य ने कहा कि भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसका मुख्य उद्देश्य विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश मिशन 2047 में बौद्ध संस्कृति का विकास किया जा रहा है। सेमिनार में भाग ले रहे बौद्ध जीवियो ने विचार विमर्श किया। विचार धारा पूर्णरूप से विज्ञान पर आधारित है। भंते धम्म कीर्ति ने बौद्ध नगरी संकिसा के बारे में पूर्ण जानकारी दी। मुख्य अतिथि डॉ0 धम्मपाल महाठेरा ने कहा कि बौद्ध संस्कृति का विकास इसी प्रकार से भारत सरकार द्वारा प्रगति होती रही तो अवश्य ही 2047 तक हमारा देश विकसित हो जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक सुशील शाक्य के प्रयासों से 40 बीघे में विपासा केंद्र खुलने जा रहा है। कार्ययोजना में पांच प्रमुख बौद्ध मठों को शामिल किया गया है।

परियोजना के अंतर्गत इन स्थलों के सौंदर्याकरण, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधा, संकेतक बोर्ड और पर्यटक सुविधा केंद्र जैसे काम प्रस्तावित हैं। संचालन नागेन्द्र शाक्य ने किया। इस मौके पर नीलम शाक्य, हरिओम शाक्य, भूपेन्द्र शाक्य, हरपाल सिंह शाक्य, रामकिशोर शाक्य, हुकुम सिंह, विनीता राजपूत, नीरू शाक्य, रंजना यादव, राजेस्वरी देवी, ज्ञानी देवी, खुशी कुमारी आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति अभियान 5.0 का हुआ शुभारम्भ



कार्यक्रम में मौजूद डीएम, एसपी आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नारी सुरक्षा, सम्मान, एवं स्वावलंबन के लिए समर्पित मिशन शक्ति अभियान 5.0 का शुभारम्भ कार्यक्रम एनआईसी फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सुशील शाक्य, समाज सेविका डा0 रजनी सरीन, जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, व हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफवूमेन की टीम आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर लोक भवन लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया।

### नव दुर्गा पर मीट की दुकानों पर पर्दे लगवाने की मांग


व्यापारियों की बैठक लेते एएसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि सभी व्यापारी अपनी दुकानों में सीसीटीवी अवश्य लगवाए। इससे पुलिस व व्यापारियों को सहूलियत होती है। साथ ही एआरटीओ द्वारा सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया गया और सभी से अपील की कि बीमा, पलूशन और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करे। इस दौरान नगर पालिका अधिकारी और संबंधित अधिकारी व टीएसआई सतेन्द्र सिंह मौजूद रहे। विभिन्न मुद्दों पर चर्चाएं हुई। मुख्य मुद्दा नवदुर्गा शुरू होने पर मीट की दुकान को पर्दा लगाने पर चर्चा हुई। जिस पर एडीशनल एसपी ने अपनी सहमत जताई। इस मौके पर व्यापारी नेता सदानंद शुक्ला, हाजी अल्लादीन, प्रबल महेश्वरी, रविकांत गुप्ता, शिवाशीष तिवारी, सौरभ शुक्ल, आदित्य मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

### समर्पण सेवा फाउंडेशन द्वारा काव्य गोष्ठी आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समर्पण सेवा फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में अभिनंदन समारोह, विराट काव्य गोष्ठी का आयोजन 21 सितम्बर रविवार को प्रात:11 बजे हिन्दी भारती भवन नुनहाई में सम्पन्न होगा। यह जानकारी आयोजक राममोहन शुक्ल ने दी है।

### कठेरिया समाज द्वारा मेधावी सम्मान समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कठेरिया समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह 21 सितम्बर रविवार प्रात: 11 बजे ठंडी सड़क स्थित नव भारत सभा भवन में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक इं0 बृजेश कठेरिया होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष रमेश चन्द्र कठेरिया ने दी है।

# जाजपुर बंजारा में समर्थ भारत विकसित संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र जाजपुर बंजारा, मोहम्मदाबाद में समर्थ भारत-विकसित भारत/2047, समर्थ उत्तर प्रदेश, फर्रुखाबाद के अन्तर्गत संवाद कार्यक्रम में प्रो0 डॉ. विनोद तिवारी, सेवानिवृत्त वैज्ञानिक डॉ. बीके शर्मा व सीडीओ विनोद कुमार गौड़, जिला विकास अधिकारी एसके तिवारी एवं उपकृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी बृजेश कुमार सिंह, पर्यावरण विद डॉ. गुंजा जैन, पशु चिकित्साधिकारी डॉ. धीरज कुमार शर्मा, जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, ज्येष्ट गन्ना विकास निरीक्षक अशोक कुमार, मत्स्य निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अभिमन्यु, कृषि


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

वैज्ञानिक डॉ. महेन्द्र प्रसाद, कृषि वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार एवं कृषि वैज्ञानिक डॉ. जगदीश मिश्र, आदि उपस्थिति रहे।

उप कृषि निदेशक अरविन्द मोहन मिश्र ने अतिथियों तथा कृषकों को विभाग में संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी दी। रबी कार्यक्रम के अन्तर्गज तोरिया एवं राई/सरसों, चना, मटर, मसूर इत्यादित फसलों के निःशुल्क बीज मिनीकिट प्राप्त करने हेतु पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन बुकिंग करने हेतु जानकारी दी। (से0नि0)वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. वीके शर्मा ने कृषकों को आलू का स्वयं बीज उत्पादन करने की सलाह दी। जिला उद्यान अधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने उद्यान विभाग में संचालित संरक्षित खेती हेतु पालीहाउस एवं ग्रीनहाउस टिशू कल्चर लैव नर्सरी अपग्रेडेशन आदि पर 50 प्रतिशत अनुदान उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी बी0के0 सिंह ने कहा कि जनपद में रबी फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। पर्यावरण विद डॉ. गुंजा जैन ने कृषकों को मृदा परीक्षण कराकर मृदा स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर ही संतुलित उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए, जिससे भूमि की भौतिक एवं रासानिक स्थिति में सुधार होता है तथा आय में बचत होती है। मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़ ने कहा कि कृषक क्यूआर कोड के एवं लिखित सुझाव अपने सरकार तक पहुंचा सकते है।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 630 बच्चों ने लिया भाग


प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शनिवार को पब्लिक स्कूल एसोसिएशन द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता जिले भर में स्थित 25 केंद्रों पर सम्पन्न हुई। विभिन्न विद्यालयों के प्राथमिक संवर्ग में 322 तथा उच्च प्राथमिक संवर्ग में 308 बच्चों ने कुल 630 बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के आयोजन में संरक्षक डॉ. प्रभात अवस्थी, अध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह राठौर, देव कुमार शर्मा, मुन्ना लाल तिवारी, देवेश नारायण अवस्थी, संजय यादव, मनीष मिश्रा, उमेश मिश्रा, राम अवतार कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# रोजगार मेले में 41 अभ्यार्थियों का हुआ चयन


रोजगार मेले में साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन हुआ। रोजगार मेले में चार कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 150 रिक्तियों के सापेक्ष 56 अभ्यार्थी उपस्थित हुए। सभी का साक्षात्कार कर 41 अभ्यार्थियों का जाब हेतु चयन किया गया। जिसमें अप्रेन्टिसशिप के लिए 17, बंसल स्टील एवं बायर के लिए 12, हनी बेल के लिए 5 व जॉब ट्रेनी 24 का चयन हुआ। मेले की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने देखी। इस मौके पर कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिसशिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर सिंह महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# सैन्य अस्पताल द्वारा स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को दी दवाइयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सैनिक अस्पताल फतेहगढ़ द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ शिविर का आयोजन हुआ। छावनी से लगभग 26 किलोमीटर दूर, खुड़िया गांव में सैन्य अस्पताल फतेहगढ़ के कमान अधिकारी कर्नल मनीष पांडेय के मार्ग दर्शिता में देशव्यापी सशक्त नारी स्वस्थ परिवार अभियान एवं पोषण माह के तहत एक चिकित्सा शिविर सम्पन्न हुआ।

शिविर में लगभग 260 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। जिसमें महिलाएं, किशोर, लड़कियां, बच्चे और बुजुर्ग ने भाग लिया। सेना के मेजर शेफाली एवं मेजर उत्कर्ष


सेना अधिकारी के साथ मौजूद महिलायें

जायसवाल ने कहा कि भारत में प्रचलित स्वास्थ्य समस्याओं को शामिल किया गया था, जैसे कि किशोरों और प्रजनन आयु वर्ग की महिलाओं में एनीमियाय, मासिक धर्म स्वास्थ्य और स्वच्छता, स्तन और सर्वाइकल कैंसर के शुरुआती लक्षण और संकेत, साथ ही स्तन-स्वयं-परीक्षा का प्रदर्शन, गर्भावस्था पूर्व देखभाल, नवजात शिशु की देखभाल और महिलाओं का सामान्य स्वास्थ्य और भलाई। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया था। इसके अलावा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मौखिक कैंसर, मौखिक व दंत स्वच्छता के बारे में भी जागरूकता व्याख्यान दिए गए। लाभार्थियों की आम बीमारियों जैसे कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह, एनीमिया के साथ-साथ दाँतों की जाँच के लिए स्क्रीनिंग की गई। जो ग्रामीण इस शिविर में आने से असमर्थ थे उनके घर जाकर अन्य स्वस्थ सुविधाएं एवं प्रदान की गई। सभी ग्रामीणों ने अपनी सेल्फी ली तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं को पैंफलेट वितरित करते हुई अभियान को घर तक पहुंचाया गया। इस अवसर पर ले0 कर्नल दीपक, सूबेदार एन राजीव सिंह, नायब सूबेदार असिस्टेंट सुखदेव, हवलदार/एनएमएस खान, नायक/एन राहुल कुमार, दिलदार, चंद्र प्रकाश कुमावत, देवेंद्र कुमार, राकेश चौहान, पायल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ता को दरोगा ने मारा थप्पड़, धरने पर बैठे पार्टी के नेता

**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

जिले में भाजपा कार्यकर्ता को दरोगा द्वारा पिटाई किए जाने से नाराज नेताओं ने धरना दिया। मामले में दरोगा को निलंबित किया गया, जिसके बाद धरना समाप्त हुआ। अधिवक्ता व भाजपा नगर मंडल पश्चिमी के महामंत्री कृष्ण कुमार सिंह के साथ बैंक में दरोगा द्वारा दुर्व्यवहार करते हुए थप्पड़ मारने का मामला सामने आया है। आरोप है कि थप्पड़ मारने के बाद कटरा कोतवाली थाने पर लाकर बैठाया गया। इससे आक्रोशित भाजपा नेताओं ने कटरा कोतवाली का घेराव करते हुए धरना दिया। पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल अन्य पदाधिकारी के साथ धरने पर बैठे। बारिश होने के बाद भी भाजपा नेताओं का धरना जारी रहा। मौके पर एएसपी सिटी ने जाकर लोगों को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद एसएसपी सोमेन बर्मा द्वारा दरोगा को निलंबित करने पर दो घंटे बाद धरना समाप्त हुआ।

**निलंबन के बाद माने लोग**

### उठक-बैठक करने से मना किया तो मारा थप्पड़

आरोप है कि नाराज दरोगा सुनील कुमार राय ने कृष्ण कुमार सिंह के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उठक- बैठक करने को कहने लगे। इनकार करने पर थप्पड़ मारते हुए गाली देने लगे। घटना कैमरे में रिकॉर्ड है। दरोगा वहां से जीप में बैठाकर थाने लेकर आए। वहां अपराधी के साथ बैठाकर बेल्ट, मोबाइल व पर्स जमा करा दिया। परिवार से बात नहीं करने दिया। पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष सोहन श्रीमाली ने कहा कि कटरा कोतवाली के दरोगा द्वारा कार्यकर्ता के साथ दुर्व्यवहार करने पर धरना दिया गया। एसएसपी ने निलंबित कर कार्रवाई की बात कही। पुलिस को चेतावनी है कि गुंडई करना है तो वर्दी उतार कर आओ। कार्यकर्ता के साथ इस तरह का व्यवहार बर्दाश्त नहीं होगा। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि बैंक में काम करने गए भाजपा कार्यकर्ता के साथ दरोगा ने दुर्व्यवहार किया। सस्पेंड करने की मांग स्वीकार किया गया। मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की गई। कार्रवाई न होने पर एसएसपी से मिलेंगे। कार्यकर्ता के साथ खड़े रहेंगे। मौके पर पहुंचे एएसपी सिटी नितेश सिंह ने लोगों से बात कर कार्रवाई की बात कही। एसएसपी सोमेन बर्मा द्वारा दरोगा को निलंबित करने की बात कहने पर दो घंटे बाद धरना समाप्त हुआ।

### क्या है पूरा मामला

नारघाट निवासी कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि वह पंजाब एंड सिंध बैंक में किसी काम से गए थे। वहां पर दरोगा सुनील कुमार राय बैंक की चेकिंग करने पहुंचे। उनको पहचान कर बात किया। कहा कि उनको एमएलसी के यहां किसी कार्यक्रम में देखे हैं। उन्होंने कहा कि एमएलसी के साथ सिपाही रहता है। दरोगा नहीं। पूछा कि आप गाजीपुर से हैं, तो उन्होंने कहा कि बलिया से हैं। इसके बाद पहचानने में गलती होने पर में बैंक काउंटर पर काम के लिए चला गया।

## दो किशोरियों के गायब होने पर मुकदमा दर्ज




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 13 वर्षीय किशोरी घर से कही गायब हो गई काफी खोजबीन के बाद परेशान हाल माँ ने पुलिस थाने में तहरीर देकर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया की 17 सितंबर को मेरी बेटी कक्षा दस की छात्रा बाजार गई थीं। वहाँ से पता लगा की थाना क्षेत्र में ही एक गांव स्थित रिश्तेदार के घर गई है जब वहाँ पूछा गया तो पता चला की उनकी भी 17 वर्षीय पुत्री दोनों कही चली गई है। काफी खोजबीन के बाद लड़कियो की माँ ने अज्ञात के के विरुद्ध पुत्रियों को कही चले जाने का मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया दो किशोरियों के गायब होने पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

# ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के लिए बनाई रणनीति

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



लालगंज तहसील सभागार में शनिवार को अन्तरविभागीय बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ध्उप जिलाधिकारी लालगंज महेंद्र सिंह कि अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमें समस्या विभाग उपस्थित रहे आगामी माह अक्टूबर में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दस्तक अभियान एवं झिझक परिवार नियमित टीकाकरण हेतु विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया जिसमें यूनिसेफ से ब्लॉक समन्वक अंकित शुक्ला द्वारा प्रतिभा कर समस्त बिंदुओं पर फीडबैक साझा कर विस्तृत चर्चा की गई एवं आकांक्षी ब्लॉक को और स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के दौरान टीकाकरण करने के लिए ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी ने अवगत कराया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं नियमित टीकाकरण और इंकार झिझक परिवार हेतु रणनीति तैयार कर कार्य करें साथ ही गाइडलाइन अनुसार समस्त कार्य योजना का समय पूर्ण करना सुनिश्चित करें यूनिसेफ बीएमसी अंकित शुक्ला द्वारा बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सर्वप्रथम पूर्ण करने हेतु कार्य योजना अनुसार समस्त विभाग कार्य करेगा जिसमें नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों को टीकाकरण करने हेतु ब्लॉक स्टारी ए सम्मेलन स्थापित कर समस्त बच्चों का टीकाकरण कराया जाएगा बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज के अधीक्षक व प्रभारी चिकित्साधिकारी के अनुपस्थित रहने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्उपजिलाधिकारी लालगंज ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए विभागीय पत्राचार किया है। इस दौरान डॉक्टर विवेक खरे खंड विकास अधिकारी विजय शंकर त्रिपाठी, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, एडीओ कृषि नरेंद्र कानापुरिया, खंड शिक्षा अधिकारी हलिया प्रकाश चंद्र यादव,पशुपालन विभाग की नीलम सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी दिलीप वर्मा बाल विकास परियोजना चंद्कली बीएमसी यूनिसेफअंकित शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### पैसे के लेन-देन को लेकर पीएनसी डंपर चालकों के बीच खूनी संघर्ष में एक की मौत

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** कोल्हुई थाना क्षेत्र में शनिवार शाम उस समय सनसनी फैल गई जब प्राइवेट नंबर कॉन्ट्रैक्ट (पीएनसी) के दो डंपर चालकों के बीच पैसे के लेन-देन को लेकर कहासुनी हुई जो देखते देखते खूनी संघर्ष में बदल गई। गुस्से में आए एक चालक ने अपने साथी पर सरिया से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गया है। जानकारी के मुताबिक, चालक अजय यादव और प्रेम शंकर पांडेय शाम को एक शराब भट्ठी से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पैसे के बंटवारे को लेकर दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि प्रेम शंकर ने अचानक सरिया से अजय पर वार कर दिया। सरिया सीधे उसके सीने में जा धंसा और वह मौके पर ही गिर पड़ा। गंभीर रूप से घायल अजय को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अजय यादव (उम्र लगभग 30 वर्ष) निवासी ग्रामसभा छेदी डडवा, मालहनपार, थाना बांसगांव, जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। अजय पीएनसी में डंपर चालक था। उसके पिता रामनयन यादव मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। अजय की पत्नी और एक छोटा बेटा है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और शव देखकर फूट-फूटकर रोने लगे। परिवार और गांव में कोहराम मच गया है। घटना की जानकारी मिलते ही कोल्हुई थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। एसओ गौरव कन्नौजिया ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर पर आरोपी प्रेम शंकर पांडेय, निवासी थाना बरहज जिला देवरिया के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी फिलहाल फरार है, शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

### छोटी गंडक के दबाव से टूटे साइफन से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नेपाल सीमा से निकलने वाली छोटी गंडक का पानी ओवरफ्लो होने से अमडी पुल के आगे साइफन टूट गया है। इससे निचलौल क्षेत्र के रामचंद्रही, लेदी, मिश्रौलिया, गिरहिया, शीतलापुर, गुलरभार आदि गांवों की सीमा में सैकड़ों एकड़ धान और गन्ना की फसल डूब गई है। लेदी गांव से निचलौल बहुआर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर भी पानी बह रहा है। पानी के दबाव से ढेसों पुल के पास सड़क भी टूट गई है। इससे आवागमन में भी दिक्कत हो रही है। लोगों ने इसकी मरम्मत कराने की मांग की है। नेपाल बार्डर के पास लालपुर खेसरहा के पास से अमडी होते हुए छोटी गंडक करमहिया होकर ढेसो के आगे तक गई है। इसकी सफाई नेपाल बार्डर से करमहिया तक 10 किमी की दूरी में इस साल सिंचाई विभाग द्वारा कराया गया है, ताकि बार्डर के लक्ष्मीपुर के आसपास का पानी इसके रास्ते आगे निकल जाय। करमहिया के आगे छोटी गंडक वन विभाग की सीमा में पड़ती है। इसके चलते सफाई नहीं हो पाई है। इधर नेपाल में हुई बारिश से पानी छोटी गंडक में आ गया है जो अमडी पुल के आगे ओवरफ्लो होने से साइफन एक किमी की दूरी तक टूट गया है। इससे यह पानी एक दर्जन गांवों के सिवान में धान और गन्ना की फसल को डुबो दिया है। धान की फसल पूरी तरह से डूब गई है और गन्ना की फसल का ऊपरी हिस्सा केवल दिखाई दे रहा है। किसान इजहार अली सिद्दीकी, मान सिंह यादव, संजय राय आदि लोगों ने सिंचाई विभाग से टूटे हुए साइफन के मरम्मत की मांग की है। सहायक अभियंता सिंचाई खंड द्वितीय रणजीत सिंह ने बताया कि छोटी गंडक की 10 किमी दूरी तक सफाई कराई गई है। आगे वन विभाग की सीमा में सफाई कराने की अनुमति नहीं मिली, जिससे सफाई नहीं हो पाई है। साइफन के टूटने की सूचना नहीं है। इसको देखकर मरम्मत कराई जाएगी।

# मानक के विपरीत क्रेशर प्लांट लगाने पर ग्रामीणों ने किया विरोध-प्रदर्शन



**उप जिलाधिकारी से लगाई न्याय की गुहार**

**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना थाना क्षेत्र के ग्राम सभा धुरिया में मानक के विपरीत नए क्रेशर प्लांट लगाने पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर उप जिलाधिकारी से लगाए न्याय की गुहार लगाई। वहीं उपजिलाधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं कानूनगो के साथ निरीक्षण किया गया। गांव के समीप नये क्रेशर प्लांट लगाये जाने पर उपस्थित ग्रामीणों ने कहा कि लगभग 300 मीटर पर प्राइमरी विद्यालय जिसके प्रदूषण से बच्चे बीमारी से ग्रसित हो जाएंगे और आबादी क्षेत्र लोग ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य व मानसिक रोगी हो जाएंगे एवं उपजाऊ भूमि पूरी तरह से बंजर हो जाएगा। इस मौके पर ग्रामीण रामशरन सिंह पटेल, प्रहलाद सिंह, मुलायम यादव (प्रधान) धुरिया,

रामतपेश्वर सिंह, मंगल यादव, राम अवध पटेल ,हरिहर पटेल, बबलू यादव, विष्णु यादव, सत्या सिंह, धीरेन्द्र पटेल, शेखर पटेल ,राजेश बिंद, सिद्धनाथ कन्नौजिया, विकाश यादव, शमशुद्दीन, विष्णुदत्त माया शर्मा आदि उपस्थित रहें।



## चुनार रामलीला में ताड़का बध का हुआ मंचन

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे रामलीला मंचन के दौरान शुक्रवार की रात श्रीराम ने ताड़का का बध किया। इसके साथ ही मारीच सुबाहु की लड़ाई, सुबाहू बध, अहिल्या तरण, गंगा दर्शन व जनकपुर निवास आदि लीला का मंचन किया गया। ताड़का बध होते ही रामलीला मैदान में प्रभु श्रीराम चन्द्र के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। लीला में समर्थ वैद्य (राम), वाचस्पति (भरत ), अश्विनि दूबे (लक्ष्मण) लक्ष्य पुजारी (शत्रुघ्न), वैंकटेश्वर पांडेय (विश्वामित्र) व पंकज शर्मा ने (ताड़का) का अभिनय बखूबी निभाया। रामलीला को संपन्न कराने में समिति के संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय, अविनाश अग्रवाल, श्यामसुंदर शाह, संजय साहू, चंद्रहास गुप्ता, श्यामू गुप्ता, डॉ बगलेश पांडेय, गौरीशंकर दीक्षित, अजय अग्रवाल, करतार सिंह, अमित कुमार गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, अजय शेखर पांडेय, झब्बू लाल, बृजनंदन कुशवाहा आदि प्रमुख श्रद्धांभाव से लगे रहे।

# मुकुट पूजन के साथ ही शुरू हुई सीखड़ की रामलीला

**अद्भुत वादन व गायन के लिए प्रसिद्ध है सीखड़ की रामलीला**



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

सीखड़ क्षेत्र के प्राचीन रामलीला समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाला पंद्रह दिवसीय रामलीला का मुकुट पूजन कर शुरू हुआ।यहां की रामलीला वाराणसी के प्रसिद्ध रामनगर की रामलीला की तर्ज पर किया जाता है।रामलीला की एक अलग पहचान है कि यह अलग-अलग स्थानों के साथ ही अपने मधुर स्वर और संगीत के साथ मंचन किया जाता है। पुरोहित धैर्य नारायण मिश्र के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मुकुट एवं रामचरितमानस का पूजन और रामलीला में पाठ करने वाले पात्रों को तिलक लगा कर किया गया। इस दौरान प्राचीन रामलीला समिति के संरक्षक राधेश्याम चतुर्वेदी, अध्यक्ष मुकेश पांडेय सौरभ, प्रबंधक अभय शंकर चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पाठक, योगेश्वर त्रिपाठी कोषाध्यक्ष उमेश पाण्डेय, मंत्री गुड्डु पाण्डेय, धनेश मिश्रा, बचानी मास्टर, शर्मा पाण्डेय, मुकेश त्रिपाठी, रत्नेश त्रिपाठी, मिंटू तिवारी, अजीत पाण्डेय, बेटू मिश्रा, गणेश, अंशुमान, अमन, अभिषेक, शिवम् शुभम, मृत्यंजय मिश्र, छुन्ना मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लीला प्रेमी मौजूद रहे।

## खोये हुए मोबाइल फोन पाकर खिले लोगों के चेहरे



**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर सोमेन बर्मा के निर्देशन में साइबर अपराध की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हलिया पुलिस द्वारा सीईआईआर पोर्टलस के माध्यम से पांच एंड्रायड मोबाइल फोन की बरामदगी करते हुए सम्बन्धित मोबाइल स्वामी चंद्र शेखर निवासी कुशियरा व रेखा देवी निवासी मवई खुर्द व धर्मेंद्र पटेल निवासी लालापुर व राजू सोनकर निवासी हलिया व आशीष कुमार सिंह निवासी कटाई थाना लालगंज को शनिवार को एंड्राइड फोन को थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने सुपुर्द किया गया। जिस पर मोबाइल स्वामी व आमजन द्वारा थाना हलिया पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। मोबाइल बरामद करने वाले टीम में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, उ0नि0 अच्छे लाल यादव, आनंद पटेल, आरक्षी प्रदीप

# मिशन शक्ति 5.0 का शुभारम्भ




**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री शनिवार सुबह 11 बजे लोक भवन में आयोजित समारोह में 'मिशन शक्ति-5.0' की शुरुआत किया। हलिया थानों में नवस्थापित मिशन शक्ति केंद्र का थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने उद्घाटन किया गया कार्यक्रम में पंचशील डिग्री कालेज के छात्राओं ने प्रतिभाग किया उनकी एसओपी से जुड़ी पुस्तिकाओं का विमोचन करेंगे। विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद किया गया मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण कार्यक्रम को थानाध्यक्ष ने पुलिस कर्मियों व ग्रामीणों महिलाओ के साथ सुना ।लाइव प्रसारण कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के दृष्टिगत कड़े प्रबंध किए जाएं और शरारती तत्वों पर भी नजर रखी जाए।पूजा पंडालों व उसके आसपास सादे लिबास में पुलिसकर्मियों को मुस्तैद किया जाए। त्योहारों के दौरान साफ-सफाई व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाए। इस दौरान थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव, चौकी प्रभारी मतवार कन्हैया राय, एसआई अच्छे लाल यादव, श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव, पंचशील डिग्री कालेज के प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य, शशिकांत पटेल, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, शशिकांत यादव, आदि मौजूद रहे।

# 98 फरियादियों ने दर्ज करायी फरियाद मौके पर सात शिकायतों का हुआ निस्तारण

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**



सरकार के मंशा के अनुरूप आज शनिवार को फरेंदा तहसील सभागार में तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। जिसमें विभिन्न विभागों की समस्याओं को लेकर कुल 98 फरियादियों ने अपनी फरियाद दर्ज कराई। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मौके पर ही सात शिकायतों का निस्तारण कर शेष 91 शिकायतो को अविलंब निस्तारण करने के लिए सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को सौंप दिया गया। आयोजित तहसील स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों के आये 98 शिकायतों में, शिक्षा स्वास्थ्य विकास,विजली, थाना,चकवन्दी एवं जमीन के मामले छाये रहे। जिसमे भूमि सम्बन्धी मामला सुर्खियों में रहा। इसी क्रम में फरियादियों द्वारा अन्य मामलों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। जिसको गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सप्ताह भर के अन्दर शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाकर शिकायत को गंभीरता से लेते हुए निस्तारित कराकर शिकायत कर्ताओं को संतुष्ट किया जाय और सम्बंधित विभागों से निस्तारित करायें गये शिकायत को तहसील कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि दशहरा को मद्देनजर रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखा जाय बारावफात में कही झण्डे लगें हो तो उसे उतरवा दिया जाय। सर्किल के सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि मूर्ति विसर्जन के स्थानों की जांच पड़ताल कर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी जाय। यही नहीं कही कही भूल से तिरंगा झंडा लगा पड़ा हो तो उसे सम्मान उतरवा लिया जाए।इस दौरान तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा अनिरुद्ध पटेल,ईओ अनुज कुमार भारती खंड विकास अधिकारी अतुल त्रिवेदी सहित विभिन्न व्लाकों के खंड विकास अधिकारी,एडिओ पंचायत सहित तहसील स्तरीय अन्य विभागों के अधिकारी, एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने को लेकर शिक्षकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग की गई। बीते शुक्रवार को शिक्षकों ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष बलराम निगम ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम-2009 की धारा-23 में स्पष्ट प्रावधान है कि केंद्र सरकार 25 अगस्त 2010 के बाद प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षक नियुक्ति के लिए न्यूनतम अर्हता के साथ टीईटी उत्तीर्ण होना अनिवार्य करेगी। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश सरकार ने 11 जुलाई 2011 को इसे लागू कर टीईटी को अनिवार्य बना दिया। हालांकि, भारत सरकार के राजपत्र संख्या-34, दिनांक 10 अगस्त 2017 के अनुसार, 31 मार्च 2015 को या उसके बाद नियुक्त शिक्षकों को चार वर्ष के भीतर न्यूनतम अर्हता (टीईटी) अर्जित करनी होगी। अधिनियम 2009 एवं 2017 के संशोधन से स्पष्ट है कि यह प्रावधान उन शिक्षकों पर लागू होता है, जो 25 अगस्त 2010 के पश्चात केंद्रीय सेवा में शिथिलता प्राप्त कर नियुक्त हुए। उत्तर प्रदेश में शिक्षा अधिकार अधिनियम 29 जुलाई 2011 को लागू हुआ, इसलिए 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर टीईटी अनिवार्य नहीं है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के एक सितंबर 2025 के निर्णय से शिक्षकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है, जिससे वे चिंतित और आक्रोशित हैं। संगठन को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ सकता है।

# हर समय सक्रिय रखें सीसीटीवी कैमरे, करें आयोग के निर्देश का पालन : जिलाधिकारी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा ने ईवीएम एवं वीवीपैट के सुरक्षित भंडारण एवं सुरक्षा को लेकर कलक्ट्रेट परिसर स्थित वीवीपैट स्ट्रांग रूम के वेयरहाउस का राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ त्रैमासिक निरीक्षण किया।

उन्होंने सुरक्षा गार्डों की तैनाती, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, विद्युत सुरक्षा, साफ-सफाई आदि का जायजा लिया। कहा कि हर समय सीसीटीवी कैमरे को सक्रिय रखें और आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाए। उन्होंने सबसे पहले कक्ष संख्या 5 में अक्रियाशील ईवीएम को देखा। इसके बाद कक्ष संख्या 6 में अप्रयुक्त ईवीएम को देखा। ईवीएम/वीवीपैट का रखरखाव भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



स्ट्रांग रूम में नियमानुसार ही प्रवेश को अनुमन्य करने को कहा। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, गार्ड की तैनाती, विद्युत इंतजाम, रोस्टरवार कार्मिकों की ड्यूटी आदि को निर्धारित मानकों के अनुसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ईवीएम/वीवीपैट के सुरक्षित भण्डारण एवं सुरक्षा के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी अवगत कराते हुए कहा कि ईवीएम और वीवीपैट का रख रखाव भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी समय-समय पर अवगत कराया जाता है। अगर राजनीतिक दलों को कोई भी संदेह होता है तो तत्काल अवगत कराएं। उनके सभी संदेहों को नियमानुसार दूर किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान अपर उपजिलाधिकारी प्रेम शंकर पांडेय, भाजपा से गौतम तिवारी, कांग्रेस से हृदय नारायण पांडेय, सपा से कुंवर यज्ञदत्त, आप पार्टी से पशुपति नाथ गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पोषण का दैनिक जीवन में बड़ा महत्व : डॉ. राम पाण्डेय

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।**




लाल बहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कॉलेज आनंदनगर, महराजगंज में राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का शुभारंभ गृह विज्ञान विभाग द्वारा किया गया। भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पोषण के विषय में जागरूकता बढ़ाना, आहार पद्धतियों में सुधार करना तथा बच्चों, किशोरों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं सहित कमज़ोर समूहों के बीच कुपोषण से निपटना है। राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम का इस वर्ष की थीम सही भोजन बेहतर जीवन है।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ राम पाण्डेय ने कहा कि पोषण का दैनिक जीवन में बहुत महत्व है।

उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह 2025 में हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और महाविद्यालय में आयोजित हो रहे कार्यक्रमों में सक्रिय होकर स्वस्थ, समृद्ध व विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें।

मुख्य वक्ता के रूप में गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष डॉ.सोनी भट्ट ने दैनिक जीवन में क्या, क्यों, कितना और कैसे पोषक तत्वों का उपयोग करना चाहिए इसके बारे में विस्तृत रुप से चर्चा की। उन्होंने आहार पद्धतियों, पोषण के विषय में जागरुकता, कुपोषण से कैसे बाहर आये इसके बारे में विस्तृत जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। आज जरूरत इस बात की है कि भारतवर्ष का हर बच्चा, हर मां, हर इंसान स्वस्थ हो। क्योंकि स्वास्थ्य ही वह ऐसा धन है कि सब कुछ रहने के बाद भी यदि व्यक्ति स्वस्थ नहीं है तो कुछ भी नहीं रहता। कार्यक्रम का संचालन संस्कृत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. उमेश चंद्र तिवारी ने किया। कार्यक्रम में प्रोफेसर किरन सिंह, डॉक्टर प्रीति यादव, आफ्टर तृप्ति त्रिपाठी, डॉ. शिव प्रताप सिंह, डॉक्टर जितेंद्र प्रसाद, डॉक्टर मनोज कुमार, डॉ. अजीत सिंह, डॉक्टर बृजेश कुमार वर्मा, डॉ.अर्चना दीक्षित, डॉ.अखिलेश मिश्र, डॉ.उमाशंकर शुक्ल, भागीरथी भट्ट सहित महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने पोषण के तौर तारीकों के बारे में पोस्टर प्रदर्शनी लगाकर बताया।

# 22 सितम्बर को पूजा पण्डाल में स्थापित होगी मां दुर्गा की प्रतिमा

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज बाजार स्थित मां दुर्गा मंदिर के पूजा पण्डाल में 22 सितंबर सोमवार को मां दुर्गा के प्रतिमा की स्थापना की जायेगी और 23 सितंबर मंगलवार को सायंकाल 4 बजे कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी और मंगलवार को ही रात्रि में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का शुभारम्भ होगा। उक्त जानकारी नवयुवक बाल समिति ड्रमंडगंज अध्यक्ष सोनू केशरी (शिवसुन्दर) ने दी है। श्रीमद्भागवत महापुराण कथावाचक पूज्य श्री ज्ञानदेव जी महाराज श्रीधाम वृन्दावन से पधार रहे हैं। नौ दिवसीय दुर्गा पूजा और श्रीमद्भागवत महापुराण कथा का आयोजन नवयुवक बाल समिति ड्रमंडगंज द्वारा किया जा रहा है। आयोजन को सफल बनाने के लिए एक सप्ताह पूर्व से ही मां दुर्गा मंदिर के पास विशाल पण्डाल बनाया जा रहा है। नवयुवक बाल समिति के अध्यक्ष सोनू केशरी (शिव सुन्दर), प्रभारी शशांक केशरी, संचालक पिन्टू केशरी (कृष्णदास), कोषाध्यक्ष कृष्ण गोपाल केशरी, संयोजक पप्पू केशरी, शिवम केशरी, अंकित केशरी, ओम चौरसिया की देखरेख में उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगभग एक सौ वालंटियर कार्य करेंगे। विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा के आचार्य पंडित रमाकांत पाण्डेय को दुर्गा पूजा को विधिवत सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।